सूर्योदय : 6:00
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-121 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 08 अक्टूबर 2023

22 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# गाजा में इजराइली बमबारी, 200 की मौत



## हमास ने इजराइल पर दागे 5,000 रॉकेट, 100 मरे

- पैराग्लाइडिंग के जरिए इजरायल में किया प्रवेश
- 17 मिलिट्री कंपाउंड व 4 मिलिट्री हेड्क्वार्टर्स ध्वस्त
- फिलिस्तीन में कंपनी खोलकर बसाए थे यहूदी

**तेल अवीव।** हमास के हमलों के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में उनके 17 मिलिट्री कंपाउंड और 4 मिलिट्री हेडक्वार्टर्स पर हमले का दावा किया है। इसमें अब तक 200 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जबकि 1600 से ज्यादा लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक 1000 से ज्यादा फिलिस्तीनी इजराइल में घुस गए हैं। 1948 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। वहीं, सुबह हमास की तरफ से दागे गए 5 हजार रॉकेट से अब तक 100 इजराइलियों की मौत हुई है और 750 घायल हैं। गाजा स्ट्रिप से हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान किया था। कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा था- ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी। इजराइल में बिगड़ते हालातों के बीच इंडियन एम्बेसी ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा है। साथ ही इजराइल से भारत आने और जाने वाली फ्लाइट्स को रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मुश्किल घड़ी में भारत इजराइल के लोगों के साथ है। हमास ने इजराइल के खिलाफ अपने ऑपरेशन को अल-अक्सा फ्लड नाम दिया है। वहीं इजराइल की सेना ने हमास के खिलाफ स्वॉर्ड्स ऑफ आयरन ऑपरेशन शुरू किया है। यरूशलम पोस्ट के मुताबिक, हमास लड़ाकों ने कई इजराइली कस्बों पर कब्जा कर लिया है।

**भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी**

### दुश्मन को चुकानी होगी कीमतः नेतान्याहू



यरूशलम इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बयान सामने आया है। इसमें उन्होंने कहा कि देश युद्ध में हैं और वह अपने दुश्मन से इसकी कीमत वसूलेगा। हमास एक फिलिस्तीनी विद्रोही गुट है।

### इजरायल के साथ है भारतः मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल पर हमास के हमले पर दुख व्यक्त किया। शोक और प्रार्थना करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### इजराइली बंधक बने

हमास ने दावा किया है कि उन्होंने कई लोगों समेत इजराइली जनरल निमरोद अलोनी को बंधक बना लिया है। बंधकों की संख्या इतनी है कि इनके बदले वो इजराइल की जेल में कैद सभी फिलिस्तीनियों को छुड़वा सकते हैं। इन्हें छुड़ाने के लिए ओफाकिम इलाके में इजराइली फोर्सेस ने एक घर को घेर लिया है।

### कई देशों ने जताया शोक

"यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने इजराइल के खिलाफ हमास के हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा- हम इस जंग में इजराइल के साथ हैं। उन्हें अपनी और अपने नागरिकों की रक्षा करने का हक हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि मैं हमास के हमले से हैरान हूं। इजराइल को अपनी सुरक्षा का पूरा अधिकार है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि दुख की घड़ी में वो हमास के हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के साथ हैं। ईयू की यूरोपियन यूनियन की चीफ उर्सला ने कहा है कि इजराइल को जवाबी कार्रवाई का पूरा हक है। हिंसा को रोकना जरूरी है। अमेरिका की डिफेंस सेक्रेटरी लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि वो इस बात का ध्यान रखेंगे कि इजराइल को अपनी सुरक्षा में किसी तरह की कमी न रहे। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई के एडवाईजर ने कहा है कि हम फिलिस्तीन के इजराइल पर किए अटैक का समर्थन करते हैं। कतर ने इजराइलियों को फिलिस्तीनी लोगों के साथ हिंसा करने का जिम्मेदार ठहराया है।

# एशियाड 2023 में भारत ने कुल 107 मेडल जीते

- जीते 6 गोल्ड
- चेस में सिल्वर के साथ खत्म किया कैंपेन
- क्लोजिंग सेरेमनी आज

**एशियन गेम्स में भारतीय दल का शानदार समापन**



**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स का 14वां दिन भारत के लिए शानदार रहा. भारतीय टीम ने कुल 12 मेडल अपने नाम किया। भारतीय टीम ने तीरंदाजी में दो, कबड्डी में दो, बैडमिंटन में एक और क्रिकेट में गोल्ड मेडल जीता।

वहीं चेस में दो, कुश्ती में एक और तीरंदाजी में एक सिल्वर मेडल अपने नाम किया। महिला हॉकी टीम और तीरंदाजी में भारत को एक ब्रॉन्ज मेडल भी मिला। भारतीय टीम ने 107 मेडल के साथ एशियन गेम्स 2023 में अपना सफर खत्म किया। यह भारत का एशियन गेम्स में सबसे शानदार प्रदर्शन है। भारतीय तीरंदाजों ने शनिवार के दिन का आगाज शानदार अंदाज में 2 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ किया और फिर महिला कबड्डी टीम ने रोमांचक फाइनल में चीनी ताइपे को हराकर भारत की झोली में 100वां मेडल डाल दिया। तीरंदाजी में अदिति ने सबसे पहले ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद बैठक में लिए अहम फैसले, अमित शाह ने कहा

# अंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा भारत

- उत्तराखंड में वन सम्पदा 71 प्रतिशत से अधिक हैः धामी
- देश और दुनिया ने एक नये भारत का दर्शन किया हैः योगी




**देहरादून।** ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में तीनों हॉट स्पॉट जम्मू कश्मीर, नॉर्थ ईस्ट और वामपंथी उग्रवादी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। यूपीए के नौ साल में इन तीनों हॉटस्पॉट में 33200 हिंसक घटनाएं हुई थी। जबकि 2014 से अब तक इन तीनों हॉट स्पॉट में 12358 घटनाएं ही हुई हैं।

एफआरआई में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में शाह ने कहा कि कुल सुरक्षा कर्मियों की मौत 11947 के सापेक्ष एनडीए शासन काल में 3240 ही हुई हैं। आने वाले पांच साल में और काम किए जाएंगे। कहा कि अंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा ठीक किए बिना कोई भी देश विकास नहीं कर सकता। विकास के सारे पैमानों की पहली शर्त है कि कानून और व्यवस्था की स्थिति ठीक हो। वहीं इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में वन सम्पदा 71 प्रतिशत से अधिक है। इसलिए मेरा सुझाव है कि वनों की सुरक्षा में लगे वनकर्मियों को अत्याधुनिक शस्त्र चलाने तथा अर्धसैनिकों की भांति उनको भी ट्रेनिंग की आवश्यकता है। मेरा सुझाव है कि इस पर चिंतन किया जाए।

वहीं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत 09 वर्षों में देश और दुनिया ने एक नये भारत का दर्शन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं। बदलते हुए भारत ने विश्व में अपने सामर्थ्य का परिचय दिया है। अमृत काल के प्रथम वर्ष में दुनिया के 20 बड़े देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता भारत को प्राप्त होना तथा नई दिल्ली में जी-20 समिट का सफल आयोजन इसी श्रृंखला का हिस्सा है। मुख्यमंत्री आज नरेन्द्र नगर, उत्तराखण्ड में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

"सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'टीम इण्डिया' विजन से सहकारी संघवाद की अवधारणा साकार हो रही है। मध्य क्षेत्रीय परिषद सहकारी संघवाद को सुदृढ़ करते हुए प्रधानमंत्री जी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी। सहकारी संघवाद की एक अभिव्यक्ति क्षेत्रीय परिषद भी है।

### अफगानिस्तान में भूकंप के झटके, 14 की मौत

**हेरात।** भूकंप के जोरदार झटके से अफगानिस्तान कांप उठा है। अफगानिस्तान में 6.3 की तीव्रता से जोरदार भूकंप आया है, जिसमें कई लोगों के मरने की आशंका है। समाचार एजेंसी एएफपी ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि अफगानिस्तान के पश्चिमी क्षेत्र में आए भूकंप में कम से कम 14 लोगों की जान चली गई और 78 अन्य घायल हो गए। अधिकारी का कहना है कि ढही हुई इमारतों के नीचे लोगों के दबे होने की खबरों के बीच मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। हेरात प्रांत के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक मोहम्मद तालेब शाहिद ने एएफपी को बताया कि अब तक केंद्रीय अस्पताल में लाए गए शवों के आधार पर मौत का यह आंकड़ा है, लेकिन यह अंतिम आंकड़ा नहीं है. हमें जानकारी है कि लोग मलबे में दबे हुए हैं। दरअसल, नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को आधे घंटे की समय सीमा के भीतर देश में तीन जोरदार भूकंप आए।

### बृजभूषण शरण सिंह ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का कोर्ट में किया खंडन

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को छह महिला पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों का खंडन किया। बृजभूषण शरण सिंह ने आरोपों को झूठा और प्रेरित करार दिया। बृजभूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल के समक्ष अपने वकील के माध्यम से मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने पर बहस शुरू करते हुए यह दावा किया। चचेरी बहन ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ताओं में से एक यौन उत्पीड़न समिति की सदस्य थी और उसने अप्रैल 2023 तक कभी भी 2012 की कथित घटना का खुलासा नहीं किया। वकील ने अदालत को बताया कि पहलवानों नेआरोप इसलिए लगाए गए, क्योंकि वह ओलंपिक 2015 के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं।

# एनसीआर में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बाद दिल्ली सबसे ज्यादा प्रदूषित

- अब घुटने लगा दम
- तीन इलाकों में एक्यूआई 300 के पार




**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने से वायु प्रदूषण का संकट गहराता जा रहा है। शनिवार को भी दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में बरकरार रही है।

एनसीआर के मुकाबले ग्रेटर नोएडा व नोएडा के बाद दिल्ली में हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। शनिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 216 दर्ज किया गया, जोकि खराब श्रेणी में है। शुक्रवार के मुकाबले चार सूचकांक अधिक बढ़ गया है। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहले चरण की बंदिशें लागू हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शनिवार को तीन इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। इसमें सबसे अधिक मुंडका का एक्यूआई 337, शादीपुर का 318 व बवाना का 306 दर्ज किया गया। वहीं, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा सबसे प्रदूषित रहा, यहां एक्यूआई 292 दर्ज किया गया। यह खराब श्रेणी में है। इसके बाद नोएडा का 250, गाजियाबाद में एक्यूआई 210, गुरुग्राम में 172 और फरीदाबाद में 198 दर्ज किया गया। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के अनुसार शनिवार को हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही। इस दौरान हवाओं का रुख उत्तर-पश्चिम व उत्तर दिशा की ओर रहा। हवा चार से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे से गति से चली।

**नई पारी** इमरान मसूद की गोते खाती नैया को मिला किनारा

# इमरान की कांग्रेस में वापसी

- मैंने मायावती को गठबंधन में शामिल होने के लिए समझाया
- अब कब्र में जाने तक कांग्रेस में रहूंगा



**नई दिल्ली।** पूर्व विधायक इमरान मसूद शनिवार को दिल्ली स्थित मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी में दोबारा शामिल हो गए और कहा कि जल्द ही सहारनपुर में पार्टी की एक बड़ी जनसभा बुलाई जाएगी। इस मौके पर पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और यूपी के अध्यक्ष अजय राय मौजूद थे। वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला मसूद का कांग्रेस में स्वागत करते हुए कहा कि यह उनकी घर वापसी है।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मसूद ने कहा कि वह कांग्रेस के सिपाही थे, लेकिन लगभग डेढ़ साल तक पार्टी से दूर रहे, लेकिन अब घर लौट आए हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सराहना करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद देश में बदलाव का युग शुरू हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिलने की उम्मीद है, उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी करेगी। पार्टी में वापसी पर मसूद ने इसे गर्व की बात बताया। मैंने सहारनपुर की जनता से यह पूछा था कि आपने जो मेरा पेंडूलम बना दिया है, अब ये भी आप ही बताएं कि मैं क्या करूं। अब आप कह रहे हो कि मैं कांग्रेस में चला जाऊं। मैंने उनसे वादा लिया कि अब मेरे साथ आप कोई जुल्म न करना और अब मैं मानूंगा नहीं, मैं कांग्रेस में चला तो जाऊंगा लेकिन कब्र तक कांग्रेस में ही रहूंगा। मैं पहले भी कांग्रेस छोड़ना नहीं चाहता था। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का जो स्नेह मेरे प्रति रहा मैं उसका सदैव ऋणी रहूंगा। अब जो भी आगामी कार्यक्रम होंगे वह पार्टी की नीति के अनुसार होंगे। जल्द से जल्द सहारनपुर में पार्टी के बैनर तले एक बड़ी रैली आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा।

"बसपा से अपने निष्कासन पर बोलते हुए मसूद ने कहा, बसपा में मेरी सोच थी कि सभी को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए, मुझे नहीं पता कि बहन जी (मायावती) को किसने किस तरह से समझाया। मैंने सिर्फ इतना कहा था कि यह समय की मांग है। मैंने उनसे (मायावती) कहा कि आपको गठबंधन में आना चाहिए। इस वजह से उन्होंने मुझे निकाल दिया और फिलहाल मैं किसी भी पार्टी में नहीं हूं।


Prof . Shamim Nikhat Memorial Fiction Award Committee
Cordially invites you to grace the occasion of



Dr. Shamim Nikhat Urdu Fiction Award-2023
To be conferred by
Hon'ble Justice Qamar Hasan Rizvi
to Renowned Fiction Writer Mr. Ghazanfar

Waqar Mahdi Rizvi Sahafat Award 2023
Conferred by Jameel Manzar (Editor, Suhail Kolkata)
to Mr. Ahmad Ibrahim Alvi

Lifetime Achievement Award
to Mr. Jameel Manzar, Kolkata

Dr. Shamim Nikhat Memorial Lecture
to be delivered by Renowned Afsana Nigar
Dr. Sabiha Anwar

Presided by : Prof. Abbas Ali Mahdi, Vice Chancellor, Era Medical University, Lucknow
Chief Guest : Mr. Jameel Manzar, Kolkata
Guest of Hounour : Hon'ble Ammar Rizvi, Ex Acting Chief Minister, U.P.
Tassurat : Prof. Mohd. Kazim, Prof. Khan Ahmad Farooq & Prof. Imtiyaz Ahmad
Nizamat : Prof. Abbas Raza Nayyar

SUNDAY, 8TH OCTOBER 2023 (3:00 PM)
VENUE: KAIFI AZMI ACADEMY, NISHATGANJ, LUCKNOW

Sharib Rudaulvi | Karrar Zaidi | Yasmin Anjum | Asim Raza
SHOA FATIMA EDUCATIONAL & CHARITABLE TRUST
C – 95, Sector E, Aliganj, Lucknow. # 9839009226, 9936673292

अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 08 अक्टूबर, 2023



# जिलाधिकारी ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 26, पुलिस 16, विकास 07, नगर निकाय, कृषि 06-06, पूर्ति निरीक्षक व विद्युत 07-07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अपर उप जिलाधिकारी राजीव निगम, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ संदीप सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह,बीएसए प्रवीण तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# उद्यान मंत्री ने हाईटेक वेजिटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन इकाई का किया उद्घाटन





अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र शिवगढ़ (निकट बस स्टॉप शिवगढ़), रायबरेली में ''हाईटेक वेजीटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन इकाई'' का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

उद्यान मंत्री ने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा स्थापित ''हाईटेक वेजिटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन इकाई'' से शाकभाजी के रोग रहित, स्वास्थ्य एवं गुणवत्तायुक्त पौध तैयार किये जायेगें। जिससे अब हर मौसम में सब्जियों के स्वस्थ पौधे आसानी से उपलब्ध होंगे। यह पौधे कृषकों को उद्यान विभाग द्वारा विभागीय दर पर उपलब्ध कराये जायेगें। इजरायल की तर्ज पर जनपद रायबरेली में स्थापित ''हाईटेक वेजीटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन इकाई'' के पौधे उत्पादन बढ़ाने में भी सहायक होंगे। सभी सब्जियों के पौधे रोगरहित रहें और उनकी पैदावार अच्छी रहे, इसके लिए कोकोपिट वर्मी कोलाइड यानि कि नारियल की खाद का प्रयोग होगा। बीज को बोने, खाद को मिलाने के लिए भी मशीनों का ही प्रयोग किया जाएगा। इससे कम समय में ही बेहतर पौध तैयार होगी। पॉली हाउस की तरह ही यह नर्सरी बनने जा रही है जिसमें प्रत्येक मौसम में किसी भी मौसम की सब्जी की पौध तैयार की जाएगी। जिसमें लग रहे सेंसर से तापमान को कंट्रोल किया जाएगा। इस तरह की हाईटेक नर्सरी में हाईब्रिड प्रजाति के टमाटर, बैगन, मिर्च, शिमला मिर्च, फूलगोभी, बंदगोभी, खीरा, लौकी, कद्दू, तरोई, करेला आदि के अतिरिक्त अन्य सब्जियों की पौध तैयार होगी। किसान इन पौध की बुआई करके उत्पादन बढ़ा सकते है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इसी दौरान एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया, जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों के मध्य विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि मंत्री के प्रयास से स्थापित ''हाईटेक वेजिटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन इकाई'' जनपद रायबरेली की प्रगति एवं उन्नति में मील का पत्थर साबित होगी। जिससे जनपद के सभी कृषक लाभान्वित होगें।

## तमाम कोशिशों के बावजूद ग़ैर मान्यता प्राप्त चल रहे विद्यालय

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** तमाम शिकायतों के बावजूद भी शिक्षा विभाग गैर मान्यता के चल रहे विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई करने से गुरेज कर रही है जिससे शिकायतकर्ताओं में निराशा व्याप्त है। प्रकरण शिक्षा क्षेत्र भियांव ब्लॉक का है। प्राथमिक विद्यालय भुजगी, प्राथमिक विद्यालय रकबा, प्राथमिक विद्यालय सरखूपुर व उच्च प्राथमिक विद्यालय सरखूपुर के प्रधानाध्यापकों ने खंड शिक्षा अधिकारी भियांव को लिखित शिकायत करते हुए कहा कि यहां पर एक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नाम से संचालित है जो गैर मान्यता प्राप्त है। इसके खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने की थी परंतु आज तक वह विद्यालय अपनी ही रफ्तार में चल रहा है लेकिन विभाग का कोई अधिकारी इस विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं। उन विद्यालयों के शिक्षकों का कहना है कि इस विद्यालय के संचालन से हमारे विद्यालयों में नामांकन व छात्र संख्या पूर्णता प्रभावित हो रही है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी भियांव से दूरभाष से बात करना चाहा तो उनके द्वारा फोन को रिसीव नहीं किया गया।

## नहर के किनारे लोगों ने देखा मगरमच्छ



**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** लीला कुआं के पास स्थित मऊ दाउदपुर में नहर के किनारे लोगों ने देखा मगरमच्छ मगरमच्छ देखने के बाद वन विभाग को दी सूचना मौके पर पहुंचे पुलिस व वन विभाग की टीम।

## दो किलो 300 ग्राम अवैध चरस बरामद दो अभियुक्तगणो को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** थाना पढ़ुआ पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण सदरुद्दीन उर्फ सदरु पुत्र फैप्याज निवासी ग्राम पठाननपुरवा थाना पढ़ुआ जनपद खीरी (हिस्ट्रीशीटर) हसीब उर्फ जुल्ला पुत्र हनीफ नि0 ग्राम पठाननपुरवा थाना पढ़ुआ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक प्लास्टिक के थैले में कुल 2 किलो 300 ग्राम अवैध चरस बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त सदरुद्दीन उर्फ सदरु उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 135/2023 धारा 8/20 NDPS ACT व हसीब उर्फ जुल्ला उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 136/2023 धारा 8/20 NDPS ACT के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

## खड़ी ट्रॉली में जा घुसी बाइक, युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** मैलानी थाना क्षेत्र में बांकेगंज-गोला रोड पर खुशहालपुर गांव के पास सड़क पर खड़ी ट्रॉली में बाइक जा घुसी हादसे में बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया शुक्रवार की रात करीब 10 बजे बांकेगंज गोला रोड पर कुकरा गांव निवासी राजेंद्र उर्फ लंबू का 28 वर्षीय पुत्र सोनू उर्फ सुरेंद्र अपने साथी रोहित के साथ बाइक पर सवार होकर गोला से कुकरा आ रहा था। इस बीच बांकेगंज-गोला रोड पर खुशहालपुर गांव के पास सड़क पर खड़ी ट्रॉली में उनकी बाइक जा घुसी। ट्रॉली से टकराने से बाइक चला रहे सोनू की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। खुशहालपुर गांव के लोगों ने हादसे की सूचना बांकेगंज चौकी पुलिस के साथ ही एंबुलेंस को दी। पुलिस एंबुलेंस से दोनों युवकों को गोला सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टर ने सोनू को मृत घोषित कर दिया रोहित की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोनू बरेली में मेहनत मजदूरी करता था। छुट्टी लेकर अपने गांव कुकरा आया था। उसकी मौत से उसके नेत्रहीन पिता, पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## अपना दल एस ने की बैठक



**सीतापुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को अपना दल एस की समीक्षा बैठक की। बैठक नवीन चौक पर जिला अध्यक्ष व्यापार मंच धर्मेंद्र मिश्रा के निवास पर की गई। कार्यक्रम के दौरान सितंबर माह के कार्य शैली व दल के विस्तार पहलुओं पर समीक्षा की गई। पार्टी का वृहद आकार देने हेतु नए सदस्यो को जोड़ने तथा विधानसभा क्षेत्र स्तर पर वृहद बैठक कर समीक्षा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकश पटेल जिला अध्यक्ष अपना दल एस ने की। संचालन एसए पटेल जिला महासचिव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक पटेल, विशिष्ट अतिथि अमर सिंह पटेल, पूजा वर्मा, आरपी गौतम, धर्मेन्द्र मिश्रा, नीरज चौधरी, धर्मेन्द्र वर्मा, भीष्म विश्वकर्मा, राजू राजवंशी, छैल बिहारी वर्मा, दिव्यांश वर्मा, राजेश वर्मा, अंशुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दुकान में चोरी करने में दो गिरफ्तार



**सीतापुर अवधनामा संवाददाता।** रेउसा थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का राजफाश किया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। रेउसा थाना पुलिस टीम ने चेकिंग के रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम सेवता निवासी सूरज पुत्र मेवालाल, संदीप पुत्र दिनेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 24,900 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि गत 29 सितंबर को ग्राम सेवता स्थित दुकान से रुपये चोरी कर लिए थे। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## धर्म रक्षा के लिए प्रभु लेते हैं अवतार

**सीतापुर अवधनामा संवाददाता।** महोली विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बसवै में चल



रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का सुंदर वर्णन किया। श्रोता कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान जब भी पृथ्वी पर अवतार लेते हैं, तब तीन कारण होते हैं। पहला कारण संतों की रक्षा करना है। दूसरा कारण धर्म की स्थापना करना है। तीसरा कारण समाज की रक्षा करना है। उन्होंने धर्म मार्ग पर चलने वाले मनुष्यों को बताया कि ईश्वर सर्वव्यापी है। वह सब कुछ जानता है। मनुष्य को अपने कर्मों का फल अवश्य ही मिलता है। इसी के साथ इस सत्र की कथा का समापन विशाल आरती और प्रसाद वितरण के साथ किया गया। कथा के दौरान पंडाल में काफी भीड़ रही।

## ख्वाजा मोहम्मद नबी रजा शाह का पांच दिवसीय सालाना उर्स आज

**लखनऊ।** ख्वाजा मोहम्मद नबी रजा शाह दादा मियां का पांच दिवसीय 116वां सालाना उर्स रविवार से माल एवेन्यू स्थित मजार पर शुरू होगा। मजार के सज्जादानशीन सबाहत हसन शाह ने बताया कि उर्स के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में खानकाहों के सज्जादानशीनों के साथ ही जायरीन शामिल होंगे। माल एवेन्यू स्थित मजार पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए सबाहत हसन शाह ने बताया कि रविवार से शुरू होकर गुरुवार तक आयोजित होने वाले उर्स में जिक्र, मीलाद शरीफ, तरही मुशायरा, हल्क-ए-जिक्र, महफिले समां, रंगे महफिल, गुस्ल, संदल के कार्यक्रमों के साथ ही सेमिनार आयोजित होगा। हुसूले मारफत और शाहे रजा उनवान से आयोजित होने वाले सेमिनार में मुख्य रूप से नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ख्वाजा मोहम्मद इकरामुद्दीन उपस्थित रहेंगे। सेमिनार में दादा मियां की जिंदगी पर रोशनी डालने के साथ ही उनके बताए, प्यार-मोहब्बत, आपसी भाईचारे और हमदर्दी के रास्ते पर चलने का आह्वान किया जाएगा।

# 150 मकातिब के कायम करने का किया गया इरादा

अवधनामा संवाददाता



**मोहम्मदी-खीरी।** दीनी तालीमी बोर्ड जमीयत उलेमा हिंद के बैनर तले जमीयत उलेमा जिला लखीमपुर के यूनिट के कस्बा मोहम्मदी के मन्नत मैरिज लॉन में जिमेदार लोगो ने मदारी से इस्लामिया वी तबलीगी जमात और हरकी ने जमीयत पर मुस्तमील एक अहम इजलास जैर सदारत हजरत मौलाना इस्लाम उल हक असजद सदर जमीयत उलेमा बस्ती जोन उत्तर प्रदेश मुनाकित किया गया जिसमें मेहमान खुसूसी हजरत मौलाना मुफ्ती सैयद मोहम्मद अफ्फान साहब मंसूरपुरी सदर दीनी तालीमी बोर्ड जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश और दिल्ली मरकज से हजरत मौलाना मोहम्मद शोएब साहब कासमी ऑर्गेनाइजर दीनी तालीमी बोर्ड जमीयत उलेमा हिंद और जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश के नायब सदर प्रोफेसर सैयद नौमान साहब ने बात की उसके बाद मौलाना शोएब साहब ने प्रोजेक्टर के जरिए अपना प्रोग्राम पेश किया उसके बाद जिले की तमाम तहसीलों के जिम्मेदारान तशरीफ़ लाए जिम्मेदारान ने अपने अपने इलाकों में दीनी मकातिब के कायम करने के वादे और इरादे किया तकरीबन 150 मकातिब के कायम करने का इरादा किया गया और मदरसा वालों ने 11 लोगो जिले की निगरानी का वादा किया। उसके बाद जिला जमीयत के जनरल सेक्रेटरी ने मुक्तसर रिपोर्ट पेश की उसके बाद मौलाना इस्लाम उल हक असजद साहब ने मुक्तसर तौर पर मकतब के कायम करने पर तवज्जो दिलाई आखिर में मेहमान खास का बयान हुआ निजामत मौलाना सलीम साहब मुफ्ती अब्दुल हक साहब और मौलाना उबेद अख्तर, मौलाना तारीक, मौलाना अखलद, मौलाना अंजर, पप्पू हाफिज सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी फरियाद



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी की अध्यक्षता में लालगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायतकर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# थाना प्रभारी सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** पिसावां क्षेत्र मे शांति व शौहार्द कायम रखने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने पिसावां थाना प्रभारी को सम्मानित किया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड पिसावां के सदस्यों ने थाना प्रभारी को श्रीमदभागवत गीता व श्री रामचरित मानष भेंट की।

विश्व हिंदू परिषदबजरंग दल प्रंखड पिसावां के कुमुद चौहान, अजीत सिंह जितेंद्र सिंह, रवि त्रिवेदी, शिवम अर्कवंशी, राम जी कश्यप आदि ने थाना प्रभारी की के कार्य की सराहना की। विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने बताया कि श्रीमद भागवत गीता मे भगवान श्री कृष्ण द्वारा शांति का संदेश दिया गया है।

उन्होंने बताया कि बीते दिनों बरगावां मे नयी परम्परा की शुरुआत होने जा रही थी। एक वर्ग विशेष के लोग बैंण्ड बाजा के साथ जुलूस निकालने की तैयारी कर रहे थे। सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होने नयी परमपरा की शुरुआत को रोका और शांति व्यवस्था बनाए रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था व अमन चैन कायम है।

# डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अर्चना शिरोमणि पीएचडी की उपाधि से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**गौतम बुद्धनगर।** अंतराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश रविन्द्र शुक्ला जी की अध्यक्षता में गलगोटिया विश्वविद्यालय के सभागार में शैक्षिक कार्यशाला एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 150 शिक्षकों का श्रीफल सम्मान किया गया एवं ड्रेसकोड में 21 शिक्षकाओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शैक्षिक कार्यशाला एवं शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश डा रविन्द्र शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो0 वाइस चांसलर डा अवधेश कुमार, कुलसचिव डा नितिन कुमार गौड, डा0 राजेश शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अर्चना शिरोमणि को पीएचडी की उपाधि से एवं प्रो0 वाइस चांसलर डा0 अवधेश कुमार डी0 लिट0 उपाधि से सम्मानित किया गया। सभी के लिए यह पल बहुत ही गौरवांवित रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा0 रविंद्र शुक्ला द्वारा शिक्षक दिवस की सभी को बधाई देते हुए भारतीय संस्कृति, वैदिक शिक्षा एवं भारतीय साहित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में मानवीय मूल्यों का संर्वधन होना चाहिए। उन्होंने गीत और साहित्य के माध्यम से विस्तार से समझाया कि धीरे-धीरे, धीरे-धीरे, धीरे-धीरे सब कुछ होता है। माली सीचे सौ गढा ऋतु आये फल होय। उन्होंने कहा कि वसुधेव कुटुम्बकम ये हमारी भारतीय परम्परा है, जिसका सभी को निर्वहन करना चाहिए। प्रो0 वाइस चांसलर डा0 अवधेश कुमार ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में भारतीय मूल्यों और शैक्षिक पठन-पाठन पाठ्यक्रम का विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया गया है। कुलसचिव डा0 नितिन कुमार गौड ने विश्वविद्यालय में आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए डा राजेश शर्मा ने कहा शिक्षक राष्ट का निर्माता है। हमें अपने मूल्यों में नित नये सुधार की आवश्यकता है।

## प्रदेश उपाध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष साहनी शनिवार को सीतापुर पहुंचे। इस दौरान शहर की सीमा खैराबाद चुंगी पर भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। फूल मालाएं पहनाकर जोरदार नारेबाजी की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ से अपने गृह जनपद लखीमपुर जा रहे थे। इसी दौरान सीतापुर में उनका स्वागत किया गया। इस पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार किसानों के उत्थान पर ध्यान दे रही है। किसानों की आय दोगुनी करने पर जोर दिया जा रहा है। यही वजह है कि सहकारिता क्षेत्र में तमाम योजनाएं निकाली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयास मील के पत्थर साबित होंगे। इस मौके पर भाजपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा भाजयुमों जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने फूल माला पहनाकर प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष साहनी का स्वागत किया। इस मौके पर अंशु मिश्रा, उत्तम पांडेय, अविरल अवस्थी, अंबुज पांडे, उमेश गुप्ता, विवेक विश्वकर्मा, अंकुर तिवारी, दिवाकर शुक्ला, देश त्रिपाठी, राज बघेल, दया मिश्रा, सुभाष यादव, अभिषेक मिश्रा प्रणीत सिंह, अखिलेश शर्मा, दीपिका अरोड़ा, सोनू सिंह, दीपक शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, राजा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनी शिकायते

## जिले की सभी तहसीलों में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारित स्थानीय स्तर पर करने के लिए शनिवार को जिले की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं, उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। इस मौके पर एसपी चक्रेश मिश्र ने भी शिकायतों को सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी राम भरत तिवारी आदि मौजूद रहे। तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 69 शिकायतें आई। इनमें से 8 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार से तहसील सिधौली में प्राप्त 93 प्रार्थना पत्रों में से 9, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 62 प्रार्थना पत्रों में से 6, तहसील लहरपुर में प्राप्त 62 प्रार्थना पत्रों में से 7, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 40 प्रार्थना पत्रों में से 8, तहसील महोली में प्राप्त 46 प्रार्थना पत्रों में से 1, तहसील बिसवां में प्राप्त 86 प्रार्थना-पत्रों में से 8 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# गोल्डन कार्ड समीक्षा ग्रुप से लेफ्ट हो गयी आशा कार्यकत्री

अवधनामा संवाददाता




**महराजगंज, रायबरेली।** उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ केंद्र महराजगंज क्षेत्र के अंतर्गत कार्यरत एक आशा कार्यकत्री द्वारा शासन के निर्देशों का उल्लंघन करते हुऐ गोल्डन कार्ड बनाने की समीक्षा हेतू बनाएं गए एक ग्रुप से लेफ्ट होकर लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। इतना नही नही फोन करने पर आशापुत्र ने फोन उठाया और अकड़ते हुए बोला नही चलाएंग ग्रुप इस पर अधीक्षक डॉ एस पी सिंह ने मामले को संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से आशा का एक माह का मानदेय रोक दिया गया है। जिससे आशाओं में हड़कंप मच गया।

शासन की प्रमुखताओं वाले आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्रों के गोल्डन कार्ड बनाने में तेजी लाने की जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ताओं को सौंप दी गई है। इसी के तहत गोल्डन कार्ड की समीक्षा हेतु मुख्य रूप से एक ग्रुप बनाया गया है, जिसमें नगर पंचायत, कोटेदार, पंचायत सहायक, स्वास्थ्य विभाग तथा आशा और एएनएम समेत 200 से ज्यादा लोग जुड़े हुए हैं। इस ग्रुप के माध्यम से क्षेत्र में गोल्डन कार्ड बनाने हेतु काम कर रहे लोगों की समीक्षा की जाती है। उनका लोकेशन लिया जाता है। यदि कार्य लेट हो रहा है तो उनकी गतिविधियों में तेजी लाने के लिए इसी ग्रुप के माध्यम से उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जाते हैं। अधीक्षक ने बताया कि हसनपुर गांव की रहने वाली आशा कार्यकत्री शिवरती मौर्या ने शासन के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए ग्रुप से लेफ्ट हो गई है। इतना ही कोई संवेदना भी नही व्यक्त की। अतः इनका एक माह का मानदेय रोक दिया गया है। आपको यह भी बता दे कि शासन के प्रमुखताओं वाले आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आशाओं को प्रतिदिन 10 कार्ड बनाने हेतु जिम्मेदारी दी गई है इसके लिए उन्हें प्रति कार्ड 3 प्रोत्साहन के रूप में भी प्रदान किए जाएंगे।

# विकास खण्ड खुनियांवः फूलमाला, तिरंगा व देश भक्ति नारों के साथ गावों से निकला मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा

एजाज़ सिद्दीक़ी






**बीडीओ ने दिलाया शपथ, अमृत कलश प्राप्त करके किया संरक्षित**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** शनिवार को विकासखंड खुनियांव के प्रत्येक ग्राम पंचायत से मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा का आयोजन खंड विकास अधिकारी के निर्देशन वह सचिवगण व प्रधानों के देखरेख में बड़े ही धूमधाम फूल माला, तिरंगा व देश भक्ति नारों के साथ निकाला गया। 3 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत से अक्षत और माटी का कलश लेकर सैकड़ो ग्रामीण देशभक्ति गीत बजते हुए एक रैली निकालकर देश के वीर सपूतों और निर्माण कर्ताओं का स्मरण करते हुए कलश यात्रा विकास खंड खुनियांव पर पहुंची।

विकास खंड पर ब्लाक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार शुक्ल, प्रभारी एडीओ पंचायत विकास चौधरी, सचिव सुजीत कुमार जायसवाल व अन्य कर्मचारियों अधिकारियों तथा विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अमृत कलश प्राप्त करके संरक्षित किया गया। बीडीओ राकेश शुक्ला ने कहा कि यह अमृत कलश ब्लॉक से जनपद होते हुए दिल्ली भेज दिया जाएगा जहां विकसित होने वाले उद्यान के लिए इसका इस्तेमाल किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि गांव के सामान्य व्यक्ति को देश की माटी का महत्व बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है भारत के वीर सपूतों को आजादी के मौके पर याद करना तथा उनकी स्मृति में अमृत सरोवरों के नजदीक ग्राम पंचायतों में शिलाफलकम स्थापित करना है। प्रभारी एडीओ पंचायत विकास चौधरी व सचिव सुजीत जायसवाल ने कहा कि इस अभियान के तहत देशभर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है संपूर्ण देश के हर कोने से एकत्रित की गई मिट्टी को लेकर कलश देश की राजधानी पहुंचेगा। जिसे राष्टीय युद्ध स्मारक के पास मिट्टी और पौधों को मिलाकर अमृत वाटिका बनाई जाएगी मिट्टी का नमन और वीरों वंदन। इस यात्रा में सचिव पीयूष पाण्डेय, सचिव अतुल सिंह, सचिव, मो तारिक, सचिव वीरेंन्द्र कुमार, सचिव यशवंत यादव, सचिव सईदुल्लाह, सचिव राकेश पाठक, सचिव हरेन्द्र नाथ पाण्डेय, आपरेटर कमलेश,व ग्राम पंचायत सोनौली नानकार के प्रधान तेज प्रताप जायसवाल, ग्राम पंचायत गौरा के प्रधान प्रतिनिधि इकबाल हुसैन, ग्राम पंचायत होरिलापुर के प्रधान अजहर, रवि गुप्ता, अकबर अली, घनश्याम गुप्ता आदि प्रधान सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## 170 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** अमृतपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा की गई। जिसमें कुल 170 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें 18 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि राजस्व विभाग के 70, पुलिस विभाग के 25, विकास विभाग के 40, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 5 व अन्य मामलों से संबंधित 30 मामले थे। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा मामलों को गंभीरता से लेते हुए समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि समस्त प्रार्थना पत्रों को 7 दिन के अंदर निस्तारित करें। प्रार्थना पत्रों को निस्तारण करने में कोई लापरवाही न बरते। इंद्रपाल सिंह पुत्र फुल्लू सिंह निवासी उधरनपुर लीलापुर ने साधन सहकारी समिति अमृतपुर पर तैनात सचिव द्वारा अभद्रता पूर्वक वार्तालाप करने के संबंध में अमृतपुर ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी द्वारा सफाई कर्मचारी के अनुपस्थित होने के संबंध में उप जिलाधिकारी अमृतपुर को लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया।

# पुलिस की अंतर्जनपदीय बदमाशों से मुठभेड़

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जालौन में शुक्रवार की देर रात चोरी की योजना बना रहे सात अंतर्जनपदीय बदमाशों से कुठौंद, एसओजी, सर्विलांस और जालौन पुलिस टीम की मुठभेड हो गई। इस मुठभेड में दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक बदमाश को गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया, जबकि 6 ने एनकाउंटर के डर से पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दिया। वहीं गोली लगने से घायल बदमाश को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इस दौरान बदमाशों के पास से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी बरामद की है, जिसकी बीते दिनों इन बदमाशों ने चोरी की थी। इसके अलावा तमंचा और कारतूस भी बरामद किये हैं।

इस मुठभेड़ के बारे में अवगत कराते हुए जालौन के सीओ रविंद्र कुमार गौतम ने बताया कि बीते दिनों इलाके में कई घरों में चोरी की घटनाएं बदमाशों द्वारा अंजाम दी जा रही थी, जिसके खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा द्वारा एसओजी, सर्विलांस, जालौन तथा कुठौंद पुलिस को लगाया गया था। शुक्रवार देर रात मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ बदमाश चोरी की योजना बना रहे हैं। साथ ही बीते दिनों अलग-अलग गांव से चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान चोरी की गई धनराशि और जेवरात का बंटवारा कर रहे हैं। इस सूचना पर एसओजी, सर्विलांस, कुठौंद तथा जालौन पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर के बताये गये कुठौंद इलाके में घेराबंदी की। इस दौरान चोरों ने पुलिस टीम को चारों तरफ से घेरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिसे देखते हुए पुलिस टीमों ने अपना बचाव करते हुए चोरों पर जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक चोर के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। जिसे देख अन्य बदमाशों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उन सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया और घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान पुलिस को मौके से 1 लाख 88 हजार 415 रुपए, 33 जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी का कमर गुच्छा, एक जोड़ी सोने की झुमकी, तीन सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, 3 घंटा पीतल के, दो पीतल के पंछी दीपक, 92 पीस चांदी के बिछुआ, तीन चांदी की कमर करधनी, 13 चांदी के खड्डुआ, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, 1 सोने के मंगलसूत्र, 6 सोने की नाक की बाली, एक पीतल का घड़ा बरामद किया। इसके अलावा बदमाशों के पास से तमंचा और कारतूस भी मिले।

सीओ रविंद्र कुमार गौतम ने बताया कि पुलिस ने इस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल मुजाम उर्फ निजाम पुत्र शराफत निवासी अजनारी उरई, शमशाद पुत्र बड़ेलाल उर्फ मटरू निवासी ग्राम मटिया मऊ, अकबरपुर कानपुर देहात, फरमान पुत्र मजीद खान निवासी ग्राम रालेबजाह थाना कोखराज कौशांबी, जितेंद्र राजपूत उर्फ बौरा, पुत्र माखन सिंह निवासी महावीरपुरा दंगल के पास उरई, विकास यादव पुत्र नरेश यादव निवासी जैसारी खुर्द, थाना डकोर जालौन, चांद बाबू पुत्र मटरु उर्फ बड़ेलाल निवासी ग्राम मटिया मऊ थाना अकबरपुर कानपुर देहात तथा तस्लीम पुत्र यासीन निवासी अजनारी थाना कोतवाली उरई को गिरफ्तार किया है।

# निराश्रित गौवंशों के कारण किसानों को असुविधा न हो




**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने तहसील प्रांगण घिरोर से फसल अवशेष खेतों में न जलाने के उद्देश्य से जन-जागरूकता हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुये किसानों का आव्हान किया कि किसान बन्धु खेतों में फसल अवशेष किसी दशा में न जलायें, फसल अवशेष जलाने से तमाम दुष्परिणाम सामने आते हैं, फसल अवशेष जलाने को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा-24 एवं 26 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध घोषित किया है, पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु दंड स्वरूप 02 एकड़ से कम क्षेत्र पर रू. 2500, 05 एकड़ तक के क्षेत्र के लिए रू. 05 हजार, 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए रू. 15 हजार प्रति घटना का प्राविधान किया गया है, पराली जलाने की पुनरावृत्ति करने पर कारावास एवं अर्थदंड दोनों का प्राविधान है। उन्होने कहा कि खेतों में फसल अवशेष जलाने से खेत और पर्यावरण दोनों का नुकसान होता है, खेत में मौजूद कीटमित्र मरते हैं, फसलों की पैदावार में भी कमी होती है, जमीन में लाभदायक जीवाणुओं की क्रियाशीलता कम हो जाती है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्साधिकारियों से कहा कि अभी भी कुछ निराश्रित गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं, अभियान चलाकर इन निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित किया जाए।

# भूमि सम्बधी विवादों को लंबित न रखा जाएः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**पुलिस, राजस्व कर्मी मौके पर जाकर जमीनी विवादों को प्राथमिकता पर निस्तारित करायेंः जिलाधिकारी**

**गरीब, कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को कोई दबंग न सताए, संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों को आसानी से मिले**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील घिरोर में जन-शिकायतें सुनने के दौरान पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को किसी भी दशा में लंबित न रखा जाए, तत्काल पुलिस, राजस्व की टीम गठित कर मौके पर भेज कर समस्या का निदान कराया जाए, भूमि की पैमाइश करते समय, अनाधिकृत कब्जे हटाते समय जी.पी.एस. से फोटो लिये जाएं, समस्या का निदान करने के पश्चात 02 स्वतंत्र गवाहों के कृत कार्यवाही पर हस्ताक्षर कराए जाएं साथ ही शिकायतकर्ता के भी हस्ताक्षर लिए जाएं।

उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों को निपटाने के लिए प्रत्येक थाने पर 01 उप निरीक्षक, 02 कांस्टेबल नामित किये गए हैं, जो तत्काल लेखपाल, राजस्व निरीक्षक के साथ मौके पर जाकर जमीनी विवादों को निपटाएंगे। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक लेखपाल अपने-अपने हल्के का भूमि विवाद संबंधी रजिस्टर अगले 48 घंटे में बनाना सुनिश्चित करें, तहसीलदार, उप जिलाधिकारी अपनी तहसील के 10 बड़े भूमि विवादों को चिन्हित कर सूची तैयार कर स्वयं पुलिस के साथ मौके पर जाकर उनका निपटारा करायें, किसी भी तहसील में किसी भी दशा में कोई भूमि संबंधी विवाद लंबित न रहे, भूमि विवाद के कारण कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित न हो यदि भूमि विवाद के कारण कोई घटना घटित हुयी तो संबंधित की जिम्मेदारी तय कर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में निर्धारित समय में बैठकर लोगों की व्यथा सुनें, उनकी समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता पर निदान करें, किसी भी पीड़ित व्यक्ति को अपनी समस्या के निराकरण के लिए कार्यालय के बार-बार चक्कर न लगाने पड़े, विभिन्न विभागों में संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्ति को मिले। उन्होंने लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों, तहसीलदारों, उप जिलाधिकारी, थानाध्यक्षों से कहा कि प्रतिदिन क्षेत्र का भ्रमण करें, भ्रमण के दौरान गांव के लोगों से संवाद स्थापित कर फीडबैक प्राप्त करें, विशेष तौर पर कमजोर वर्ग के लोगों के यहां जाकर उनसे संवाद करें, निरंतर संवाद के कारण तमाम समस्याओं का समाधान स्वतः ही होगा, सरकारी तंत्र लोगों का दुख-दर्द कम करने की दिशा में कार्य करें। उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा शिकायतों का गुणवत्तापरक निराकरण नहीं किया जा रहा है, शिकायत का निराकरण करने के पश्चात शिकायतकर्ता से वार्ता भी नहीं की जा रही है, जिस कारण शासन स्तर से बड़ी संख्या में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले से निर्धारित समय सीमा में शिकायतों के निस्तारण में तेजी आई है, डिफाल्टर की श्रेणी में जनपद में काफी कम शिकायतें हैं लेकिन शिकायतों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

## स्नेहकल्पम पुस्तक का विमोचन आयुर्वेदाचार्यों ने किया

**फर्रुखाबाद।** मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल में चल रही दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ. जॉली सक्सेना एवं रसशास्त्र विभाग के रीडर डॉ. शिवओम दीक्षित द्वारा लिखित पुस्तक ''स्नेहकल्पम'' का विमोचन विदेशी आयुर्वेदाचार्यों द्वारा किया गया। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा में प्रयुक्त होने वाले घृत एवं तैलो को बनाने एवं उनके प्रयोग विधि के अलावा उसके मानक एवं सम्बन्धित रोगों तथा उनकी उपचार विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। स्नेहकल्पम का विमोचन इटली के प्रोफेसर अमादियो बियांची, पर्थ आस्ट्रेलिया की प्रो. कैरीन गुन्थोर, प्रो. जीन पॉल, डॉ. संजीव कुमार, डॉ शिशिर प्रसाद, डॉ. मनोज मिश्रा, महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, निदेशक डॉ. अनीता रंजन द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, डीन डॉ देबाशीश बिस्वाल, डॉ. वीएस यादव, डॉ वीएम गुप्ता, डॉ. अंकुर सक्सेना, डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# किसी भी शिकायत को अकारण लंबित न रखा जाएः जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कैम्प कार्यालय पर जन-शिकायतें सुनने के उपरांत कहा कि जन-शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी जन-शिकायतों के निस्तारण के प्रति गंभीर रहें, किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए, किसी भी शिकायत को अकारण लंबित न रखा जाए, सक्षम स्तर से शिकायत का संज्ञान लेकर निस्तारित किया जाए ताकि फरियादी को राहत मिले और जन-सुनवाई पर उसका विश्वास बना रहे। उन्होने कहा कि सरकारी अधिकारी, कर्मचारी आमजन को राहत प्रदान करने की दिशा में कार्य करें, आमजन का शोषण करने वाले प्रत्येक दशा में दंडित हों, अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर संचालित लाभार्थीपरक, जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं, प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिले, कोई भी अपात्र व्यक्ति लाभान्वित न हो सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि दबंगई, गुंडई, शासकीय कार्य में व्यवधान डालने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हो, कहीं भी तालाब, चकरोड, चारागाह, शमशान, खाद के गड्ढों पर अनाधिकृत कब्जा न रहे, जहां भी सरकारी भूमि पर अनाधिकृत कब्जे हैं, उन्हें तत्काल हटवाया जाए। उन्होने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए केंद्र-प्रदेश सरकार ने तमाम जन-कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं, संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी अधिकारियों, कर्मचारियों की है, अधिकारी, कर्मचारी सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ पाने में कोई कठिनाई न हो।

## ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के अंदौली पुलिया गेस्ट हाउस के समीप एक ट्रक ने बाइक चालक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गाँव निवासी स्व. अजय सिंह का 32 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार बाइक पर सवार होकर किसी काम से शहर आया था। शहर से वापस जाते समय बीती रात राधा नगर के अन्दौली पुलिया के गेस्ट हाउस के समीप ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई दिलीप कुमार ने घटना की जानकारी दिया।

# टीम भावना से जमीनी विवादों को करायें हलः जिलाधिकारी



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** सदर तहसील के सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी सी. इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। जिसमें जिला कृषि अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के अनुपस्थित रहने पर चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश सम्बंधित को दिए। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को बड़े ही सरल एवं सहज भाव से सुना। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन के मंशानुरूप प्राप्त शिकायतों को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। भूमि संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर टीम भावना से विवादित जमीन वाले प्रकरणों का हल कराया जाये। इसमें किसी प्रकार का पक्षपात न किया जाये। कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गंभीरता से सुनें।

## नवविवाहित की मौत, पुलिस से शिकायत

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र की सीएचसी में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसकी शिकायत मृतिका के मायके वालों ने स्थानीय पुलिस से की तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज पति को हिरासत में लेकर पूछतांछ कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बुड़ैला मजरे पिपौरी गाँव निवासी अनूप कुमार उमराव की 21 वर्षीय पत्नी पूनम की इलाज के दौरान बिंदकी सीएचसी में हुई मौत। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के मामा कमल राज पटेल ने बताया कि मृतका की शादी 5 मई 2023 को हुई थी। मृतका की बहन विभा पटेल ने बताया कि तीन चार दिन पूर्व बहनोई ने हमारी बहन का मोबाइल तोड़ दिया था। उसने विरोध किया तो उसको बहुत मारापीटा जिससे उसको अंदरूनी चोट आ गई थी। उसको इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी में भर्ती किया गया

**न्यायालय सूचना**

इत्तलानामा बाबत कार्यवाही अंतर्गत हस्ब दफा 5(क)(1) सो0 रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 ई.) न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संख्या 177 सन 2023 मदरसा जिया उल कुरान सोसायटी ग्राम टपरी कलां जिला सहारनपुर द्वारा अध्यक्ष मौ. इरफान पुत्र मौ. इलयास निवासी ग्राम टपरी कलां छोटी मस्जिद के सामने,जिला सहारनपुर. आवेदक.... बनाम...1.. अहसान पुत्र हनीफ निवासी ग्राम टपरी कलां जिला सहारनपुर, सचिव, मदरसा जिया उल कुरान सोसायटी ग्राम टपरी कलां जिला सहारनपुर 2.आम जनता (विपक्षी) इत्तिला दी जाती है कि दरखास्त बगर्ज इजजात वैय बाबत जायदाद निम्न मिलकियती मदरसा जिया उल कुरान सोसायटी, आवेदक मजकूर ने गुजारी है। लिहाजा यह इत्तलानामा बमुराव इजहार उजरदारान और दर पेशी मुकदमा बता अययून दि.3 माह 10 सन 2023 जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निस्ब दरख्वास्त के उज़र हो तो मियाद मुकर्रर असालतन या वकालतन कब्ल अज 10बजे सुबह के इस न्यायालय में हाजिर होकर अपना उजर पेश करे, करावे, दरसूरत इन्कजाय मियाद मजकूर फि उजर आपका या किसी का सुना न जायेगा और हुकम मुनासिब निस्बत दरख्वास्त के सादिर होगा.विवरण सम्पत्ति हकूक संक्रमणीय भूमिधरी खाता संख्या 00276 खसरा नम्बर 405 कुल क्षेत्रफल 0.4690 हैक्टेयर में से सोसायटी का कुल अंश क्षेत्रफल 0.1564 हैक्टेयर भाग है वाके ग्राम बेलडा जुनारदार अहत्तमाल प. हरोड़ा, तह. व जि. सहारनपुर दि. 8 माह 9 सन् 2023 को मेरे हस्ता. व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**ज़िला जजी सहारनपुर**

**न्यायालय सूचना**

श्रीमान सिविल जज जू. डिविजन नगर सहारनपुर मुकदमा नम्बर-489 सन 2022 दिलशाद पुत्र याद मौहम्मद नि. मौहल्ला बडीतरफ भुस वाली मस्जिद के पास शेखपुरा कदीम परगना तहसील व जिला सहारनपुर - वादी....बनाम......श्री गुलबहार पुत्र शमशाद निवासी ग्राम शेखपुरा कदीम प. तह. व जिला सहारनपुर (प्रति.) हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि.1 माह।। सन 2023 वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील कि जो मुकदमा के हालात से वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्श हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुर्करर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने सभी गवाह दस्तावेज़ जो जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें इत्तला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 28 माह 9 सन 2023 ई0 जारी किया गया।

**आज्ञा से मुसरिम**

# समय की रफ्तार को पहचानकर आगे बढ़ने का मंत्र दे गये सपा प्रदेश अध्यक्ष




अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश चंद्र उत्तम पटेल ने जिला इकाई की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों, पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले दावेदारों तथा आम कार्यकर्ताओं से कहा कि समय की रफ्तार को पहचानने की जरूरत है। क्योंकि समय तेजी से भाग रहा है। यदि रफ्तार को पहचान लिया तो सत्ता में आने से कोई भी ताकत सपा सहित इंडिया गठबंधन को रोक नहीं सकती। उन्होने यह भी भरोसा दिलाया कि आने वाले चुनाव में जिले का ही उम्मीदवार मैदान में उतारा जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने सर्वप्रथम जिला संगठन की समीक्षा करते हुए बूथ स्तर के गठन पर संतोष जाहिर किया। उन्होने कहा कि वह भी इसी जनपद के हैं। इसलिए लोकसभा चुनाव जीतना उनके लिए भी एक चुनौती है, लेकिन संगठन की गतिशीलता को देखते हुए ये कहने में कोई परहेज नहीं कि इस बार सपा की साइकिल यहां दौड़ेगी। उन्होने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में एक षड़यंत्र के तहत एक-एक विधानसभा से 30 से 40 हजार के बीच सपा समर्थकों के वोट कटवा दिये गये। जिसके चलते सरकार नहीं बन सकी। उन्होने कहा कि अभी से चुनाव लड़ने वाले दावेदार, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देकर छूटे हुए लोगों के नाम दर्ज करवाने का काम करें।

# महंगाई से त्रस्त महिलाओं को बरगलाने के लिए लाया गया महिला आरक्षण विधेयक

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश चंद्र उत्तम पटेल ने भारतीय जनता पार्टी को निशाने पर रखते हुए कहा कि महिला आरक्षण का समर्थन वर्ष 2007 में नेताजी मुलायम सिंह यादव ने किया था, इतना ही नहीं उन्होने उस समय के होने वाले जिला पंचायत, बीडीसी, निकायों के चुनावों में 33 प्रतिशत महिलाओं को टिकट भी दिया था। जबकि भारतीय जनता पार्टी हमेशा इस बिल का विरोध करती रही है। सत्ता जाने के भय से आनन-फानन में महंगाई से त्रस्त महिलाओं को बरगलाने की खातिर महिला आरक्षण विधेयक लाया गया है। अब ये कब लागू होगा, इसे बताने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पास कोई भी जवाब नहीं है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश चंद्र उत्तम पटेल ने उक्त बातें आज सपा जिला कार्यालय में मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठ बोलने वाली पार्टी है। उसका जन्म ही झूठ से हुआ है, जबकि समाजवादी पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अब जनता इसके बहकावे में आने वाली नहीं है। जिसका उदाहरण हिमांचल, कर्नाटक के साथ ही प्रदेश में पिछले वर्षों में हुए लोकसभा व दो विधानसभा उपचुनाव हैं। घोसी उपचुनाव सहित प्रदेश की चार जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव भी समाजवादी पार्टी ने जीते है। यह प्रदेश की जनता का पार्टी पर भरोसा है। उन्होने भाजपा की चुटकी लेते हुए कहा कि घोसी उपचुनाव में मुख्यमंत्री योगी और उनके दोनों उप मुख्यमंत्रियों सहित तमाम भाजपा नेताओं ने डेरा जमा रखा था। दावे किए जा रहे थे कि यहां से भाजपा ही जीतेगी। जबकि सपा उम्मीदवार सुधाकर सिंह को वहां की जनता ने 44 हजार से अधिक वोटों से जिताया है। उन्होने कहा कि चुनाव हारने के बाद भाजपा चिल्लाने लगी कि ये हार भाजपा की नहीं बल्कि दारा सिंह की हार है। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत निश्चित है। गठबंधन की हवा को भांपकर ही भारतीय जनता पार्टी व उसकी केंद्र सरकार विपक्षी दल के नेताओं को जेल भेजने का काम कर रही है, लेकिन विपक्षी नेता इनसे डरने वाले नहीं है।

## सेवामित्र पोर्टल का उठाएं लाभ

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी उज्जवल कुमार ने बताया कि शासन के साथ-साथ प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल का विकास इस उद्देश्य के साथ किया गया है कि स्थानीय स्तर पर कुशल कामगारों को रोजगार उपलब्ध हो सके। आम जनता अपनी दैनिक जरूरतों जैसे एसी सर्विस एंड रिपेयर, एप्लाइन्स रिपेयर, डाक्टर, ऑनकाल आईटी हार्डवेयर सर्विस, मैन पावर सर्विस, आरओ सर्विस एंड रिपेयर, प्रिंटिंग रिपेयर एंड सर्विस, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, ब्यूटीशियन, बारबर, इन्श्योरेन्स, एडवाइजर, ड्राइवर, कारपेंटर, कुक, नर्सिंग आदि 22 से अधिक सुविधाओं का लाभ घर बैठे एक फोन काल से प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिये शासन द्वारा 155330 टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। सभी जनपदवासी उक्त टोल फ्री नम्बर पर काल कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।

# तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

# डीएम व एसएसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने सम्बंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस पर पैमाइश, सार्वजनिक भूमियों पर अतिक्रमण आदि जैसे प्रकरणों में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर उभयपक्षों की उपस्थिति में प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों से सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार पुलिस व अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सीमा में प्रकरणों को निस्तारण करने के निर्देश दिये साथ ही प्रकरणों के निराकरण के उपरांत उभयपक्षों को स्थिति से अवगत कराने व स्पष्ट आख्या आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता विनोद कुमार निवासी रसूलपुर (चिनगियापुर) थाना गोशाईगंज, तहसील सदर के चकमार्ग संख्या 269 को काश्तकारों द्वारा जोतकर खेत में मिला लेने से आवागमन में समस्या होने सम्बंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को प्रकरण का परीक्षण कर चकमार्ग को नक्शे/रक्बे के अनुसार कायम कराने के निर्देश दिये।



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 157 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से तत्काल निस्तारण योग्य 21 प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित किया गया, शेष समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पी0डी0 (डीआरडीए), डीसी मनरेगा, तहसीलदार सदर सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता मे नेशनल इंटर कॉलेज की छात्राओ ने मारी बाजी



**मसौली बाराबंकी।** रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली मे बालिका वर्ग की आयोजित जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता मे नेशनल इंटर कॉलेज की छात्राओ ने बाजी मारते हुए विजेता बनी तथा रफी मेमोरियल इंटर कालेज मसौली उपविजेता रही।

शनिवार को रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मे आयोजित जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 19 व अंडर 14 का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल विजय बहादुर ने प्रतिभाओ से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो मे प्रतिभाओ की कोई कमी नही है जरूरत है कि उनमे निखार लाया जाय। अंडर 19 बालिका वर्ग में नेशनल इंटर कॉलेज फतेहपुर विजेता तथा रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली उप विजेता रहा तथा जूनियर बालिका वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा विजेता तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी उपविजेता रही। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह सुशील सिंह उमेश पंकज धर्मेंद्र पांडे सदानंद तथा कामेश्वर मौर्य अंजू रानी शैलजा गुप्ता तथा श्वेता उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में बेटों संग सगे भाई पर किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**मसौली बाराबंकी।** शनिवार की सुबह बांसा गांव मे खेत की मेड बाँधने को लेकर सगे भाई ने अपने पुत्रो के साथ मिलकर भाई पर फावडे से प्राणघातक हमला कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों ने लहूलुहान को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी जागेश्वर मौर्य पुत्र रामदुलारे मौर्य का अपने सगे जसवंत मौर्य से खेत की मेड को लेकर विवाद था विगत दिनों हुई बारिश मे मेड पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जागेश्वर मौर्य के पुत्र उमेश ने सूचना दिया कि मौक़े पर आकर मेड बंधवा लो लेकिन जसवंत मौक़े पर नही गये। शनिवार की सुबह जागेश्वर मौर्य अपनी लहसुन की फ़सल मे क्यारी सहीं कर रहे थे, तभी जसवंत मौर्य अपने पुत्र सचिन मौर्य व सुरज मौर्य के साथ मौक़े पर पहुंच कर गालियाँ देते हुए फावडे से जानलेवा हमला कर दिया चेहरे पर अत्यधिक चोट लग जाने के कारण जागेश्वर मौर्य वही पर गिरकर बेहोश हो गया जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया लेकिन हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने बताया कि दो सगे भाइयो के बीच मेड को लेकर विवाद था जिसमे जसवंत उसके पुत्रो ने हमला कर जागेश्वर को घायल कर दिया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## डेंटल कॉलेज के छात्र से ऑनलाइन सवा दो लाख की ठगी

**बाराबंकी।** डेंटल कॉलेज के एक छात्र ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। प्रीपेड टास्क पूरी करने के नाम पर ठग ने इस युवक से 2 लाख से अधिक रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

गोंडा जिले में शहर स्थित ईदगाह रोड पटेलनगर निवासी मोहम्मद लारैब पुत्र मो0 रजी वर्तमान में चन्द्रा इन्टेल कॉलेज सफेदाबाद में रुककर पढ़ाई कर रहा है। उसके अनुसार 7 मई को उसके मोबाइल मे एक व्हाट्सएपजज आया जिसमे जोब ओफर किया गया कि यूट्यूब पर लाइक सब्सक्राइब बढाने के लिए कुछ पेड या प्रीपेड टास्क करने को कहा गया। कहा कि इसके बदले में नकद भुगतान किया जायेगा लेकिन टास्क के लिए कम्पनी के खाते मे नकद भुगतान भेजना पडेगा और उसी के साथ कमिशन लगाकर पूरा पैसा वापस कर दिया जायेगा। उसके द्वारा लगभग 2 लाख 20 हजार रुपये उनको यूपीआई ट्रांसेक्शन व बैकं अकाउंट के माध्यम से भेजा गया लेकिन इसके एवज में उनके द्वारा मेरा कोई पैसा वापस नही किया गया। इस तरह उसके साथ ऑनलाइन फ्रॉड इनके द्वारा किया गया है।

## सवा 9 लाख से बनने वाले अन्नपूर्णा मॉडल स्टोर का शिलान्यास

**कोटवाधाम बाराबंकी।** खाद्यान्न वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए 9 लाख 23 हजार की लागत से बनने वाले अन्नपूर्णा मॉडल स्टोर शिलान्यास आज हुआ। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने हकामी गांव में योजना का शुभारंभ करते हुए भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गांव में आवागमन के सुलभ स्थल पर अन्नपूर्णा मॉडल स्टोर बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे ग्रामीणों को उनके गांव में ही खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। यही नहीं इन दुकानों पर जन सेवा केंद्र भी संचालित किया जाएगा। जिससे ग्रामीण अपने ब्लॉक व तहसील स्तरीय तमाम अभिलेख भी यही प्राप्त कर सकेंगे आर उन्हें इसके लिए ब्लॉक व तहसील की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। श्री शर्मा ने बनीकोडर ब्लॉक के हकामी गांव में इस योजना के तहत बनाए जाने वाले अन्नपूर्णा मॉडल स्टोर का शिलान्यास भूमि पूजन करके किया। जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि जिले में 75 अन्नपूर्णा स्टोर बनाने का कार्य शुरू हो गया। अन्य पंचायतों से भी प्रस्ताव मांगे गए हैं। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्र, सप्लाई इंस्पेक्टर मनोज, भाजपा नेता नीरज सिंह, प्रदीप द्विवेदी, विजेंद्र द्विवेदी सहित दर्जनों भाजपा नेता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**बाराबंकी।** डीजीपी यूपी के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत न्यायालय ने दुष्कर्म के एक आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर यूपी भर में ऑपरेशन कनविक्शन चलाया जा रहा है। जिसके तहत मोनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप विभिन्न मामलों में सजा निर्धारित हो रही। बाराबंकी पुलिस द्वारा अभियोजन विभाग से समन्वय कर प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप थाना कोतवाली नगर पर नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत पाक्सो एक्ट के अभियुक्त गुलजार पुत्र शरीफ निवासी उत्तर टोला बंकी वार्ड संख्या 2 थाना कोतवाली नगर को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या 44 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 20,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## अवध विवि में टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव का आयोजन 10 से

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में 10 और 11 अक्टूबर 2023 को विभाग एवं डिटोर संस्था के संयुक्त संयोजन में राष्ट्रीय स्तर का टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। इसमें देश भर के 10 पर्यटन संस्थान प्रतिभाग करेंगे जिनमें बीएचयू, लखनऊ विश्वविद्यालय, अमरकंटक विश्वविद्यालय, नागपुर विश्वविद्यालय, गोवा विश्वविद्यालय, मार्टिन लूथर विश्वविद्यालय, शिलांग, एमिटी विश्वविद्यालय, राजस्थान सहित अन्य विश्वविद्यालय के छात्र एवं पर्यटन विशेषज्ञ के साथ इंडस्ट्री से लगभग 15 उधमी शामिल होंगे। कॉन्क्लेव की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित होंगे। कार्यक्रम के अन्य वक्ता महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, इंडस्ट्री से प्रतीक हीरा, हिना सिराज, यूएन डब्लूटीवो की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नातूला बायोन, इंटेक अयोध्या की संयोजक मंजुला झुनझुनवाला के साथ अमेरिका से दो पर्यटन उद्यमी भी उद्घाटन सत्र हिस्सा लेंगे।व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर का टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव कराने का उद्देश्य पर्यटन उधोग एवं शिक्षा में अंतर को कम करना है जिससे इंडस्ट्री के मांग के अनुरूप छात्रों को तैयार कर सकें।

## मण्डलायुक्त ने धर्मपथ का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** धर्मपथ पर लगी 76 भित्तियां श्रीराम के जीवनचरित्र पर आधारित 150 प्रसंगों का दर्शन करायेंगी। टेराकोटा, मोजैक, सेरोमिक, एफआरपी व जीआरपी जैसी धातुओं से भित्तयों पर इन प्रसंगो को उकेरा जायेगा। भित्तियों की एक निश्चित लम्बाई व उचाई होगी। जिसे केन्द्र बिन्दु से 30-30 मीटर के अंतराल पर स्थापित किया जायेगा। मण्डलायुक्त ने शनिवार को धर्मपथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने निर्माणाधीन ड्रेन, यूटिलिटी डक्ट आदि कार्यो का अवलोकन किया। पूर्ण गुणवत्ता के साथ तीव्र गति से कार्य को करने के निर्देश दिया। उन्होने कहा कि निर्माणाधीन ड्रेन व डक्ट का सरेखण एक सीध रेखा हो।

इसकी स्लेव की ढलाई उच्चतम कार्यकुशलता के आकर्षक ढंग से ढाली जाय। उन्होने बताया कि भित्तियों को अधिक से अधिक टीम लगाकर जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जिससे निर्माण के बाद इसे सजाने का कार्य किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# योगी सरकार ने लिखी धर्मनगरी अयोध्या के विकास की गाथा

## योगी सरकार आने के बाद अयोध्या में सड़कों व कुंडों का विकास कार्य तेज

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मोदी सरकार व योगी सरकार आने के बाद अयोध्या में सड़कों के चौड़ीकरण व विकास कार्य तेजी से हो रहा है जिससे अयोध्या विश्व स्तरीय सड़कों का जाल बिछाया जा रहा हैं।अयोध्या में राम मंदिर फैसले के बाद अयोध्या में विकास कार्य तेज हो गया जहां एक ओर राम मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है वही सड़कों के चौड़ीकरण को लेकर शासन-प्रशासन बेहद गंभीर हैं। अयोध्या नगर निगम देश की धार्मिक नगरों में से एक प्रसिद्ध धार्मिक नगरी है इसका ऐतिहासिक महत्व है या भगवान श्री राम का पवित्र जन्म स्थान सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन ने अयोध्या महा योजना 2031 का नक्शा खींचा है और उसे क्रियान्वित करने में जुड़ गया है अयोध्या नगरी भव्य दिव्य दिखे इसके लिए योगी सरकार ने भी खजाना खोल दिया है



मोदी सरकार व योगी सरकार द्वारा अमृत योजना अंतर्गत महा योजना 2031 तैयार करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है अयोध्या क्षेत्र की विकास की दिशा में आवासीय व्यवसायिक औद्योगिक सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक सुविधाएं हेरिटेज पर्यटन विकास आध्यात्मिक केंद्र कुंडों मंदिरों का निर्माण एवं पुनर्निर्माण शामिल है सरकार ने राम की पैड़ी का समुद्रीकरण दंत धवन कुंड गुप्तारघाट का सुंदरीकरण गिरजा कुंड तुलसी उद्यान कनक भवन आदि का विकास किया है। योगी सरकार ने नई एवं भव्य अयोध्या बसाने के लिए महा योजना 2031 महा प्लान के तहत माझा बरहटा रामपुर हलवारा सिरसा मीरानपुर आसापुर शाहनवाजपुर तथा एयरपोर्ट हेतु जनौरा गांव की जमीन को अधिग्रहण किया है तथा माझा बरहटा में अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा बना दिया तथा उसी से सटी बंधें पर फोरलेन सड़क बनाकर रिंग रोड बनाने का काम शुरू कर दिया गया है एक तरफ उक्त अधिग्रहित जमीन को न्यू अयोध्या विकसित करने के लिए योजना बनाया और बंधें के बाई तरफ सरयू नदी के किनारे की जमीन ग्राम सीता रामपुर जनपद बस्ती में होने के नाते उद्योगपतियों ने होटल रेस्टोरेंट उद्योग लगाने हेतु तथा विद्यालय हेतु जमीन खरीद रखी है एक अधिकारी ने बताया कि बैकुंठ धाम से होकर सरयू नदी के किनारे किनारे एक बंधा बनाना प्रस्तावित है जिसका काम बहुत जल्द शुरू हो जाएगा सीतारामपुर की जमीन बांध फोर लेन रिंग रोड तथा प्रस्तावित बांध के बीच में आ जाने के कारण जमीन की कीमत बहुत बढ़ गई है ज्ञात हो कि योगी सरकार ने सरयू नदी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जटायु शिप का उद्घाटन कर दिया है जिससे तमाम पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं उसका आनंद उठा रहे हैं।

## किशोरी की मौत प्रकरण में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

### एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मातहतों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी के ग्राम रेवना पूरे विद्या पाण्डेय स्थित अपने घर में अकेले मौजूद



किशोरी का शव पाए जाने के मामले में इनायत नगर पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की गहन छानबीन शुरू कर दी है। उधर घटना के बाद मौके पर मिले परिस्थित जन्य साक्ष्य किशोरी के साथ दुष्कर्म के प्रयास में सफल न होने के बाद हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया जाना ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि

रेवना पूरे विद्या पाण्डेय निवासी राम जियावन की 16 वर्षीय पुत्री पिंकी यादव बीते शुक्रवार को अपने घर में अकेली थी।शाम करीब 4¬30 बजे किशोरी का शव उसके घर में ही संदिग्ध अवस्था में पाए जाने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। किशोरी के गले में दुपट्टा कसकर बंधा हुआ था और गले में कटे व चोट के निशान थे। इसके अलावा किशोरी के नीचे के कपड़े खुले हुए थे। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने इनायत नगर पुलिस को दी थी। जानकारी पाकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर एवं प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह सहित चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज रजनीश पांडे भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर मातहतों को प्रकरण में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। किशोरी की मौत प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर ने किशोरी के पिता राम जियावन यादव की तहरीर पर धारा 302 आईपीसी के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल किशोरी की मौत के रहस्य का पर्दा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उठ सकेगा।

## मेला गुघाल के मुशायरे में शायरों ने श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सामाजिक समरसता व कौमी एकता के प्रतीक मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार की रात स्थानीय मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे का



उद्घाटन महापौर डॉ. अजय कुमार, कार्यक्रम संयोजक फ्हाद सलीम, मेला चेयरमैन चौधरी वीरसेन सिद्धू, चौ. अब्दुल वाहिद, सरफराज खां व कार्यक्रम अध्यक्ष योगेश दहिया ने रिबन काटकर किया। मुशायरे की शमा महापौर डॉ. अजय कुमार, संयोजक फ्हाद सलीम, सय्यैद शकील, उपसभापति मुकेश गक्खड़ व पार्षद संजय गर्ग आदि ने की।

कार्यक्रम में शहर के उस्ताद शायरों फय्याज नदीम, डॉ. दानिश कमाल, आसिम पीरजादा, डॉ. मौहम्मद अहमद अमजद, अय्यूब सादिक को शॉल व विशेष एवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व संयोजक पार्षद फ्हाद सलीम, सहसंयोजक फैसल भारती, मौ. नवेद व मौ. दानिश ने महापौर डॉ. अजय कुमार, योगेश दहिया, अनवार सिद्दकी एडवोकेट व अन्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिहन देकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

मुशायरे की शुरुआत अनवर देवबंदी की नात ए पाक से हुई। दो दर्जन से ज्यादा शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किये। मुशायरे की खास बात ये रही कि स्थानीय मुशायरा होने के बावजूद दूसरे शहरों से भी शायर आमंत्रित किये गए थे। शायर जावेद आसी ने अपने इस शेर से खूब तालिया बटोरी- 'कोई एक कश लगाकर फेंक देता है सिगार अपना, कोई अफसोस करता है जो बीड़ी टूट जाती है।' महमूद असर का कलाम देखिए- 'अपने खिलाफ़ तेरी गवाही के बाद भी, जिंदा हूं देख इतनी तबाही के बाद भी।' मुशायरा उस समय बुलंदियों पर पहुंच गया जब मेहनाज स्योहारवी ने पढ़ा-'मुँह फेरकर वो मेरी तरफ से गुज़र गए, जितने हसीन ख्वाब थे सारे बिखर गए'। आबिद हसन वफा ने पढ़ा -'मैं जीता बहुत हूं, वो हारा बहुत है, बुलंदी पे मेरा सितारा बहुत है'। मुस्तकीम रोशन का ये अंदाज भी खूब सराहा गया- 'हम तो आये थे दो चार घड़ी बैठेंगे, मेजबां हैं के तकल्लुफका ठिकाना क्या है'। खुर्रम सुल्तान ने अपने इस शेर से खूब वाहवाही लूटी-'जरा सी अक्ल, सलीका, शऊर कुछ भी नहीं, करीब जाके जो देखा हूजूर कुछ भी नहीं'।

# मुख्य सचिव ने किया भगवान धन्वतंरि देवालय का लोकार्पण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि योग और आरोग्य का गहरा नाता है। उन्होंने भगवान धन्वंतरि व पतंजलि एक दूजे के पूरक बताते हुए कहा कि मोक्षायतन सरीखे अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान में धन्वंतरि देवालय की स्थापना की परिकल्पना स्वामी भारत भूषण जैसे योग गुरु के चिंतन की ही देन है, क्योंकि योग आरोग्य और अध्यात्म का अनूठा संगम है।

श्री मिश्रा आज यहां बेरीबाग स्थित मोक्षायतन अन्तर्राष्ट्रीय योग संस्थान में स्थापित की गयी भगवान धन्वंतरि देवालय का लोकार्पण करने पहुंचे थे। इससे पूर्व मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान में भव्य यज्ञ और षोडशोपचार पूजन के साथ भगवान धन्वंतरि देवालय का लोकार्पण किया गया। दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि यहां आते ही नई ऊर्जा मिल जाना स्वाभाविक है क्योंकि योग और आरोग्य का गहरा नाता है उन्होंने भगवान धन्वंतरि व पतंजलि एक दूजे के पूरक बताते हुए कहा कि मोक्षायतन सरीखे अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान में धन्वंतरि देवालय की स्थापना की परिकल्पना स्वामी भारत भूषण जी जैसे योग गुरु के चिंतन की ही देन है क्योंकि योग आरोग्य और अध्यात्म का अनूठा संगम है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 222 मामले की हुई सुनवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवां(महाराजगंज)।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को नौतनवा तहसील में आयोजित हुआ। जिसमें जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओ को सुना। इस दौरान कुल 222 मामले आये।

जिलाधिकारी श्री झा ने निर्देशित किया कि तहसील दिवस प्रबंधन को व्यवस्थित करते हुए निर्धारित प्रारूप पर मामलों को उपयुक्त पटल पर रखने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता को कदापि हतोत्साहित न करें और उनकी शिकायतों के उचित निस्तारण को सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जो मामले तत्काल निस्तारित हो सकते हैं,उनको तहसील दिवस में ही निस्तारित करें। जिन मामलों में आवश्यकता है उनमें संबंधित अधिकारी मौके पर स्वयं जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। भूमि विवाद के मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजने के लिए आदेशित किया और कहा कि टीम में



कम से कम एक महिला आरक्षी अवश्य हो। जिलाधिकारी ने कहा कि संवेदनशील भूमि विवादों अथवा अन्य प्रकरणों में एसडीएम व सीओ स्वयं जाएं, जबकि अन्य मामलों में तहसीलदार व संबंधित थानेदार को भेजकर भूमि विवादों को निस्तारित करवाएं। जिलाधिकारी महोदय ने भूमि विवाद के मामलों में उपयुक्त कानूनी कार्यवाही को भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके। तहसील दिवस में अपने विभाग से संबंधित सभी मामलों का निस्तारण कराने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी की प्रशंसा भी की। वहीं विद्युत अभियंता के अनुस्पथित होने पर नाराजगी जताई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएफओ पुष्प कुमार के, पीडी रामदरश चौधरी, एसडीएम नौतनवां मुकेश सिंह, सीओ नौतनवां आभा सिंह सहित संबंधित जिलास्तरीय व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस हिरासत से फरार 50 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

सहारनपुर (आलोक अग्रवाल)। 15 वर्ष पूर्व पुलिस हिरासत से फरार 50 हजार रूपये के ईनामी बदमाश मफरूर को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

रेलवे स्टेशन स्थित थाना जीआरपी में सीओ रेलवे सर्किट श्वेता आशुतोष ओझा ने आज पत्रकारों के सम्मुख ईनामी बदमाश की गिरफ्तारी का खुलासा करते हुए बताया कि जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि राज्यों में दबिशे देकर एससी एल चैरिटेबल अस्पताल सुभानपुर जालंधर से करीब 15 वर्ष पूर्व पुलिस हिरासत से फरार 50 हजार रुपये के इनामी मफरूर उर्फरविन्द्रपाल पुत्र अर्जुन सिंह निवासी विला बज्जू थाना घोमान तहसील बटाला जिला गुरुदासपुर पंजाब को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रविन्द्रपाल शातिर किस्म का अपराधी है, जिस पर 50 हजार रु. का इनाम घोषित है।

## मानव विकास में योग के महत्व लेख पर सम्मानित हुए सुशील शाही

*अवधनामा संवाददाता*

**फरेन्दा (महराजगंज)।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर गुरुवार को सारनाथ में एक कार्यक्रम में पुस्तक विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वशिष्ठ द्विवेदी और राज्य हिन्दी संस्थान उप्र वाराणसी के शोध प्रवक्ता (हिंदी) डॉ. प्रदीप जायसवाल ने पुस्तकों का विमोचन किया। इस




अनावरण के अवसर पर पुस्तक में लेख प्रकाशन पर शिक्षक सुशील शाही को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुशील शाही परिषदीय स्कूल में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं। उनको मानव विकास में योग के महत्व विषय पर लेख के लिए सम्मानित किया गया। भारत के अमर शहीदों पर लिखी वंदेमातरम और शोध पर लिखी स्वावलंबन पुस्तकों का काशी की धरती पर आईएएस रवि शंकर, हिंदू कार्यक्रम का आयोजन लाइफ सिग्नेफाई व अयोध्या के मनीष देव ने किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि वंदेमातरम पुस्तक में महानायक विपिन चन्द्र पाल की वीरगाथा की अमर कहानी को स्थान प्राप्त हुआ। वहीं वशिष्ठ द्विवेदी ने बताया कि पुस्तक को संकलित करने का मुख्य बिंदु यही है, जिनको जो देय है, उचित है, उनको दिया जाए। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर लेखकद्वय ने शोधकार्य कर इस पुस्तक का संयोजन किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आठ का मौके पर निस्तारण

## सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में सम्पन्न हुआ

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी अंद्रा वामसी तथा पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा समय से निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 65 मामलें प्राप्त हुए, जिसमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग 22, पुलिस 17, विकास 08 तथा अन्य विभागों के 18 मामलें आये। जिलाधिकारी ने कुछ मामलों को निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजा है। उन्होने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि फरियादियों की समस्याओं को त्वरित व समयबद्ध निस्तारित करना सुनिश्चित करें, जिससे फरियादियों को ज्यादा दौड़भाग ना करना पड़ें। उन्होने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं ईओ नगरपालिका को निर्देशित किया है कि सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशुओं को तत्काल पकडकर गौशाला में संरक्षित करायें। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा है कि विभाग से संबंधित प्रकरण को संबंधित थाने स्तर पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाय और कोई समस्या आने पर तत्काल मुझे अवगत करायें, जिससे फरियादियों की समस्याओ का त्वरित निस्तारण हो सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डा. रमा शंकर दुबे, उप जिलाधिकारी सदर विनोद कुमार पाण्डेय, डीडीओ निर्मल द्विवेदी, पीडी राजेश झा, जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, उद्यान अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, सीओ विनय सिंह चौहान, डीआईओएस जगदीश शुक्ल, बीएसए अनूप कुमार तिवारी, तहसीलदार विनय प्रभाकर तथा विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील डुमरियागंज में उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता व पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील डुमरियागंज में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई उपजिलाधिकारी डुमरियागंज प्रवेन्द्र कुमार द्वारा किया गया तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों की सुनवाई पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय द्वारा किया गया। उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय ने कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को आनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर

**तहसील समाधान दिवस में आये 30 मामलों में से एक निस्तारण हुआ**

कुल 30 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-17, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-03, विकास-02, अन्य-08 मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व के-01 प्रार्थना-पत्र को मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर तहसीलदार डुमरियागंज संतराज सिंह, नायब तहसीलदार महबूब आलम, अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश लाल श्रीवास्तव आदि सहित समस्त सक्षम अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिवाकर की ईमानदारी एक मिसाल, गिरा पाया चैन लौटाया



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** छावनी क्षेत्र के रामरेखा मंदिर पर बीते 28 अगस्त को अमोढा के निवासी दिवाकर सिंह जो राष्ट्रीय मानवाधिकार ट्रस्ट के महासचिव हैं जिन्हें रामरेखा मंदिर पर बीते 28 अगस्त को रामरेखा मंदिर परिसर में एक सोने की चेन गिरा प्राप्त हुआ था दिवाकर सिंह ने जिसकी सूचना सोशल मीडिया पर अपने अन्य सहयोगियों के द्वारा संदेश भेजा था संयोग बस छावनी के किराना व्यवसाय शुभम कसौधन के रिश्तेदार जो अयोध्या जिले के रहने वाले थे जो 28 अगस्त को छावनी अपने रिश्तेदार के यहाँ घूमने आए थे तथा उसी दिन रामरेखा मंदिर पर दर्शन के लिए भी गए थे अयोध्या निवासी आनंद गुप्ता पुत्र पारस गुप्ता जो एक सोने की चेन गले में पहने थे जो रामरेखा मंदिर परिसर में गिर गया था उसे दिवाकर सिंह ने सुरक्षित रखकर सोशल मीडिया से खोज जारी रखा था संयोग बस जिसकी सूचना शनिवार को जानकारी होने पर आनंद गुप्ता अपने परिवार के साथ दिवाकर सिंह के घर पहुंच कर अपने चैन देखते ही पूरा परिवार व उनके रिश्तेदार ईमानदारी की मिसाल को देखते हुये धन्यवाद देने लगे सभी लोग रामरेखा मंदिर पर पहुंचकर मंदिर के पुजारी बाबा दयाशंकर दास की उपस्थिति में मंदिर पर दिवाकर सिंह ने प्राप्त की हुई चैन आनंद गुप्ता व उनके रिश्तेदारों की मौजूदगी में उन्हें दिया दिवाकर सिंह की इस ईमानदारी को लेकर छावनी, आर्माढ़ा तथा आसपास के क्षेत्र में चर्चा रहा।

# अपना लक्ष्य निर्धारित कर पार्टी में संगठन का करें कार्य: मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर शनिवार को जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में पार्टी के आगामी कार्यक्रम, नारी शक्ति वंदन एवं अनूसूचित बस्ती में घर घर सम्पर्क अभियान के संबंध में जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी रामजियावन मौर्या रहें। मुख्य अतिथि ने कहा महिला कार्यकर्ता अब सक्रिय भूमिका में रहे अपना लक्ष्य निर्धारित कर पार्टी में संघठन का कार्य करें। प्रत्येक बूथ पर महिला कार्यकर्ता संपर्क अभियान के माध्यम से महिलाओं से संपर्क करके 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ उनको बताएंगी जिससे महिलाए जागरूक हो। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा बूथ जागरण अभियान के बाद हम विधानसभा स्तर पर महिला सम्मेलन करेगी। इस अवसर पर विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्षगण नरेंद्र मणि त्रिपाठी, राम कुमार कुंवर, लाल जी त्रिपाठी, बृज बिहारी मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, जिला महामंत्री विपिन सिंह, विजय कांत, मधुसुदन अग्रहरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्या, तेजू विश्वकर्मा, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, अनीता जयसवाल, जिला कार्यालय मंत्री आशीष शुक्ला, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अरुण मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख रेनू मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति महिला मोर्चा मोनी पांडेय, मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, विकास पाण्डेय वत्स नगर पंचायत अध्यक्षगण विकास जायसवाल, अजय गुप्ता, हेमंत जायसवाल, धर्मराज वर्मा, मंडल अध्यक्षगण, मंडल प्रभारी गण, ब्लॉक प्रमुखगण, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## आने वाले दिनों में होगा बिजली आपूर्ति में सुधार

**अंबेडकरनगर।** लगभग 36 करोड़ रुपये से जिले की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। न सिर्फ ओवरलोडेड साढ़े 500 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी बल्कि लो वोल्टेज की समस्या वाले क्षेत्रों में अलग अलग क्षमता के लगभग 50 नए ट्रांसफॉर्मर लगेंगे। अंडरग्राउंड केबल को सिंगल से डबल किया जाएगा। वहीं जर्जर हो चुके तारों व खंभों को भी बदला जाएगा। इससे लगभग 10 लाख की आबादी को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। लोगों को लोवोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या से निजात मिल सकेगी। ओवरलोडेड चल रहे ट्रांसफार्मर व जर्जर हो चुके बिजली उपकरणों से उपभोक्ताओं को समुचित बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इससे एक तरफ जहां बार बार ट्रिपिंग होती है तो वहीं लो वोल्टेज की समस्या भी कई क्षेत्रों में बनी रहती है। इससे संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को कई प्रकार की मुश्किलें उठानी पड़ती हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव लघु उद्योगों पर भी पड़ रहा है।

# जर्जर सड़क पर चलना हुआ दुश्वारियों भरा

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर तहसील के अंतर्गत गयासपुर गांव का यह रास्ता पूरी तरीके से जर्जर हो चुका है। लेकिन अधिकारी गहरी निद्रा में सो रहे हैं। यह रास्ता करीबन 10 गांव को जोड़ता है। जैसे गयासपुर, बहादुरपुर, मालीपुर, समसुद्दीन पुर, सोनगांव, सकरा, तुरकानी बाग, कहरा सलेमपुर,आदि गांव शामिल है। लेकिन फिर भी अभी तक इस रास्ते पर किसी की नजर नहीं पड़ रही है। आखिर क्या कारण है। इस तरीके से कई रास्ते हैं। जो किसी भी अधिकारी को दिखाई तक नहीं दे रहा है। पूरे गांव वालों का आरोप है। यह सब राजनीति के भेंट चढ़ गए हैं। आखिर कब बनेगा यह रास्ता क्या इसका कोई खबर कोई लेने वाला है। गांव वालों का कहना है अगर इसी तरीके से चला रहा तो आने वाले इलेक्शन में परिणाम कुछ और होगा क्योंकि जनता को इस टूटी फूटी सड़क पर चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिससे गांव वालों में आक्रोश है। सोनू सिंह, त्रिवेणी सिंह, अरुण सिंह, विनय सिंह, पटक्कू सिंह, राज प्रकाश सिंह, अजय सिंह, घनश्याम सिंह, वैभव सिंह, सूरज सिंह, शिवकुमार सिंह, संतोष गौड, मल्लू गौड, दौलत प्रजापति, विवेक उपाध्याय, राजू उपाध्याय, ब्रजेश उपाध्याय, आदित्य सिंह, प्रशांत सिंह, बबलू वर्मा, लल्लन वर्मा, कुलदीप, कपिल देव राजभर, आदि लोगों ने इस रास्ते को लेकर आवाज उठाई है। देखना है कि यह रास्ता क्या इलेक्शन के पहले बन जाता है। या फिर भी जनता को निराशा का सामना करना पड़ सकता है।



## संकल्प सप्ताह का हुआ आयोजन



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकासखंड भियांव के मुख्यालय पर संकल्प सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें आकांक्षी ब्लॉक के सभी इंडिकेटर तथा ब्लॉक के सभी परिषदीय प्रधानाध्यापक के मध्य चर्चा को पूर्ण करने का संकल्प लिया गया संकल्प सप्ताह में विकासखंड के सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिक्षक एवं बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यशाला को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी विवेक द्विवेदी ने कहा कि नीति आयोग एवं उत्तर प्रदेश सरकार के शिक्षा से संबंधित सभी इंडिकेटर को समय के अंतर्गत हमें पूर्ण करना है कार्यशाला का मुख्य आकर्षण विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निर्मित टीएल एम रहा बैठक में शिक्षा विभाग के तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## मालीपुर थानाध्यक्ष हुए सम्मानित



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** दुष्कर्म और पास्को एक्ट के आरोपी को महज 76 दिन में सजा दिलाने में भूमिका निभाने वाले पूर्व थानाध्यक्ष मालीपुर प्रेमचंद्र को ऑपरेशन कनविक्शन के तहत सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने उपनिरीक्षक प्रेमचंद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पूरे जोन में इकलौते उपनिरीक्षक है जिन्होंने दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया और महज 76 कार्य दिवस में पैरवी कर आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दिलाई। प्रकरण मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का था जहां के आरोपी ने आम बिनने गई किशोरी से दुष्कर्म किया था।

# वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री से मिले विधायक विनय वर्मा, दी विकास कार्यों की जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शाहजहांपुर से लगातार नौ बार के विधायक उत्तर प्रदेश सरकार के लोकप्रिय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से लखनऊ में उनके विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय वर्मा ने मिलकर उनसे विधान सभा क्षेत्र में भूमि की अनुपलब्धता न हो पाने के कारण विकास परक परियोजनाओं के अधर में लटके रहने की जानकारी दी इसके बावत मंत्री जी ने जिले के डीएम पवन अग्रवाल को फोन कर शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जमीन न उपलब्ध होने से लंबित सभी परियोजनाओं के लिए 10 दिन के अंदर जमीन उपलब्ध करवाकर सभी पत्रावलियों को भेजने का निर्देश दिया। विधायक विनय वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा बढ़नी में सीएचसी, शोहरतगढ़ व बढ़नी में बस अड्डा, राजकीय महाविद्यालय, विधानसभा क्षेत्र में मिनी स्टेडियम सहित कई लंबित परियोजनाओं के लिए जमीन उपलब्ध करवाने के बाद शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा व परिवहन की एक बहुप्रतीक्षित समस्या का समाधान भी हो जाएगा। इन सभी परियोजनाओं के बारे में शोहरतगढ़ एसडीएम को पूरी जानकारी भी है और कई बार जमीन की उपलब्धता के लिए विधायक ने उन्हें पत्र भी लिखा है।

# मंडलायुक्त व आईजी की अध्यक्षता में आये मामलों में दो का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा कुल 68 मामले पेश किये गए जिसमें से सिर्फ 04 ही मामले का मौके पर निस्तारण हुआ।

मंडलायुक्त अखिलेश सिंह व आईजी आर. के. भारद्वाज की सह अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के सर्वाधिक 29, विकास के 16, पुलिस के 06,विद्युत के 02 शिक्षा के-02, पशुचिकित्सा-01, नपा0-01, सिंचाई- 01, चकबंदी 01, पूर्ति- 04, जलनिगम- 02, सरजू नहर 02 तथा डीपीआरओ से एक मामला फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिनमें से राजस्व के 04 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष मामलों के लिए फरियादियों को शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। इस दौरान

**मामलों के निस्तारण में कतई विलम्ब न करें: अखिलेश सिंह**

मंडलायुक्त श्री सिंह ने शेष मामलों को संबंधित जिम्मेंदारों के हवाले करने की बात कही। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल के मामलों के सम्बन्ध में तहसीलदार से जानकारी लिया, विभागीय जिम्मेदारों से कहा गया कि फरियादियों को एक ही स्थान पर भिन्न भिन्न विभागों से सम्बन्धित न्याय मिल सके यही सम्पूर्ण समाधान की अवधारणा है। इसलिए मामलों के निस्तारण में कतई विलम्ब न करें। अधिकारी द्वय ने सचेत किया कि छोटे से छोटे मामलों की अनदेखी घातक हो सकती है इसलिए किसी भी विवाद सम्बन्धित मामले को हल्के में न लें। उक्त दौरान एडिशनल सिद्धार्थ, एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार न्यायिक संजीव दीक्षित, नायब तहसीलदार अमित सिंह, राघवेन्द्र पान्डेय, विजय श्रीवास्तव तथा बीडिओ चन्द्रभान उपाध्याय, सतीश सिंह, लालजी शुक्ला, अधिषाशी अधिकारी विंध्याचल, पूर्ति निरीक्षक अर्चना सिंह तथा मुकेश कुमार, ऐई अभिषेक सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश सिंह, कमला प्रसाद, रामसिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगंण भी उपस्थित रहे।

## बीते माह हुई चोरियों का पर्दाफ़ाश, एक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** बीते माह जिला मुख्यालय पर हुई चोरियों का पर्दाफ़ाश करते हुए सिद्धार्थनगर पुलिस ने एक अभियुक्त को चोरी के समान और नगद रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोर को पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। पिछले दिनों हुई कई चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त असलम सिद्धार्थनगर जिले के जनपद मुख्यालय का निवासी है और शातिर किस्म का चोर है। इसके ऊपर जिले के विभिन्न थानों में करीब 15 मुक़दमे दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस ने इसके पास से 1लाख रुपया कैश और लाखों रुपए के गहनों के साथ चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस कप्तान ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त से उसके एक साथी के बारे में भी जानकारी मिली है जिसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही वह भी पुलिस के गिरफ्त में होगा। पुलिस की इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक ने सिद्धार्थनगर जिले की स्वाट, सर्विलांस और सिद्धार्थनगर थाने की पुलिस को प्रशस्ति पत्र के साथ 5 हज़ार नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

## डीएम व एसपी ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से कौशल विकास मिशन योजनांतर्गत सेवायोजित कराए गए प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। फ्लैक्सी प्रशिक्षण प्रदाता जे आई टी एम स्किल्स प्रा लि द्वारा संचालित अपेरल सेक्टर के 45 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षणोपरांत गुजरात राज्य में स्थापित टेक्सटाइल कम्पनी वेल्पसन लिविंग लिमिटेड में रोजगार से जोड़ा गया। उक्त अवसर पर कौशल विकास के जिला समन्वयक दया शंकर सरोज, एम आई एस मैनेजर अमित कुमार मिश्र व संतोष कुमार, सेवायोजन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक हरिश्चंद्र, रविकेश, एमजीएनएफ अभिषेक केशरी, जेआईटीएम स्किल्स के स्टेट कॉर्डिनेटर सुशील राय व शुभम राय, प्लेसमेंट प्रभारी आदित्य सिंह, सेंटर मैनेजर अरुण कुमार उपस्थित रहे।

# भगवान जगन्नाथ मां कर्मा देवी रथ यात्रा एवं साहू राठौर जन जागृति अधिकार यात्रा का जिले में भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भगवान जगन्नाथ मा कर्मा देवी रथ यात्रा एवं साहू राठौर जन जागृति अधिकार यात्रा शनिवार को मुख्यालय से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण किया। रथ यात्रा का शुभम गुप्ता ने स्वागत किया।

गौरतलब है कि यात्रा की शुरुआत विगत 5 सितंबर को झांसी से प्रारंभ होकर सिद्धार्थनगर पहुंची है। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश का भ्रमण कर 25 नवम्बर को लखनऊ मे महारैली के रूप मे समापन होगा। नगर विकास राज्य मंत्री उप्र सरकार के राकेश राठौर गुरु के प्रतिनिधी राजन साहू ने कहा कि हमे राजनीति में आने के लिए एकजुट होना होगा, मतभेद भुलाने होंगे, तभी हम राजनीति के क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाएंगे। चुनाव नजदीक है इसीलिए संगठित हो जाएं, बहुत से दल आपके वोट लेने आएंगे, लेकिन वोट सोंच समझकर दें। रंजीत साहू युवा कार्यवाहक अध्यक्ष भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा ने कहा गांधी भी तेली थे। जिन्होंने आजादी की लड़ाई लडी ,भामा शाह भी तेली थे। जिन्होंने मुगलो को पराजित करने के लिए महाराणा प्रताप को अपना पूरा खजाना दान दे दिया था,और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी तेली समाज से हैं। जगदीश प्रसाद साहू यात्रा संयोजक ने कहा साहू राठौर तेली समाज की 7 प्रतिशत आबादी होने के बाद भी तेली समाज उपेक्षा के शिकार हैं। दीपिका गुप्ता ने कहा कि हमारे इस यात्रा का मतलब अपने समाज को जगाना और राजनीति हक दिलाना है। इसीलिए सभी साथियों से आग्रह है कि आप सब जागें और अपने अधिकारों को जानें। समाज के जिलाध्यक्ष लालजी गुप्ता ने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में इस बार हम अपने समाज को जगाने का काम करेंगे। आज समाज के लोगों पर कोई मुसीबत आती है तो कोई साथ देने वाला नही है, और उसको लोग मोहरें के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि सांसद जगदम्बिका पाल, नगर पालिका परिषद गोविंद माधव, एस पी अग्रवाल, साहू राठौर समाज के जनक नंदनी, विजय लक्ष्मी, निर्मला, राधेश्याम, शंभू नाथ साहू, शेषमणी, केदार नाथ, मनोज कुमार, जुगुल किशोर, सुरेश, उमेश, रामकरन, राम अदालत गुप्ता, अनिल गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत ब्लॉक परिसर में भव्य समारोह का आयोजन

# पीएम का जो सपना है एक भारत श्रेष्ठ भारत, वह जरूर होगा पूरा: सांसद

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत ब्लॉकों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसके क्रम में गांव के हर घर के आंगन से मिट्टी एवं चावल एकत्र किया गया तथा जो अपने देश और माटी के लिए बलिदान हो गए उसको नमन कर वीर शहीदों का वंदन कर शनिवार को 72 गांवों के आंगन से एकत्र मिट्टी जोगिया ब्लाक तक कलश यात्रा निकाली गई। जिस गाड़ी में कलश रखा था, उसे सजाकर हाथी घोड़े एवं गाजे बाजे के साथ पूरे हर्षो उल्लास के साथ ब्लाक तक लाया गया तथा ब्लॉक परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने वीर शहीदों को याद करते हुए उपस्थित लोगो को पंच प्रण की शपथ दिलाई।कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश की माटी के लिए बलिदान हो गए। जवानों को हमारी सरकार अमृत काल मनाकर याद करने का कार्य कर रही है, जिसको पिछली सरकारों ने परिवारवाद जातिवाद की राजनीति मे भूल गई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर दिल्ली में 'अमृत वाटिका' बनाने के लिए 7500 कलशों में देश के कोने-कोने से मिट्टी लेकर 'अमृत कलश यात्रा' निकाली जा रही है। मोदी जी का जो सपना है एक भारत श्रेष्ठ भारत वह पूरा हो सके इसके लिए हम सब घर-घर जाकर आंगन की मिट्टी और चावल एकत्र किए जो आज ब्लाक पर आया है। यहां हर गांव से आए हुए कलश को पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ एक कक्ष में सुरक्षित रख दिया गया और यही से दिल्ली अमृत वाटिका के लिए भेजा जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल, जोगिया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीष चौधरी, बीडीओ जोगिया, संदीप, मनीष, रमेश, रवि सहित भाजपा के कार्यकर्ता की उपस्थित रहे।

## साइकिल रैली की सफलता को लेकर बैठक



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को पूरे प्रदेश में चल रहे देश बचाओ, देश बनाओ, लोकतंत्र बचाओ लोहिया वाहिनी की साइकिल रैली के आगमन को लेकर सेक्टर, सह सेक्टर प्रभारियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक आयोजित की गयी। समाजवादी पार्टी कार्यालय 305 इटवा पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चल रहे देश बचाओ, देश बनाओ, लोकतंत्र बचाओ, साइकिल रैली के आगमन को लेकर सेक्टर, सह सेक्टर प्रभारियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान और संचालन अब्दुल लतीफ ने किया। बैठक को जिला महासचिव कमरुज्जमा खान, बेचई यादव, रमापति पाण्डेय, बड़कू पाण्डेय, उदयभान तिवारी ने संबोधित किया। बबलू पाठक, अजमल खान, शोभित पाण्डेय, अनूप सिंह, दिनेश मिश्रा, यार मो., मो. हारून, सतेंद्र यादव, सुशील तिवारी, तिलकराम यादव, माते नेता, विजय गौड, सौरभ श्रीवास्तव, ध्रुव पाठक आदि मौजूद रहे।

## रामबाबू खेल नायक हैं

गुरुवार, 5 अक्तूबर, को 'कौन बनेगा करोड़पति' के सैट पर कई ऐसे दर्शकों को बिठाया गया था, जिन्होंने क्रिकेट की टीम इंडिया जैसी वर्दी पहनी हुई थी। भारत में एकदिनी क्रिकेट के आईसीसी विश्व कप का आगाज हो चुका है। स्टुडियो में दर्शक 'भारतवर्ष हमारा है' का उद्घोष भी कर रहे थे। हमें क्रिकेट के प्रति पराकाष्ठा का लगाव बहुत अच्छा लगता है। देशवासी क्रिकेट को धर्म और राष्ट्र के आयाम से भी देखते हैं, लेकिन यह लगाव, उन्माद, प्यार अधूरा-सा लगता है, क्योंकि चीन के हांगझाउ में 'एशियन गेम्स' जारी हैं। भारत के कई अनाम, अलोकप्रिय खिलाडि़यों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इतिहास लगातार लिखा जा रहा है। भारत गुरुवार शाम तक 21 स्वर्ण, 32 रजत और 33 कांस्य पदक जीत कर कुल 86 पदक हासिल कर चुका है। अभी तो क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज और कुश्ती आदि खेलों में हमें सोना या चांदी मिलनी है। 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में भारत ने 16 स्वर्ण पदक समेत कुल 70 पदक जीतने की उपलब्धि हासिल की थी। उस कीर्तिमान को फिलहाल 86 पदकों तक पहुंचा कर भारत अपने खेल-हुनर को बेहतर साबित कर चुका है। बेशक क्रिकेट अमीरी और सम्पन्नता का खेल है। हमारे शीर्षस्थ खिलाडि़यों के सालाना पैकेज 7 और 5 करोड़ रुपए से अधिक के हैं। जूनियर को भी 1 करोड़ रुपए से अधिक का पैकेज दिया जाता है। फिर आईपीएल के लाखों-करोड़ों रुपए के अनुबंध भी मिलते हैं। हम सिर्फ धावक रामबाबू का उदाहरण यहां उद्धृत कर रहे हैं। वह मनरेगा का मजदूर रहा है।

होटल में वेटर बना और बर्तन भी मांजता रहा। गरीबी से लडक़र जिंदा रहने के संघर्ष में उसने न जाने क्या-क्या किया होगा? उसे दौडऩे के लिए मजदूरी के पैसे से ही जूते खरीदने पड़े। उस खिलाड़ी ने एशियाड में 35 किलोमीटर की पैदल-दौड़ में भारत को कांस्य पदक जिता कर दिया। यकीनन रामबाबू भारत का राष्ट्र-नायक है। ऐसे ही कुछ चेहरे अविनाश साबले, मुरली श्रीशंकर, तीरंदाज ओजस, पहलवान अंतिम पंघाल आदि खिलाडि़यों के हैं, जिनकी खेल-उपलब्धियां अप्रतिम हैं। वे भारत के पदकवीर योद्धा हैं, लेकिन जो सुर्खियां रोहित शर्मा, विराट कोहली से लेकर सिराज तक क्रिकेटरों को मिलती रही हैं, वे इन पदकवीर खिलाडि़यों के हिस्से बहुत संक्षिप्त आती हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति' के मंच से कई गरीब-अनाम चेहरे लखपति-करोड़पति बनकर लौटे हैं। करोड़ों लोग इस खेल से जुड़े हैं और अपने ज्ञान, अपनी किस्मत को आजमाते रहते हैं, लिहाजा ऐसे मंच पर क्रिकेट को ही भारतवर्ष से जोडऩा और पदकवीर खिलाडि़यों का नाम तक नहीं लेनाज्यह एक देशभक्त नागरिक को चुभता है, पीड़ित करता है। हालांकि हम स्पष्ट कर दें कि हम क्रिकेट के 'जुनूनी प्रेमी' हैं और उसकी उपलब्धियों और पराजयों का लगातार विश्लेषण करते रहे हैं, लेकिन रामबाबू सरीखा खिलाड़ी अप्रतिम कीर्तिमान है, जिसे आने वाले समय में लोग अपना 'आदर्श' मान सकते हैं।

ओडिशा देश के सबसे गरीब राज्यों में एक है, लेकिन वहां के किशोर जेना ने भाला फेंक मुकाबले में एक बार अंतरराष्ट्रीय महानायक नीरज चोपड़ा को भी पीछे छोड़ कर सभी को चौंका दिया था। अंततः नीरज इस साल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88.88 मीटर तक भाला फेंक कर स्वर्ण पदक विजेता बने, लेकिन जेना ने भी 87 मीटर से अधिक की दूरी तय कर रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खेल इतिहास में पहली बार हुआ है कि एशियाई गेम्स में पहले दोनों स्थान और दोनों पदक भारतीयों ने हासिल किए। जेना को भी देश कम ही जानता है, लेकिन वह नीरज के विकल्प के तौर पर उभर रहे हैं। मीडिया में कितनी कवरेज दी गई है। हालांकि गरीब सरकार ने उन्हें 1.5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। बेशक भारत में खेलों का चेहरा, चाल और पहचान बहुत कुछ बदली है। खिलाडि़यों को सरकारी आर्थिक मदद पर तैयार किया जा रहा है। उन्हें प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजा जाता है और खर्च सरकार वहन करती है। खेल का आधारभूत ढांचा भी बिल्कुल बदल रहा है, लेकिन एशिया में ही फिलहाल भारत चौथे स्थान पर है, तो ओलंपिक के प्रदर्शनों का अनुमान लगाया जा सकता है।

## शहरों की तरफ पलायन करता गांव

आज़ादी के अमृतकाल में सभी नागरिकों तक पीने का साफ़ पानी और शौचालय जैसी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर प्रयासरत हैं। देश के अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र जो बरसों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जी रहे थे, आज वहां के नागरिकों को सुविधाएं मिलने लगी हैं। इसका सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और रोज़गार पर पड़ा है। इन बुनियादी ज़रूरतों के पूरा होने से पलायन जैसे मुद्दों को हल करने में मदद मिली है। लेकिन इसके बावजूद आज भी देश के कई ऐसे दूर दराज़ के गांव हैं, जहां न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जहां शिक्षा और रोज़गार की कमी के कारण लोगों का पलायन जारी है।



तानिया

ऐसा ही एक पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का चोरसो गांव है। जहां कोई रोज़गार के लिए, तो कोई अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए परिवार समेत शहर की ओर पलायन करने पर मजबूर है। इस गांव की कुल जनसंख्या लगभग 3584 है। जबकि साक्षरता दर 75 प्रतिशत से अधिक है। गांव में उच्च और निम्न जातियों की संख्या लगभग बराबर है। लेकिन बुनियादी सुविधाओं की बात करें तो यहां इसका काफी अभाव है। न तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है और न ही स्थानीय स्तर पर रोज़गार का कोई विशेष साधन उपलब्ध है। रोज़गार की खातिर गांव के अधिकांश युवा शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। दिल्ली, मुंबई, गुजरात और पंजाब जैसे शहरों के होटलों, ढाबों और कंपनियों में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के तौर पर मामूली वेतन पर काम करने को मजबूर हैं। वहीं गांव के 35 प्रतिशत लोग बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए अपने परिवार के साथ मैदानी इलाकों की तरफ पलायन करने पर मजबूर हैं।

इस संबंध में, 18 वर्षीय युवा सौरभ का कहना है कि मैं 12वीं के बाद ही शहर चला गया, क्योंकि मुझे अपने परिवार का खर्चा उठाना था। गांव में रहकर क्या करता? यहां न तो अच्छी शिक्षा है और ना ही रोज़गार का कोई साधन। जिससे मैं गांव में ही रहकर अपने घर का खर्चा उठा सकूं। सौरभ के अनुसार गांव के अधिकांश युवा शहरों का रुख करते हैं। जिससे कि उन्हें रोज़गार मिल सके और वह अपने परिवार की ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकें। वहीं 21 साल के दिनेश कहते हैं कि अगर हमारे गांव में सभी सुविधाएं होती तो आज हम अपने गांव में ही खुद का रोजगार करते, न कि हमें अपने गांव से अनजान शहर में रहना पड़ता। गांव में ही पढ़-लिखकर यदि रोज़गार की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो कोई भी अपने परिवार को छोड़कर शहर जाने को मजबूर नहीं होता। परंतु हमारे लिए यह मजबूरी है कि गांव में रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। रोज़गार की खातिर युवा शहरों का रुख करने पर मजबूर हैं। दिनेश के अनुसार आज चोरसो गांव लगभग युवा विहीन होता जा रहा है। चोरसो की तरह आसपास के कई गांवों के युवा भी इसी राह पर निकल पड़े हैं। जो काफी चिंता का विषय है। वहीं गांव की एक 18 वर्षीय किशोरी काजल का कहना है कि एक तरफ युवा जहां रोज़गार के लिए गांव से पलायन कर रहे हैं, वहीं बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भी कई लोग परिवार के साथ गांव से पलायन करने को मजबूर हैं। यदि गांव में ही अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होती तो पलायन के इस स्वरुप पर रोक लगता। वह कहती है कि जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं, वह अपने बच्चों को शहर ले जाकर प्राइवेट स्कूल में पढ़ा रहे हैं। लेकिन गांव के अधिकांश परिवार जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, उनके बच्चे गांव के ही स्कूल में पढ़ने को मजबूर हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

'कुरल' ग्रंथ के मुताबिक किसान वो धुरी हैं, जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया घूमती है। ये किसान ही हैं, जो सब का भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इस सिद्धांत को अच्छी तरह समझते थे। बहुत से लोग उन्हें कृषि वैज्ञानिक कहते हैं, यानी कृषि के एक वैज्ञानिक, लेकिन, मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वे एक सच्चे 'किसान वैज्ञानिक' थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता उनकी अकादमिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है, ये लैब के बाहर, खेतों और मैदानों में स्पष्ट रूप से दिखती है।

# एम एस स्वामीनाथन

प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं हैं। हमारे देश ने एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति को खोया है, जिन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। हमने एक ऐसे महान व्यक्ति को खोया है, जिनका भारत के लिए योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश और विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवन यापन करें। वे अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वे इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जिसे वे करना चाहेंगे, तो वो है - कृषि क्षेत्र का कायाकल्प।



नरेन्द्र मोदी

बहुत छोटी उम्र में, वे डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आए और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में, अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वे भारत में रहकर देश के लिए काम करना चाहते थे। आज हम सभी को दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डटकर सामना किया और हमारे देश को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गए। आजादी के बाद पहले दो दशकों में, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे और उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी। 1960 के दशक की शुरुआत में, भारत अकाल से जूझ रहा था। इसी दौरान, प्रोफेसर स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने कृषि सेक्टर के एक नए युग की शुरुआत की।

कृषि और गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्यों से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत खाद्यान्न की कमी वाले देश से खाद्यान्न में आत्मनिर्भर वाले राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो गया। इस शानदार उपलब्धि की वजह से से उन्हें 'भारतीय हरित क्रांति के जनक' की उपाधि मिली, जो बिल्कुल सही भी है। हरित क्रांति में भारत की 'कैन डू' की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद, भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गई है। लेकिन, प्रोफेसर स्वामीनाथन द्वारा रखी गई नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

प्रोफेसर स्वामीनाथन ने आलू की फसलों को प्रभावित करने वाले कीटों से निपटने की दिशा में भी प्रभावी अनुसंधान किया था। उनके शोध ने आलू की फसलों को ठंड के मौसम का सामना करने में भी सक्षम बनाया। आज, दुनिया सुपर फूड के रूप में मिलेट्स या श्रीअन्न के बारे में बात कर रही है, लेकिन प्रोफेसर स्वामीनाथन ने 1990 के दशक से ही मिलेट्स के बारे में चर्चा को प्रोत्साहित किया था।



प्रो. स्वामीनाथन के साथ मेरी व्यक्तिगत बातचीत का दायरा बहुत व्यापक था। इसकी शुरुआत 2001 में मेरे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई। उन दिनों, गुजरात आज की तरह अपने कृषि सामर्थ्य के लिए नहीं जाना जाता था। हर कुछ साल पर पड़ने वाले सूखे, तबाही लाने वाले चक्रवात और भूकंप ने राज्य की विकास यात्रा को बुरी तरह प्रभावित किया था। उसी दौर में हमने सॉइल हेल्थ कार्ड की पहल की थी। हमारी कोशिश थी कि हमारे किसानों को मिट्टी को बेहतर ढंग से समझने और समस्या आने पर उसका समाधान करने में मदद मिले।

इसी योजना के सिलसिले में मेरी मुलाकात प्रोफेसर स्वामीनाथन से हुई। उन्होंने इस योजना की सराहना की और इसके लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किये। उनका समर्थन उन लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त था, जो इस योजना को लेकर संशय में थे। आखिरकार इस योजना ने गुजरात में कृषि क्षेत्र की सफलता का सूत्रपात कर दिया। मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद जब मैंने प्रधानमंत्री का पद संभाला, तब भी हमारी बातचीत चलती रही। मैं उनसे 2016 में इंटरनेशनल एग्रो-बायोडाइवर्सिटी कांग्रेस में मिला और अगले वर्ष 2017 में, मैंने उनके द्वारा लिखित दो-भाग वाली पुस्तक श्रृंखला लॉन्च की।

'कुरल' ग्रंथ के मुताबिक किसान वो धुरी हैं, जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया घूमती है। ये किसान ही हैं, जो सब का भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इस सिद्धांत को अच्छी तरह समझते थे। बहुत से लोग उन्हें कृषि वैज्ञानिक कहते हैं, यानी कृषि के एक वैज्ञानिक, लेकिन, मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वे एक सच्चे ÷किसान वैज्ञानिक÷ थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता उनकी अकादमिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है; ये लैब के बाहर, खेतों और मैदानों में स्पष्ट रूप से दिखती है। उनके कार्य ने साइंटिफिक नॉलेज और उसके प्रैक्टिकल उपयोग के बीच के अंतर को कम कर दिया। उन्होंने ह्यूमन एडवांसमेंट और इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी के बीच संतुलन पर जोर देते हुए हमेशा सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की वकालत की।

यहां मैं विशेष तौर पर ये भी कहूंगा कि प्रो. स्वामीनाथन ने छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उन तक इनोवेशन का लाभ पहुंचाने पर बहुत जोर दिया। वे विशेष रूप से महिला किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित थे। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के व्यक्तित्व का एक और पहलू भी है, जो बेहद उल्लेखनीय है। वो इनोवेशन और मेंटोरशिप को बहुत बढ़ावा देते थे। जब उन्हें 1987 में पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला, तो उन्होंने इसकी पुरस्कार राशि का उपयोग एक गैर-लाभकारी रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में किया। आज भी, यह फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहा है। उन्होंने अनगिनत प्रतिभाओं को निखारा है और उनमें सीखने और इनोवेशन के प्रति जुनून पैदा किया है। तेजी से बदलती दुनिया में, उनका जीवन हमें ज्ञान, मार्गदर्शन और इनोवेशन की स्थायी शक्ति की याद दिलाता है। प्रोफेसर स्वामीनाथन एक संस्थान निर्माता भी थे। उन्हें कई ऐसे केन्द्रों की स्थापना का श्रेय जाता है, जहां आज वाइब्रेंट रिसर्च हो रही है। उन्होंने कुछ समय तक मनीला स्थित इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट में भी अहम जिम्मेदारी निभाई थी। दक्षिण एशिया में इस संस्थान का रीजनल सेंटर 2018 में वाराणसी में खोला गया था। मैं प्रो. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए फिर से 'कुरल' ग्रंथ को उद्धृत करूंगा। उसमें लिखा है, यदि योजना बनाने वालों में दृढ़ता हो, तो वे वही परिणाम हासिल करेंगे, जो वे चाहते हैं।÷ प्रो. स्वामीनाथन एक ऐसे दिग्गज व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की शुरुआत में ही ये तय कर लिया था कि वो कृषि को मजबूत करेंगे और किसानों की सेवा करेंगे। उन्होंने इस संकल्प को बेहद ही रचनात्मक तरीके से और जुनून के साथ निभाया। जैसे-जैसे हम एग्रीकल्चरल इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे, डॉ. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

# एशियाड 2023 में भारत की चमक से दुनिया चौंकी

**19वें एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने भारत का मस्तक ऊंचा करने वाला प्रदर्शन किया है, जिसका असर भारतीय खेल तंत्र ही नहीं बल्कि आम जनजीवन पर गहरे पड़ने वाला है। पदकों के कीर्तिमान देश के बच्चों और युवाओं में अनूठा करने के संकल्पों को आसमानी ऊंचाई देगा। विशेषतः युवतियों एवं बालिकाओं को हौसला मिलेगा।**

खेलों में ही वह सामर्थ्य है कि वह देश एवं दुनिया के सोये स्वाभिमान को जगा देता है, क्योंकि जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एकाग्रता एवं अनूठा करने का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अनूठा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी माप बन जाते हैं और जो माप बन जाते हैं वे मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ, सकारात्मक एवं अविस्मरणीय स्थिति है। भारत की अनेकानेक अनूठी एवं विलक्षण उपलब्धियों के बीच चीन के हांगझू में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में भारत एवं उसके खिलाड़ियों ने जिस तरह अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए 83 पदक अर्जित कर लिए, वह न केवल भारत के खिलाड़ियों बल्कि हर युवा के मन और माहौल को बदलने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास है। शतक पदकों की ओर बढ़ने की गौरवपूर्ण स्थिति से भारत में नयी ऊर्जा का संचार होगा, इससे नया विश्वास, नयी उम्मीद एवं नयी उमंग जागेगी। इसके पहले जकार्ता में आयोजित एशियाई खेलों में भारत को कुल 70 पदक मिले थे।



ललित गर्ग

एशियाड में भारत के ऐतिहासिक, अनूठे एवं अविस्मरणीय प्रदर्शन का जारी रहना सुखद, गर्व एवं गौरव का विषय है। बुधवार को भारत ने एशियाई खेलों में 70 पदक जीतने का अपना पूर्व रिकार्ड तोड़ते हुए पदक-यात्रा को नए कीर्तिमान की ओर अग्रसर किया है। भारतीय खिलाड़ियों द्वारा किया गया प्रदर्शन खेल-भाल पर लगे अक्षमता के दाग को धो दिया है। हमारे देश में यह विडंबना लंबे समय से बनी है कि दूरदराज के इलाकों में गरीब परिवारों के कई बच्चे अलग-अलग खेलों में अपनी बेहतरीन क्षमताओं के साथ स्थानीय स्तर पर तो किसी तरह उभर गए, लेकिन अवसरों और सुविधाओं के अभाव में उससे आगे नहीं बढ़ सके। लेकिन इसी बीच एशियाड में कई उदाहरण सामने आए, जिनमें जरा मौका हाथ आने पर उनमें से हर खिलाड़ी ने दुनिया से अपना लोहा मनवा लिया। अनेक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने बहुत कम वक्त के दौरान अपने दम से यह साबित कर दिया कि अगर वक्त पर प्रतिभाओं की पहचान हो, उन्हें मौका दिया जाए, थोड़ी सुविधा मिल जाए तो वे दुनिया भर में देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अब हमारे पास ऐसे अनेक नाम हैं जिन्होंने स्वर्णिम इतिहास रचा है, जबकि पहले ऐसे नामों का अभाव था, कुछ ही नाम थे जिनको दशकों से दोहराकर हम थोड़ा-बहुत संतोष करते रहे हैं, फिर चाहे वह फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह हों या पीटी उषा।

19वें एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने भारत का मस्तक ऊंचा करने वाला प्रदर्शन किया है, जिसका असर भारतीय खेल तंत्र ही नहीं बल्कि आम जनजीवन पर गहरे पड़ने वाला है। पदकों के कीर्तिमान देश के बच्चों और युवाओं में अनूठा करने के संकल्पों को आसमानी ऊंचाई देगा। विशेषतः युवतियों एवं बालिकाओं को हौसला मिलेगा। क्योंकि एशियाई खेलों में लड़कियों का प्रदर्शन बुलन्द रहा, स्वागत योग्य है। निश्चित ही पदक विजेता महिला खिलाड़ियों की सोच भीड़ से अलग थी और यह सोच एवं कृत जब रंग दिखा रहा थी तो इतिहास बन रहा था। अनेक महिला खिलाड़ी पहली बार दुनिया की नजरों में आई और बन गई हैं हर किसी की आंखों का तारा। अपने प्रदर्शनों एवं खेल प्रतिभा से दुनिया को चौंका दिया है। भारत के गांव-देहात की लड़कियों ने भी चीन के हांगझोउ में झंडे गाड़ दिए हैं। लंबी दौड़, भाला फेंक, तलवारबाजी, टेबल टेनिस इत्यादि ऐसे खेल हैं, जिनमें लड़कियों ने भारत के लिए एक नई शुरुआत की है। स्वर्ण पदक जीतने वाली लड़कियों में वह अनु रानी भी शामिल हैं जो अपने गांव में खेती में गन्ने को भाला बनाकर फेंका करती थीं। उन्हें जब सुविधा मिली तो उन्होंने विश्व स्तर पर कमाल कर दिखाया। बिल्कुल जमीन से उठी अनु रानी और पारूल चौधरी जैसी खिलाड़ियों की वीरगाथा जब लोगों की निगाह में आती है तो पुरुषार्थ के नए लक्ष्य खड़े होते हैं। पारूल चौधरी तो अपने गांव की टूटी-फूटी सड़क पर भी दौड़ा करती थीं, पर जब परिवार ने प्रोत्साहित किया, तब वह एशियाड में 5,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण ले आई।




भारतीयों में न तो प्रतिभा कम है, न जुनून और न मेहनत में कोई कमी रहती है। तभी एशियन गेम्स के 72 साल के इतिहास में पहली बार सबसे अधिक पदक जीत कर नया इतिहास गढ़ा हैं। भारत का इससे पहले किसी एशियन गेम्स में सबसे अधिक मेडल जीतने का रिकॉर्ड साल 2018 का था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता तो इसके बाद पुरुष 4 गुणा 400 मीटर रिले में अनस मोहम्मद याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल वी, राजेश रमेश ने गोल्ड जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने तीरंदाजी मिक्स्ड टीम कंपाउंड का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खेलों में खास करने का यह निर्णायक मोड़ जकार्ता 2018 से आया है। पदकों की जो बढ़त भारत ने हासिल की है, उसे आगे थमने नहीं देना चाहिए। ध्यान रहे, चीन अकेले ही 165 से भी ज्यादा स्वर्ण जीत चुका है। जापान और कोरिया भी कुल 150-150 पदकों के करीब पहुंच गए हैं। मतलब, आगे हमारा रास्ता लंबा है, चुनौतीपूर्ण है, हमें ज्यादा तेज चलना होगा। भले ही भारत पदक तालिका में चीन, जापान और दक्षिण कोरिया से पीछे है लेकिन एशिया में चौथी बड़ी खेल शक्ति के रूप में उभरना भी एक उपलब्धि है। इस उभार का एक प्रमाण यह है कि हांगझू में भारतीय खिलाड़ियों ने एक ही दिन में 15 पदक जीते। इसी तरह कुछ खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने पहले और दूसरे दोनों स्थानों पर कब्जा किया यानी स्वर्ण के साथ रजत पदक भी जीता।

एशियाड की विजयगाथाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायी है। जिस प्रकार से विभिन्न खेलों में भारतीयों ने प्रदर्शन किया है, उससे भविष्य के लिए खेल-योजना बनाने में मदद मिलेगी। इसमें कोई शक नहीं है कि सीमित संसाधनों और कमजोर खेल-बुनियाद के बावजूद भारतीयों खेलों की तस्वीर बदलने लगी है, खेलों के लिये प्रोत्साहन, सुविधा एवं साधना का अभाव भी दूर हो रहा है। खेलो इंडिया अभियान को पांच वर्ष ही बीते हैं और उसके नतीजे सतह पर दिखने लगे हैं। जाहिर है, खेल विकास की विशेष योजनाओं व प्रयासों को बल मिलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं, उन्हें एवं समूचे देश को उम्मीद है कि भारत अब विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में किसी से कम नहीं रहने वाला है। राष्ट्र के खिलाड़ी अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वे शिखर पर पहुंच सकते हैं। विश्व को बौना बना सकते हैं। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकते हैं, भले ही रास्ता कितना ही कांटों भरा हो, अवरोधक हो। इस बार एशियाड का आयोजन वास्तव में हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने का सशक्त माध्यम बना है। इस खेलों के महाकुम्भ से निश्चित ही अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, विश्वव्यापी पहचान बनाने और अपने अस्तित्व से दुनिया को चौंकाने की भूमिका बनी है।

# राज्यों में चुनाव बनाम मुफ़्त की घोषणाओं की बारिश

**सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस ने कहा कि चुनाव से पहले सभी तरह के वादे किए जाते हैं। इसपर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यहां सिर्फ वादों की बात नहीं हो रही है, इसकी वजह से नेट वर्थ निगेटिव हो रहा है। नेता जिला जेल को बेचने तक की हद तक चले गए हैं। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह भी कहा कि इस मामले को भी मुफ्त के वादों पर पहले से लंबित याचिका के साथ सुना जाएगा।**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्रभारत में लगभग प्रतिवर्ष चुनावी पर्व होता ही रहता है।परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि राज्य स्तरपर किसी राज्यमें विधानसभा चुनाव की संभावना का पता उस राज्य की जनता को ही नहीं पूरे विश्व को चल जाता है कि इस राज्य में चुनावी मौसम की घटनाएं घट रही है। वह ऐसे कि कुछ अवधि पूर्ण से ही राजनेता अपनी-अपनी बिसात बिछाना शुरू कर देते हैं। तबतोब दौरे, जन भागीदारी को महत्व, जनसंपर्क, जनता की गतिविधियों में शामिल होना शुरू कर देते हैं क्योंकि इसका दूरगामी परिणाम चुनाव में देखने को मिल जाता है। परंतु अभी हम देख रहे हैं कि एक नई प्रथा शुरू हो गई है, मुफ्त की घोषणाएं! जिसमें इतने यूनिट बिजली फ्री, गैस सिलेंडर लैपटॉप वाईफाई इंटरनेट कोविड से लेकर अभी तक राशन फ्री इत्यादि अनेक प्रकार कीमुफ़्त घोषणाओं का परचम लहराया जाता है। आज अगर वह पार्टी सिलेंडर 600 में देने की घोषणा कर दी है तो यह पार्टी 500 में देने की घोषणा कर रही है। वह महिलाओं को इतने हजार फ्री देने की घोषणा कर रहे हैं तो यह इतने हजार फ्री देने की घोषणा कर रही है,ऐसे में जनता जनार्दन को चुनावी पर्व में आनंद आना स्वाभाविक बात भी है। इसके अतिरिक्त चुनाव से एक दिन पहले भी रात को प्रसिद्ध पुरानी कहावत कत्ल की रात आई यह भी बोलते हैं, क्योंकि उस रात जनता पर हरों की बारिश भी होती है। यह मैंने स्वयं ने भी अपने पड़ोस में अपनी आंखों से देखा है किस तरह कार्यकर्ता थैली में लेकर आते हैं और जितने घर के मेंबर उतने हरे देकर जाते हैं! खैर यह तो अंदर की बात है,परंतु यह मुफ्त की घोषणाएं वर्तमान में ही नहीं इसकी प्रथा 1954 से देखने को मिल रही है, जिसकी चर्चा हम नीचे पैरा में करेंगे।चूंकि अभी दो राज्यों में चुनाव आयोग ने सर्वे कर लिया है,तारीखें घोषित करने के लिए उच्च स्तरीय सभा हो गई है उम्मीद है बहुत जल्द तारीखें घोषित हो जाएगी।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में 70 वर्षों से जारी चुनावी फ्री स्कीम्स को बंद करने का स्थाई समाधान ढूंढना समय की मांग है।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम सीईओ के विचारों और पांच राज्यों में चुनाव तारीखों की करें तो, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ने गुरुवार को कहा था कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। चुनाव में धनबल, मुफ्त की रेवड़ियों आयोग के रडार पर होंगी। देश के पांच राज्यों में अगले महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव की तारीख का एलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन कहा जा रहा है कि इसको लेकर अहम जानकारी सामने आई है। कहा जा रहा है कि नवंबर के दूसरे हफ्ते और दिसंबर के पहले हफ्ते के बीच पांच राज्यों में चुनाव कराए जा सकते हैं। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वो राज्य हैं- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम। विधानसभा चुनाव की तारीखों को लेकर दिल्ली में पर्यवेक्षकों की अहम बैठक हो गई है। इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा दोनों चुनाव आयुक्त भी शामिल थे। साथ हीजनरल ऑब्जर्वर, एक्सपेंडिचर और सिक्योरिटी ऑब्जर्वर भी मौजूद थे। अगले हफ्ते चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है। मीडिया में एक रिपोर्ट केमुताबिक राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में एक चरण में चुनाव हो सकते हैं। पिछली बार भी इन राज्यों में एक ही चरण में मतदान हुआ था। वहीं, छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव कराए जाने की संभावना है। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को खत्म हो रहा है। वहीं, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में खत्म होगा।




साथियों बात अगर हम दो राज्यों में मुफ्त घोषणाओं पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल करने और नोटिस जारी होने की करें तो, मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की तरफ से चुनाव से पहले की जा रही घोषणाओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्यसरकारों केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। मुफ्त की घोषणाओं पर पहले से लंबित याचिका के साथ इस मामले को भी जोड़ा गया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनावी लाभ के लिए बनाई जा रही योजनाओं से आखिरकार आम लोगों पर ही बोझ पड़ता है राजस्थान और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले लोगों के लिए ऐसी योजनाओं का ऐलान किया जा रहा है, जिसमें उन्हें कैश दिया जाएगा। इसे फ्रीबीज भी कहा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस ने कहा कि चुनाव से पहले सभी तरह के वादे किए जाते हैं। इसपर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यहां सिर्फ वादों की बात नहीं हो रही है, इसकी वजह से नेट वर्थ निगेटिव हो रहा है। नेता जिला जेल को बेचने तक की हद तक चले गए हैं। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह भी कहा कि इस मामले को भी मुफ्त के वादों पर पहले से लंबित याचिका के साथ सुना जाएगा। राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव जीतने के लिए की जाने वाली मुफ्त की घोषणाओं के खिलाफ वकील अश्विनीउपाध्याय की याचिका पहले से लंबित है। नई याचिका मध्य प्रदेश के रहने वाले ने दाखिल की है।उनका कहना है कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री एक के बाद एक घोषणाएं करते जा रहे हैं। इनसे सरकारी खजाने पर हजारों करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। चुनावी लाभ के लिए बनाई जा रही योजनाओं का खर्च आखिरकार आम लोगों को ही उठाना पड़ता है। याचिकाकर्ता ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्री कार्यालय को भी पक्ष बनाया था। लेकिन कोर्ट ने उन्हें पक्षकारों की लिस्ट से हटाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि नोटिस राज्य सरकार को भेजा जाना चाहिए, न कि मुख्यमंत्री को। इसके साथ ही कोर्ट ने रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी करने से मना कर दिया। साथियों बात अगर हम पिछले 70 वर्षों से चली आ रही मुफ्त घोषणाओं स्कीमों की करें तो (1) सबसे पहले मद्रास राज्य में कामराज ने 1954 से 1963 के दौरान मुफ्त शिक्षा स्कूली छात्रों के लिए मुफ्त भोजन जैसे स्कीम की घोषणा की थी।(2)1967 में डीएमके फाउंडर ने तमिलनाडु चुनाव में रुपए में 4.30 किलो चावल देने जैसे वादे किए थे। (3) 1982 में सी रामचंद्रन नेकामराज की तरह ही तमिलनाडु में बच्चों को मुफ्त भोजन की योजना शुरू की थी।(4) 1980 के दशक में आंध्र प्रदेश के एंन टी रामाराव ने 2 रुपए किलो चावल देने की योजना लागू की थी, जो मुझे भी याद है, बचपन में मैं रोज रेडियो पर इस योजना के बारे में सुनता था।

# सामाजिक सरोकारों से आजीवन जुड़े रहे डीपी बोरा : ब्रजेश पाठक

अवधनामा संवाददाता



- जयंती पर याद किए गए पूर्व विधायक डीपी बोरा
- 116 दिव्यांगों में ट्राईसाइकिल व अन्य उपकरणों का वितरण

**लखनऊ।** वरिष्ठ राजनेता रहे डी.पी.बोरा की जयंती पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उनसे जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कहा कि वे आजीवन सामाजिक सरोकार से जुड़ कर लोगों के कल्याण का काम करते रहे। श्री बोरा सदैव छात्रों की चिंता करते थे और हर मूवमेंट में रास्ता दिखाते थे।

पूर्व विधायक डी.पी. बोरा की 83वीं जयंती पर शनिवार को लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित मान लान में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत आयोजित सहायक उपकरण वितरण शिविर को संबोधित करते हुए श्री पाठक ने कहा कि वर्ष 1985 से 1992 तक मैं लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों के हितार्थ सक्रिय रहा। उस दौरान श्री बोरा ने मुझे प्रोत्साहित किया और हर चुनाव में मदद भी की। श्री पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

शिविर का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डा. नीरज बोरा ने डी.पी. बोरा के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ किया। शिविर में 116 दिव्यांगजन में 21 लाख 92 हजार के 179 सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया जिसमें मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, बैसाखी, छड़ी, ब्रेल किट, सुगम्य केन, स्मार्ट फोन, कान की मशीन, कृत्रिम अंग और कैलिपर्स शामिल थे। इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लखनऊ उत्तरविधान सभा क्षेत्र के लगभग तीन सौ लाभार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

विधायक डा. नीरज बोरा ने अपने स्वर्गीय पिता को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जनता की सेवा को ही अपना धर्म माना और समाज के कमजोर वर्ग के साथ खड़े रहे। उन्होंने लखनऊ में न केवल दर्जनों बस्तियां बसाई अपितु लखनऊ से दो बार विधायक निर्वाचित होकर सदन में आम अवाम की आवाज को बुलन्द किया। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि डी.पी. बोरा ने सेवा के माध्यम से जनता को परिवार के रुप में जोड़ा और जनता ने भी उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना। उन्होंने सत्ता को सुख का नहीं अपितु सेवा का माध्यम बनाया।

# सीएम योगी ने गांगेय डॉल्फिन को दिया प्रदेश के जलीय जीव का दर्जा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत के मुस्तफाबाद से गांगेय डॉल्फिन को प्रदेश के जलीय जीव का दर्जा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि तालाबों और नदियों को शुद्ध रखने का प्रयास करना चाहिए। गांगेय डाल्फिन प्रदेश में गंगा, यमुना, चम्बल घाघरा, राप्ती, गेरूआ आदि नदियों में पायी गयी है। एक अनुमान के अनुसार राज्य में गांगेय डाल्फिन की संख्या लगभग 2000 है।

सीएम ने कहा कि वन्य जीवों को लेकर किस प्रकार का व्यवहार होना चाहिए, इसका प्रशिक्षण यहां के लोगों को दिया जाना चाहिए। टाइगर रिजर्व से जुड़े आरक्षित क्षेत्र के हर गांव के लोगों को ट्रेनिंग देकर उन्हें गाइड के रूप में मान्यता देनी चाहिए, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। पूरे गांव में जागरूकता भी पैदा होगी। उन्होंने कहा कि हमें यह भी देखना होगा जो पर्यटक या स्थानीय लोग आते हैं।

# पार्षदों को ट्रेनिंग देगी भाजपा

## लखनऊ में आज से दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, अयोध्या और गोरखपुर के सभासद पहुंचे



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भारतीय जनता पार्टी जिला पंचायत अध्यक्षों और सदस्यों के बाद अब पार्षदों को ट्रेनिंग देने जा रही है। लखनऊ के निराला नगर स्थित रेजिडेंट होटल में शनिवार दोपहर में ट्रेनिंग की शुरुआत हुई। जिसमें भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत पार्टी के कई नेता शामिल हुए। रविवार को प्रशिक्षण के अंतिम दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहेंगे।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए पहले बीजेपी ने जिला पंचायत सदस्य और अध्यक्षों की ट्रेनिंग कर चुकी है और अब पार्षदों को भी चुनाव की तैयारी के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण प्रोग्राम में लखनऊ अयोध्या और गोरखपुर के 149 पार्षद शामिल होंगे इन पार्षदों को भाजपा अपने रीति और नीति से अवगत कराएगी।

भाजपा के द्वारा बुलाई गई इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी पार्षदों को पहले दिन तीन सत्रों में ट्रेनिंग दिया जाएगा जिसमें पहला सत्र में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पार्षदों को संबोधित करेंगे। दूसरा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और तीसरा सत्र में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक सभी पार्षदों को संबोधित करेंगे और भाजपा के आगामी योजनाओं से अवगत कराएंगे।

### भाजपा अपनी रीति नीति से कराएगी अवगत

आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बनाई जा रही रणनीतियों से भी इन पार्षदों को अवगत कराया जाएगा साथ ही इन पार्षदों को इन दो दिवसीय प्रशिक्षण में भाजपा की रीति- नीति के बारे में भी बताया जाएगा। जिससे कि वह अपने क्षेत्र में जाकर अपने लोगों से मोदी सरकार की योजनाओं को बता सकें।

# भाजपा के नेताओं का चाल, चरित्र उजागर हुआ : प्रमोद

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने कहा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं 'इण्डिया' के सर्वमान्य नेता तथा देश एवं विदेश में अपनी मेहनत एवं ज्ञान से प्रतिष्ठा प्राप्त करने वाले कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'पद यात्रा' करके देश में भौगोलिक एवं सांस्कृतिक पहचान बनाने वाले राहुला गाँधी की भारतीय जनतापार्टी द्वारा रावण से तुलना करके रावण के रूप में उनका पोस्टर लगा रही है, इससे राहुल गाँधी की प्रतिष्ठा पर कोई आँच नहीं आने वाली है बल्कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का चाल, चरित्र एवं उनका दूषित चेहरा तथा उनकी राजनीति का घटियापन उजागर हो गया है।

श्री तिवारी ने कहा है कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक भारतीय जनतापार्टी के किसी नेता ने इसका खण्डन नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी एवं केन्द्रीय गृह मन्त्री अमित शाह रोज बोल रहे हैं किन्तु इस प्रकरण पर कुछ भी नहीं बोल रहे हैं बल्कि अपने प्रवक्ताओं तथा नेताओं की 'टीम' उतार कर इसे और हवा दे रहे हैं तथा इसे जायज ठहरा रहे हैं । क्या यह भारतीय जनतापार्टी की गाली गलौज और विरोधी नेताओं के प्रति दूषित मानसिकता को नहीं दर्षाती है? श्री तिवारी ने कहा है कि जिनकी दादी स्व. इन्दिरा गाँधी एवं पिता स्व. राजीव गाँधी जी ने आतंकवाद से लड़ते हुये देश की एकता और अखण्डता की रक्षा करते हुये अपने प्राणों की आुति दी है।

# टीएमयू संस्कारों की पाठशाला : सृष्टि भूषण

अवधनामा संवाददाता



- बोलीं, वे पुण्यवान माता-पिता होते हैं, जो कार के साथ साथ संस्कार देते हैं

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के रिद्धि-सिद्धि भवन में प्रातःकाल की मधुर बेला में वात्सल्य कीर्ति आर्यिका रत्न 105 श्री सृष्टि भूषण माताजी और कंठ कोकिला आर्यिका रत्न 105 श्री विश्वयशमती माताजी के सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक और शांतिधारा हुई। आस्था में डूबे श्रावक-श्राविकाओं ने श्रीजी की सुरमय धुनों और भजनों पर आरती की। आर्यिका रत्न 105 श्री सृष्टि भूषण माताजी ने अपने आशीर्वचन में कहा, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी संस्कारों की पाठशाला है। टीएमयू के छात्रों को पूजा और पूजा के अर्घ्य पढ़ने और क्रियाएं करने में दक्षता प्राप्त है। शिक्षा के साथ संस्कार मिल जाएं तो व्यक्ति मुक्ति की ओर बढ़ जाता है। जैन संत भारत में प्रज्ञा का दीप जलाने में जुटे हुए हैं। संतों का उद्देश्य भारत को संस्कारों की पाठशाला बनाकर विश्वगुरु बनाना है। माताजी ने कुलाधिपति सुरेश जैन और फर्स्ट लेडी वीना जैन को भी आशीर्वाद देते हुए उनकी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। साथ ही तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का सुयश पूरे विश्व में फैलने की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में जीवीसी श्री मनीष जैन और श्रीमती ऋचा जैन के संग-संग मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। आर्यिका रत्न 105 श्री सृष्टि भूषण माताजी और कंठ कोकिला आर्यिका रत्न 105 श्री विश्वयशमती माताजी के सानिध्य में टीएमयू कैंपस में कल- रविवार को भव्य रथयात्रा निकलेगी। रथयात्रा महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

आर्यिका रत्न 105 सृष्टि भूषण माताजी बोलीं, वे पुण्यवान माता-पिता होते हैं, जो कार के साथ साथ संस्कार देते हैं। जिनवाणी सदा उनके गीत गाती है, जिनके जीवन में संस्कार और साधना उतर जाते हैं। उन्होंने तुमको पूजे सुरपति अहिपति नरपति देव..., आज धन्य मानुष भयो पायो जिनवर थान... पढ़ते हुए बताया कि जहां महावीर की पूजा की जाती है, संस्कार पाले जाते हैं, वो पुण्यवान बनकर भगवान बनने की राह प्रशस्त करते हैं। माताजी ने मेरी भावना नामक रचना के पद्यों का उल्लेख किया। शिकारी और तोते की कहानी के जरिए बताया कि कर्म-धर्म करो उसमें जीओ, दिखावा न करो। नियमों के प्रदर्शन पर नहीं अनुपालन पर ध्यान दो ताकि अनंत चतुष्टय को पा सकें। गरीब गुरु और शिष्य की कहानी के जरिए बताया कि परमात्मा जो हमारे साथ करता है वह हमारी भलाई के लिए ही होता है। हमें उस पर भरोसा रखते हुए अच्छे कर्म करने चाहिए।

दूसरी ओर आचार्य गुरुवर श्री 108 सुमति सागर जी महाराज की परम प्रभाविका शिष्या वात्सल्य मूर्ति आर्यिका रत्न सृष्टि भूषण माताजी एवं कोकिला कंठ आर्यिका रत्न विश्वयशमति माताजी ससंघ का मंगल आगमन की संध्या पर रिद्धि-सिद्धि भवन में गुरु भक्ति हुई।

# कानून-व्यवस्था के लिए गेमचेंजर बनेगा क्लाउड बेस्ड आर्किटेक्चर डिजायन

- लाइव ऑपरेशन देख सकेंगे अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यूपी पुलिस नया प्रयोग कर रही है। क्लाउड बेस्ड आर्किटेक्चर डिजायन की मदद से पुलिसकर्मी खास नेटवर्क इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके जरिए 30 मिलियन सेकंड में कॉल कनेक्ट होने के साथ पूरे प्रदेश में पुलिसकर्मियों को एक-साथ संदेश और वीडियो भेजा जा सकेगा। वहीं हाई रिस्क ऑपरेशन के दौरान केवल एक पुश बटन दबाने से डीजीपी मुख्यालय और शासन के अधिकारी लाइव वीडियो देख सकेंगे। यह नेटवर्क साइबर अटैक से पूरी तरह सुरक्षित भी रहेगा।

हाल ही में पुलिस रेडियो मुख्यालय के स्थापना दिवस समारोह के दौरान पैनल डिस्कशन में आईपीएस अधिकारियों ने इस नई तकनीक पर मंथन किया। इसे मशीन टू मशीन (एमटूएम) सिम के इस्तेमाल से इसे और सुरक्षित और प्रभावी बनाया जाएगा। इसका प्रयोग हाल ही में पुलिस रेडियो मुख्यालय ने कांवड़ यात्रा में किया था, जिसके बाद मेरठ और बरेली जोन के पुलिसकर्मी आपस में सीधे बातचीत कर रहे थे। इसका इस्तेमाल करने से बार्डर एरिया में अलग-अलग चैनल पर बात करने की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। लखनऊ और वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में इसका प्रयोग शुरू कर गया है। वहीं अयोध्या में भी इसे जल्द शुरू करने की तैयारी है। शासन में इसका प्रस्ताव भेज दिया गया है। इसका इस्तेमाल करने से पुलिसकर्मी अधिकारियों को अपनी गलत लोकेशन नहीं बता सकेंगे। इसमें उनकी लाइव लोकेशन का पता भी चल जाएगा। जटिल ऑपरेशन के दौरान मोर्चा संभाले हुए पुलिसकर्मी केवल वॉयस कमांड से अपने मोबाइल से कॉल करके अधिकारियों को पल-पल की सूचनाएं और वीडियो भेज सकेंगे।

# वेबीनार में विद्युत उपभोक्ताओं ने जुड़कर बताई अपनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

- अपने अधिकार को लेने के लिए संवैधानिक व्यवस्था के तहत जागरूक रहने का दिलाया संकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले साप्ताहिक व में सैकडो की संख्या में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं ने वेबीनार में शामिल होकर अपनी समस्याएं बताई वहीं उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने प्रदेश के अपने उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए उन्हें कानूनी नियमों की बारीकियां से अवगत कराया आज के वेबीनार में बडी संख्या में उपभोक्ताओं ने पावर कारपोरेशन के नए बिलिंग सॉफ्टवेयर पर सवाल उठाते हुए कहा जब से यह नया सॉफ्टवेयर आया है उपभोक्ताओं के बिल अधिक बना रहे हैं संशोधन आसानी से नहीं हो पता बिलिंग सॉफ्टवेयर से उपभोक्ताओं को काफी समस्या उठानी पड रही है वहीं आगरा व प्रतापगढ से जुडे विद्युत उपभोक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा आगरा ताज ट्रेपीजियम क्षेत्र में जुडे होने के बाद भी विद्युत आपूर्ति केवल 15 से 16 घंटा मिल पा रही है इसी प्रकार गाजियाबाद से जुडे एक उद्यमी ने कहा यहां उद्योगों की अनेकों समस्याएं हैं लेकिन पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के उच्चाधिकारी बात करने को तैयार नहीं है ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद भी समय से नहीं बदला जाता आजमगढ के विद्युत उपभोक्ताओं ने अपनी बिलिंग संबंधी समस्याओं पर बात की। नोएडा क्षेत्र से जुडे विद्युत उपभोक्ताओं ने उपभोक्ता परिषद का व्यक्त किया आभार कहा उपभोक्ता परिषद के हस्तक्षेप के बाद बिल्डरों द्वारा की जा रही कॉमन एरिया की डबल वसूली पर अंततः नोएडा क्षेत्र में जारी हुआ आदेश अब उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने अपने विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को समय बध तरीके से बिजली कंपनियों से निस्तारित कराने का आश्वासन देते हुए कहा जल्द ही संबंधित क्षेत्रीय अभियंताओं को उपभोक्ता परिषद सभी समस्याओं से अवगत कराएगा वही जो नीतिगत समस्याएं हैं उसे पर उपभोक्ता परिषद प्रबंधन से बात करेगा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं ने बिजली कंपनियों के कार्मिकों के व्यवहार में सुधार की मांग उठाई कहा हम प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली कंपनियों के अभियंता कार्मिक अनेकों जनपदों में अच्छे से बात नहीं करते जिस पर उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा इस पर वह प्रबंधन से बात करेंगे कि प्रबंधन सभी विद्युत उपभोक्ताओं को स्टैंडर्ड और परफॉर्मेंस कानून के तहत जो भी उनका संवैधानिक सुविधा है।

# टीएमयू को एक्सीलेंस इन स्किल्स डवलपमेंट अवार्ड


अवधनामा संवाददाता

- अवार्ड समारोह में देश की लगभग 40 यूनिवर्सिटीज़ के वीसी और डीन ने की शिकरत

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की झोली में एक ओर अवार्ड आया है। ऑब्जर्व नाउ एवम् लिंक्डइन टैलेंट सॉल्यूशन की ओर से जयपुर में आयोजित तीसरे एजुकेशन लीडर्स कॉन्क्लेव एंड अवार्ड समारोह में टीएमयू को एक्सीलेंस इन स्किल्स डवलपमेंट-2023 के अवार्ड से सम्मानित किया गया। टीएमयू की ओर से के वीसी प्रो. रघुवीर सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया। राजस्थान के हायर एजुकेशन विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. फिरोज अख़्तर और ऑब्जर्व नाउ की को-फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ मिस तानिया टिक्कू ने प्रो. सिंह को ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन इस पुरस्कार को यूनिवर्सिटी की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहते हैं, स्किल्स डवलपमेंट के प्रति हम बेहद संजीदा हैं। टीएमयू का लक्ष्य हमेशा वैश्विक जरूरतों पर फोकस रहता है। एजुकेशन लीडर्स कॉन्क्लेव एंड अवार्ड समारोह में देश की लगभग 40 यूनिवर्सिटीज़ के वीसी और डीन ने शिकरत की। टीएमयू के वीसी प्रो. सिंह ने रोल ऑफ टेक्नोलॉजी फोर डवलपमेंट स्किल्स टू इंहैंस एम्प्लॉयएबिलिटी पर अपना व्याख्यान भी दिया। प्रो. सिंह ने व्याख्यान में बोलते हुए कहा, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद समेत दुनिया की सभी यूनिवर्सिटीज़ का एम्प्लॉयएबिलिटी पर ख़ासा जोर है। इसमें कोई शक नहीं कि तकनीक ने यूनिवर्सिटीज़ और स्टुडेंट्स के लिए एम्प्लॉयएबिलिटी को और ज्यादा सहज बना दिया है। स्किल्स को डवलप करने के लिए दो पहलु अति विचारणीय हैं।

# गणित ओलम्पियाड में सीएमएस के 14 छात्र चयनित

अवधनामा संवाददाता



- मेधावी छात्र ने अपने ज्ञान-विज्ञान का लहराया परचम

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 14 मेधावी छात्रों ने इण्डियन ओलम्पियाड क्वालीफायर इन मैथमेटिक्स (आईओक्यूएम) परीक्षा में चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह परीक्षा नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स (एनबीएचएम) के संयोजकत्व में मैथमेटिक्स टीचर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई। आईओक्यूएम परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले सी.एम.एस. के 14 मेधावी छात्रों में अथर्व शुक्ला, सिद्धिमा शुक्ला, लोकेश सिंह, केशव शर्मा, फैजान, श्रेष्ठ मेहरोत्रा, शौर्य मणि, तेजस, हर्षवर्धन सिंह, प्रहर्ष चतुर्वेदी, रिषभ अग्रवाल, प्रांजली सिंह, रमन वत्सल मिश्रा एवं वैभव मणि त्रिपाठी शामिल हैं। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इन सभी सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के मेधावी छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का जोरदार प्रदर्शन किया, तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सफलता अर्जित कर सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र ने अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया है। इन सभी मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शैक्षिक वातावरण एवं अपने शिक्षकों के आत्मीयतापूर्ण मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन को दिया है। अब ये छात्र होमी भाभा सेन्टर फॉर साइन्स एजूकेशन (एच.बी.सी.एस.ई.) के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के अगले चरणों में सफलता अर्जित करने के उपरान्त इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में देश का प्रतिनिधित्व कर पायेंगे।

श्री शर्मा ने बताया कि वैज्ञानिक युग के महत्व को स्वीकारते हुए सी.एम.एस. अपने छात्रों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से जोरदार प्रयास कर रहा है। छात्रों की प्रतिभा निखारने के लिए सी.एम.एस. में पूरे वर्ष विभिन्न विषयों में अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्रों को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है, साथ ही उनमें आत्मविश्वास का संचार भी होता है।

# ताइक्वाण्डो में सीएमएस छात्राओं ने जीती ट्राफी




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) की प्रतिभाशाली छात्राओं ने यूपी ओपेन ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप-2023 में अण्डर-14 बालिका वर्ग की चैम्पियनशिप ट्राफी जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह चैम्पियनशिप लखनऊ स्पोर्ट्स ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें सी.एम.एस. बालिकाओं की टीम ने 2 गोल्ड मेडल, 1 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाकर अपनी खेल प्रतिभा का अभूतपूर्व परचम लहराया है। इस ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है।

# प्रदेश में स्मार्ट मीटर जिस उद्देश्य से लगे वह पूरी तरह फिसड्डी साबित हुए

अवधनामा संवाददाता

- ऊर्जा मंत्रालय की टीम ने प्रदेश के 12 लाख स्मार्ट मीटरों की जानी थी सच्चाई अब रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों में लगे लगभग 12 लाख स्मार्ट मीटर जिसके रोल आउट प्लान के तहत उपभोक्ता संतुष्टि के मानक को चेक करने के लिए भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय के उच्चधिकारियों की एक टीम विगत माह सभी बिजली कंपनियों मे स्मार्ट मीटर के मामले में जांच किया था और कुछ उपभोक्ताओं से मुलाकात की थी जिस पर भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जो रिपोर्ट जारी की गई है और इसकी सूचना पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक को भेजी गई है रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि स्मार्ट मीटर जिस उद्देश्य के लिए लगाया गया था उसमें फेल साबित हुआ है क्योंकि वह पूरी तरह मैनुअली काम कर रहा है बिलिंग सॉफ्टवेयर को सही तरीके से चलाने के लिए एमडीएम का इंटीग्रेशन बाधित है जिसकी वजह से जनरेशन ऑफ बिल और बकाया पर कनेक्शन काटने और जोडने में भी समस्या आ रही है जिसका प्रभाव प्रदेश के उपभोक्ताओं पर बहुत ही खराब पडा है। और स्मार्ट मीटर परियोजना में आ रही बडे पैमाने पर कर्मियों को अभिलंब ठीक करने का निर्देश जारी किया गया है।

भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय की रिपोर्ट बिजली कंपनियों को प्राप्त होते ही सबके हाथ पाव फूल गए क्योंकि वर्तमान में बिजली कंपनियों की योजना है की प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर में शिफ्ट करने की ऐसे में भविष्य में क्या होगा यह तो कहना मुश्किल है लेकिन जब उत्तर प्रदेश में 12 लाख स्मार्ट मीटर का यह हाल है तो 3 करोड 35 लाख विद्युत उपभोक्ताओं पर जब यह व्यवस्था लागू की जाएगी तो शायद कल्पना करना भी मुश्किल होगा की पूरी व्यवस्था इसी तरह रही तो चरमरा जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय ने जो अपनी रिपोर्ट पावर कारपोरेशन को दी है उसमें स्पष्ट तौर पर लिखा है की नया बिलिंग सॉफ्टवेयर आने के बाद पिछले 6 माह से स्मार्ट मीटर पूरी तरीके से मैनुअली कम कर रहा है स्मार्ट मीटर में कम बैलेंस होने पर कोई भी उपभोक्ता को अलार्म नहीं दिया जाता। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार उपभोक्ताओं के परिसर पर लगाए गए चेक मीटर और मैन मीटर का मिलान नहीं किया जाता स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर का उल्लंघन किया जाता है स्मार्ट मीटर की कल्पना जिस उद्देश्य के लिए की गई थी उस पर यह खड़ा नहीं उतरा है।

## सपा नेता अबू आजमी के ठिकानों पर छापा

**वाराणसी।** बेनामी संपत्तियों की तलाश में सपा नेता अबू आजमी के ठिकानों पर आयकर विभाग की सर्वे और जांच शनिवार को रोक दी गई। आयकर विभाग की टीम को बाबतपुर एयरपोर्ट के पास कीमती जमीन, कई बोगस फर्मे, संबंधियों के नाम पर फ्लैट, जमीन के अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। लखनऊ टीम के सर्वे और जांच में करीबी बिल्डरों से लेनदन के बैंक स्टेटमेंट और जमीन की खरीद-फरोख्त में लगभग 100 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्ति सामने आई है।

# विवाह पूर्व सभी जोड़ों की हुई प्री वेंडिंग शूट



**लखनऊ।** बिटिया फाउंडेसन द्वारा 25 नवंबर को होने वाले 21 वर वधु का सामूहिक विवाह मे विवाह से पूर्व शनिवार को सभी जोड़ो का प्री वेडिंग शूट कराया गया। मुख्य सयोजक मनीष गुप्ता ने बताया कि सामूहिक विवाह मे यह पहला मौका है कि सभी जोड़ो का प्री वेडिंग शूट कराया गया है। बिटिया फाउंडेसन के द्वारा सामूहिक विवाह मे विवाह के पूर्व सभी 21 वर वधु को पहले श्री मनकामेश्वर मंदिर मे पूजन अर्चन कर आहुति दिलाई गयी। बाद में विभिन्न पार्क, गोमती पुल एवं सहर की पहचान घोड़ा थांगा, रिक्सा,नाँव सहित सहर के मोहक सुंदर स्थानों पर सभी 21 जोड़ो का फोटो वीडियो शूट करवाया गया। आगामी 18 अक्टूबर को जेसी गेस्ट हॉउस निरालानगर मे सभी जोड़ो की सामूहिक सगाई, गोदभराई, तिलक संपन्न कराया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता मे हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने वाले
- अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** तहसील सण्डीला में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान एवं थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पैमाइश से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जमीन से संबंधित विवादों को लम्बित न रखा जाए। राजस्व व पुलिस विभाग की टीमें मौके पर जाकर जाँच करें। भूमि से संबंधित विवादों के निस्तारण की प्रति सप्ताह समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का नियमित निस्तारण किया जाए ताकि शिकायतों की संख्या न बढ़े। गरीबों की पट्टे एवं अन्य सरकारी भूमि पर अवैध रूप से किये कब्जों को संबंधित क्षेत्र के नायब तहसीलदार, कानूनगों तथा लेखपालों को निर्देश दिये कि पुलिस बल के साथ टीम बनाकर सभी सरकारी भूमि को खाली कराकर कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी को 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपराध से संबंधित शिकायतों पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए गरीबों की एवं अन्य सरकारी भूमि पर कब्जा करने, सताने तथा धमकी देने वाले अपराधियों को चिहिंत करें और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सण्डीला तान्या सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक नारायण सिंह जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह, व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेंशनर जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन या कोषागार में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें

**हरदोई।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने कोषागार से प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों तथा पेंशनरों के पारिवारिक सदस्यों को अवगत कराया है कि जिन पेंशनरों द्वारा कोषागार में जीवित प्रमाण-पत्र न प्रस्तुत करने पर पेंशन रूक गयी है, वह अपना जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन या कोषागार में उपस्थित होकर तत्काल प्रस्तुत करें। उन्होने कहा है कि जिन पेंशनरों की मृत्यु हो गयी है उनके परिवार के सदस्य नैतिक एवं विधिक कर्तव्य का पालन करते हुए पेंशनर की मृत्यु की सूचना तुरन्त कोषागार में उपलब्ध करायें, और यदि ऐसे प्रकरण में मृत्यु के पश्चात पेंशन का भुगतान होने पर भू-राजस्व की भांति वसूली की जायेगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने सभी पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर से कहा है जो 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए करे आवेदन

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** उपायुक्त उद्योग दुर्गेश कुमार ने बताया है कि प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत आवेदक को उ0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिए एवं उसकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा समकक्ष होनी चाहिए। आवेदक किसी भी राष्ट्रीय बैंक/ वित्तीय संस्था/सरकारी संस्था का चूककर्ता नही होना चाहिए। आवेदक द्वारा चयनित उद्यम यदि उत्पादन क्षेत्र में है तो परियोजना लागत रू0 25.00 लाख तथा सेवा क्षेत्र में रू0 10.00 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए। सामान्य जाति के आवेदकों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा आरक्षित श्रेणी (अनु0जाति/ अनु0 जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ अल्पसंख्यक/ महिला/ दिव्यांगजन) हेतु परियोजना लागत का 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना होगा। योजनान्तर्गत परियोजना लागत का 25 प्रतिशत मार्जिन मनी दी जायेगी, जो दो वर्ष उद्यम के सफल संचालन पर अनुदान में बदल जायेगी। योजना के अन्तर्गत मात्र उत्पादन एवं सेवा क्षेत्र के ही उद्यम अच्छादित होंगे। आवेदक द्वारा पूर्व में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार योजना वर्तमान में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना या केन्द्र अथवा राज्य द्वारा संचालित अन्य किसी स्वरोजगार योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त नहीं किया गया हो। आवेदक द्वारा उसके किसी परिवार के अन्य सदस्य द्वारा योजनान्तर्गत केवल एक ही बार लाभ प्राप्त किया जा सकता है। आवेदक द्वारा पात्रता शर्तों को पूर्ण करने के सम्बन्ध में शपथपत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। उपरोक्तानुसार अपना उद्योग/उद्यम स्थापित करने के इच्छुक जनपद के शिक्षित बेराजगारों से वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु बेवसाईड www-diupmsme-upsdc-gov-in अथवा www-msmup-gov-in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। योजनान्तर्गत अन्य विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, हरदोई से सम्पर्क कर सकते है।

# जिला कारागार का किया गया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई सुधाकर दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में आज जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज द्वारा बैरक में बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकरी प्राप्त की गई तथा उनको बताया कि ऐसे बंदी जिनकी जमानत हो गई है जमानतदार दाखिल नहीं कर पा रहे हैं वह बंदी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दे सकते है उनकी रिहाई हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक कार्यवाही करेगा ।अपर जिला जज द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों की समस्यायों के समाधान के लिए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें तथा जिन बंदियो की न्यायालय से जमानत हो गई है परन्तु जमानतदार न होने के कारण कारागार में निरुद्ध है उनकी रिहाई हेतु आवश्यक पैरवी करें।इस अवसर जेलर संजय कुमार सिंह, डिप्टी जेलर अलका व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# बालक वर्ग में बाउथ विजेता बीबामऊ उपविजेता रहे

- बालिका वर्ग में प्रेमनगर विजेता तिजौरा टीम उपविजेता रही
- दो दिवसीय कबड्डी बालक-बालिका वर्ग का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**





**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी बालक-बालिका वर्ग का आयोजन विकास खण्ड जसवन्तनगर की 6 न्याय पंचायतो में डॉ राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में अलकेश सकलेचा खण्ड शिक्षा अधिकारी जसवन्तनगर की देख रेख में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें तिजौरा संकुल में प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में बाउथ विजेता बीबामऊ उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में प्रेमनगर विजेता तिजौरा टीम उपविजेता रही। जूनियर स्तर बालक वर्ग में नगला विशुन विजेता प्रेम नगर उपविजेता रही। बालिका वर्ग में नगला विशुन विजेता बीबामउ उपविजेता रही। जुगौरा न्याय पंचायत में बालक वर्ग प्राथमिक स्तर में चक कोकावली विजेता निजामपुर उपविजेता रही। बालिका वर्ग में बहादुरपुर विजेता राजपुर उपविजेता रही। जूनियर स्तर बालक वर्ग में बहादुरपुर विजेता अंडावली उपविजेता रही। न्याय पंचायत धरवार में बालक वर्ग प्राथमिक स्तर में नगला रामजीत विजेता कुरसेना उपविजेता रही। बालिका वर्ग में धरवार विजेता कुरसेना उपविजेता रही। जूनियर स्तर बालक वर्ग में धौलपुर विजेता धरवार उपविजेता रही बालिका वर्ग में धरवार विजेता कुरसेना उपविजेता रही। संकुल निलोई में प्राथमिक स्तर बालक एवं बालिका वर्ग में परसौआ टीम विजेता जूनियर स्तर में बालक वर्ग में निलोई विजेता बालिका वर्ग में परसौआ विजेता रही। निर्णायक की भूमिका सत्यनारायण प्रसाद, मनोज कुमार, निर्निमेष, केशव, सत्यवीर, रामनरेंद्र, रोहित, हरिओम, अजीत ने निभाई। प्रतियोगिता राजेश जादौन के कुशल दिशा निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिताओं में जितेन्द्र यादव अमरपाल यादव सूर्यप्रकाश मधुर श्रीवास्तव नितिन यादव अमरेश बाबू नरेंद्र यादव रमेश चन्द्र अभिषेक यादव विनय यादव आलोक चौहान, खालिद, विवेकानन्द भदौरिया, सलमान आशीष आदि ने सहयोग किया।

# वन्य प्राणि सप्ताह: समापन पर फैंसी ड्रेस शो का हुआ आयोजन

- विजेता टीम को ट्राफी का वितरण सन साइन स्कूल के सहयोग से हुआ

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण एवं सवर्धन हेतु जन जागृति उत्पन्न करने के उद्देष्य से वन्य प्राणि सप्ताह का आयोजन दिनांक 01अक्टूबर से 07अक्टूबर तक इटावा सफारी पार्क में किया गया। इटावा सफारी पार्क के निदेशक दीक्षा भण्डारी के निर्देशन में वन्य प्राणि सप्ताह के सातवे दिन दिनांक 07.10.2023 को फैंसी ड्रेस शो का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर सफारी पार्क के निदेशक दीक्षा भण्डारी द्वारा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं दर्शकों का संबोधन किया। दिनांक 1अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित की गयी प्रतियोगिता के परिणाम की भी घोषणा की गयी। जिसमें दिनांक 03 अक्टूबर को आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में समीक्षा श्रीवास प्रथम, दृष्टि यादव द्वितीय, अलिषा अंसारी तृतीय निबन्ध प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में शुभी गौतम प्रथम, अम्बालिका सिंह द्वितीय, यश दुबे तृतीय रहे। दिनांक 04 अक्टूबर को आयोजित पेंटिग प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में अश्वपति यादव तृतीय, आदित्य यादव द्वितीय, समीक्षा श्रीवास प्रथम, पेंटिंग सीनियर वर्ग में कुनाल तृतीय, साक्षी गुप्ता द्वितीय, वैश्णवी गुप्ता प्रथम रही। दिनांक 05 अक्टूबर को आयोजित नेचर वॉक एवं मोबीवॉक में सादान इम्तियाज तृतीय, दीपांशु गोयल द्वितीय, यश कुशवाहा प्रथम रहे। 06 अक्टूबर को आयोजित नेचर क्विज प्रतियोगिता में सन साइन स्कूल के रेहान अंसारी व शालिनी वर्मा द्वितीय व मौलिक प्रताप सिंह व सागर राजपूत प्रथम रहे। 07 अक्टूबर को आयोजित फैंसी ड्रेस शो में मानविक यादव प्रथम, सादान इम्तियाज द्वितीय व अतुल तृतीय रहे। नेचर क्विज प्रतियोगिता की चल वैजयन्ती सुदिति ग्लोबल एकेडमी तथा ओवर आल चल वैजयन्ती दिल्ली पब्लिक स्कूल को प्रदान की गयी। इस वर्ष आयोजित किए गए वन्यप्राणी सप्ताह 2023 के कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता टीम को ट्राफी का वितरण सन साइन स्कूल के सहयोग से हुआ। संचालन सफारी पार्क के बायोलॉजिस्ट बी0एन0 सिंह द्वारा किया गया। वन्यप्राणि सप्ताह के समापन अवसर पर उप निदेशक जय प्रकाश सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेष श्रीवास्तव, फील्डसुपरवाइजर श्रीप्रकाश शुक्ल, शशांक पटेल व अन्य समस्त सफारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वर्ष 2023 में आयोजित किए गए वन्यप्राणी सप्ताह के मुख्य कार्यक्रम...

01.10.2023 प्रभात फेरी एवं वन्यप्राणि सप्ताह का औपचारिक शुभारम्भ 02.10.2023 एकेडमी अवार्ड विजेता फिल्म 'द ऐलीफैन्ट विस्पर्र'का प्रसारण 03.10.2023 निबन्ध प्रतियोगिता (सीनियर एवं जूनियर वर्ग) 04.10.2023 पेंटिग प्रतियोगिता (सीनियर एवं जूनियर वर्ग) 05.10.2023 नेचर वॉक एवं मोबीवॉक 06.10.2023 नेचर क्विज एवं बब्बर शेर सिम्बा व सुल्तान का जन्मदिन समारोह 07.10.2023 वाइल्डलाइफ थीम पर फैंसी ड्रेस शो एवं समापन समारोह।

# अध्यक्ष, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड ने किया जागरूकता शिविर का किया शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**




**हरदोई।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह ने बताया है कि एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज भूरज सेवा संस्थान, महोलिया शिवपार सीतापुर रोड-हरदोई में किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड (ओम प्रकाश गोला प्रजापति) द्वारा जागरूकता शिविर में फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर जागरूकता शिविर का शुभारम्भ किया गया, तथा महात्मा गाँधी जी के चित्र पर ओम प्रकाश गोला प्रजापति, राम सुफल पाल, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, एवं मंत्री अशोक उपाध्याय भूरज सेवा संस्थान, हरदोई द्वारा माल्यापर्ण किया गया । अध्यक्ष जी द्वारा मिट्टी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा साथ ही साथ मिट्टी के पात्रों की उपयोगिता तथा मिट्टी में निहित गुणों का वर्णन किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि मिट्टी के पात्रों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाये। उन्होंने माटीकला योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी दी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कारीगरों की सराहना की। जागरूकता शिविर में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, हरदोई के कर्मचारी बालक राम राम शरण (प्रधान सहायक) एवं अजीत कुमार वर्मा (कम्प्यूटर आपरेटर) उपस्थित रहे।

## ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा में शनिवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने-अपनी प्रतिभा दिखाई जिसमें कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 के छात्रों ने हिस्सा लिया पीटीआई मोहम्मद ताहिर खेल ये निर्णक्क की भूमिका अदा की प्रधानाचार्य डॉ मुकुल कुमार सिन्हा ने टीम का परिचय लिया तथा बच्चों की चौमुखी उन्नति की दिशा में बढ़ने की प्रेरणा दी कप्तान हीरा सिंह का छठ सट्टा कक्षा 12 के कप्तान शिवसागर का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा विद्यालय विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिवमंगल सिंह तथा सपोर्ट डायरेक्टर वासिफ खान का सराहनीय योगदान रहा।

## शकुन्तला नगर में 23 लोगों पर की गई कार्यवाही



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार शक्ति भवन लखनऊ से आई लिस्ट के रोस्टर अनुसार चैकिंग करने पर हाई पोटेंशियल फीडर शकुन्तला नगर में 23 लोगों पर कार्यवाही की गई, जिसमे 18 लोगो को केबल बायपास करके विधुत चोरी करते पकड़ा गया जिनकी धारा 135 में कार्यवाही करा दी गई हैं। जबकि 05 उपभोक्ताओं को घरेलू संयोजन से वाणिज्यिक(दुकान) का उपयोग करते पकड़ा गया जिनकी धारा 126 में कार्यवाही करा दी गई है। 6 उपभोक्ताओं के विधुत संयोजन की भार बढ़ाया गया। 4 बड़े उपभोक्ताओं के विधुत संयोजन बकाये पर काटे गए जिसमे 3 उपभोताओ ने विधुत बिल जमा किया। टीम में उपखण्ड अधिकारी तृतीय गगन अग्निहोत्री, उपखण्ड अधिकारी प्रथम पीयूष मौर्य, विजीलेंस प्रभारी मनोज कुमार, अवर अभियंता राजेंद्र सिंह, राजकमल, टीजी 2 नवल कुमार, पुस्पेंद्र, अनिल राठौर, विपिन , प्रभारी निरीक्षक गंधर्व सिंह, अनुराग त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## शौर्य जागरण यात्रा रथ पहुंच मथुरा, भव्य स्वागत

**मथुरा।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के द्वारा पूरे देश में शौर्य जागरण यात्रा तथा जन जागरण के लिए रथ का भ्रमण करवाया जा रहा है। शुक्रवार को मथुरा में रथ का आगमन हुआ, जिसका मथुरा में जोरदार जगह जगह स्वागत किया गया। शौर्य जागरण यात्रा आगरा होते हुए मथुरा पहुंची। यहां विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं भारतीय हिंदू परिषद,भगवा दल,फरसा दल,श्री कृष्ण सेना के पदाधिकारियों एवम समाजसेवियों एवम नगरवासियों द्वारा रथ का भव्य स्वागत किया गया। सौर्य जागरण यात्रा औरंगाबाद, कलेक्ट्रेट, पुराना बस स्टैंड, होली गेट, डींग गेट, मसानी चौराहा होते हुए सभा स्थल चित्रकूट धर्मशाला मसानी तक रथ के साथ पैदल यात्रा के दौरान रथ पर फूलों की वर्षा करके इसे यादगार बनाया गया।

## डी एस ओ ने पेट्रोल पंप पर मूलभूत सुविधाओं की जांच

**मथुरा।** जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 7 अक्टुबर को तहसील छाता में कार्यरत समस्त रिटेल आउटलेट व पेट्रोल पम्पों पर मूलभूत जनसुविधाएं जैसे- पीने का स्वच्छ पानी, साफ-सफाई, महिला व पुरूष प्रसाधन, हवा भरने हेतु कम्प्रेशर मशीन, पम्प पर मौजूद अग्निशमन यंत्र एवं अन्य की जॉच जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कराई गई।

जॉच के दौरान समस्त पम्प संचालकों को निर्देशित किया गया कि जनसुविधाओं एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखेंगें। यह भी निर्देशित किया गया कि जनसुविधाओं के अभाव में उपभोक्ताओं व नागरिकों को कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। कमियां पाए जाने पर नियमों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर तत्काल समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सैफई के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। श्री राय ने कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण की गुणवत्ता को देखें, शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर उससे बात कर शिकायत निस्तारण की जानकारी कर तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों ने अपने-अपने शिकायती पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण हेतु उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कुल 64 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में सौरभ कुमार पुत्र दलेल सिंह निवासी नगला सैमरा मौजा हरदोई तहसील सैफई ने शिकायत की प्रचलित संदर्भ संख्या 3/364 के संबंध में न्यायालय डी.डी.सी .महोदय के यहां भेजा गया जो कि संदर्भ अभी तक स्वीकृत नहीं हुआ है और संदर्भ बिना स्वीकृत हुए ही अभिलेख निर्मित कर दिए गए , जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। शिव मंगल सिंह पुत्र श्री प्रकाश चंद्र न0 ईश्वरी मौजा मनिगांव पोस्ट बीना तहसील सैफई ने शिकायत की वन विभाग की सरकारी भूमि की पैमाइश एवं अवैध कब्जा मुक्त के संबंध में जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को नियमानुसार जांच कर निस्तारण किए जाने के संबंध में निर्देशित किया। प्रार्थी शौकीन अली पुत्र मेंहदी अली निवासी ग्राम व मौजा कथुआ तहसील सैफई ने शिकायत की प्रार्थी के नए मकान के निर्माण को दबंग लोगों द्वारा रोके जाने के संबंध में जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाने के संबंध में निर्देशित किया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर अधीनस्थों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सुशांत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी न्यायिक रामदयाल रमन, सामाजिक निदेशक वानिकीय अतुल कांत शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी, आईजी दीपक कुमार, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे, सचिव एमवीडीए राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर वैभव गुप्ता तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय धाम नगला चंद्रभान फरह का माननीय मुख्यमंत्री जी के संभावित / प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन हेलीपैड का जायजा लिया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेलीपैड के निर्माण में सभी मानकों का ध्यान दिया जाए, सभी प्रकार की अनुमतियों को पूर्व में ले लिया जाए तथा सेफ हाउस हेतु जगह चिन्हित करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण किए जाए। हेलीपैड के निरीक्षण के उपरांत मंडलायुक्त ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के स्मारक पर दीप प्रज्जवलित कर शत शत नमन किया। मंडलायुक्त ने कार्यक्रम पंडाल, औषधि केन्द्र एवं मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री के आवागमन वाले मार्गो को देखा और अधिकारियों को निर्देश दिये कि उन मार्गो को वन-वे कर दें। पुलिस अधिकारियों से कहा कि सबसे अहम रूफटॉप एवं आवागमन मार्गो की डयूटी है, जिस पर विशेष ध्यान दिया जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत प्वाइंट टू प्वाइंट ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। पूर्व में ही रूट व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रूफ टॉप ड्यूटी लगाए, निर्बाध यातायात सुनिश्चित करे व रूट डाइवर्जन का कार्य पूर्व में करे। मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब उनकी तैनाती स्थल की सूची आ जाए, तब अपनी ड्यूटी स्थलों का निरीक्षण कर लें और मौके पर जाकर आवश्यक व्यवस्थाओं का भी जायजा ले लें, जिससे आगामी दिन डयूटी करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। डयूटी शालीनता एवं विनम्रता के साथ करें और आयोजकों से संपर्क कर कार्यक्रम को संपन्न कराने में अपना-अपना योगदान दें।

# न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल सफलतापूर्वक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**गोवर्धन (मथुरा)।** न्याय पंचायत नीमगांव के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम कुंजेरा में बीईओ महिमा दयाल के निर्देशन में एआरपी गणों की संयुक्त टीम ने शिक्षा चौपाल सफलतापूर्वक आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त एआरपी गणों की टीम ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण करके किया। तदुपरांत ग्राम पंचायत कुंजेरा के अभिवावकों ने अपने अपने शैक्षिक विचार व्यक्त किए वहीं विधालय की मूलभूत समस्याओं की ओर आकर्षित किया। इस दौरान विकासखंड के एआरपी गणों ने संयुक्त रूप से नासिर खांन ने कायाकल्प रजनी शर्मा ने विभिन्न एप अविनाश शुक्ला ने डीबीटी के उपयोग अशोक फौजदार ने निपुण भारत मिशन एवं एआरपी ऊषा शर्मा ने नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने की शपथ दिलाई। सभी ने शासन स्तर से बेसिक शिक्षा विभाग में सुधार किए जाने के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। सभी का धन्यवाद आयोजक संकुल प्रभारी धर्मेंद्र गौड़ ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर ममता रानी ने रीड एलौंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी वहीं शैक्षिक निपुणता प्राप्त कर चुके पन्द्रह छात्रों को बुजुर्ग अभिवावकों से सम्मानित कराया गया। कक्षा अध्यापक रामबाबू को मेडल एवं पटुका पहनाकर सम्मानित कराया।

# पेट दर्द से राहत पाने के लिए फौरन अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, मिनटों में मिलेगा आराम



पेट दर्द का सबसे आम कारण अपच है। क्योंकि जो भी आपने खाया है अगर वह ठीक से नहीं पचता है, तो आपको गैस व जहरीले बलगम की समस्या हो सकता है। वहीं आधा पचा हुआ खाना आपके शरीर की नाड़ियों में भी रूकाटव पैदा करता है।

पेट दर्द का सबसे आम कारण अपच है। क्योंकि जो भी आपने खाया है अगर वह ठीक से नहीं पचता है, तो आपको गैस व जहरीले बलगम की समस्या हो सकता है। वहीं आधा पचा हुआ खाना आपके शरीर की नाड़ियों में भी रूकाटव पैदा करता है। लंबे समय में अपच के कारण कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। हांलाकि कुछ घरेलू उपायों को अपनाने से पेट दर्द, अपच, गैस, पेट फूलना और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत पाई जा सकती है।

*कम भूख, अपच और दर्द में करें ये उपाय*

*एक चुटकी सोंठ*
*काली मिर्च*
*पिपली*
*हींग*
*सेंधा नमक- आधा छोटा चम्मच*
*काला नमक*

इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर दिन में तीन बार इसका सेवन करने से पेट संबंधी समस्या जैसे कम भूख, अपच और पेट दर्द में राहत देती हैं।

*पेट दर्द के घरेलू उपाय*

पेट दर्द से निजात पाने के लिए अदरक को टुकड़ों में काट लें और फिर इसमें सेंधा नमक और नींबू का रस मिक्स कर लें। अब इसे धूप में सुखाकर एक बोतल में भर लें। फिर खाना खाने के बाद अदरक का एक टुकड़ा खा लें। इससे पाचन में सुधार होने के साथ ही पेट दर्द और गैस की समस्या में भी राहत मिलेगी।

*गैस के साथ एसिडिटी होने पर*

*काली किशमिश*
*आंवला पाउडर*
*जीरा पाउडर*
*सौंफ के बीज*
*सूखा अदरक पाउडर*
*इलायची पाउडर*

इन सारी चीजों को पानी में मिलाकर दिन में दो बार पीने से गैस व एसिडिटी से निजात मिलेगी।

*एसिडिटी और जलन होने पर*

रात में सौंफ को एक गिलास पानी में भिगो दें। फिर अगली सुबह खाली पेट उस पानी का सेवन करें। इससे पेट की गर्मी कम होती है और अम्लता को भी प्रभावी ढंग से कम करता है।

*दस्त और पेचिश के दर्द में*

दस्त और पेचिश के दर्द में 1 गिलास ताजा छाछ में 1 चम्मच जीरा पाउडर मिक्स कर उसका सेवन करने से आराम मिलता है। इसके अलावा दिन में दो बार 1 कप अनार का रस लेने से दर्द से आराम मिलता है और दस्त भी बंद हो जाते हैं।

*पेट दर्द के लिए घरेलू उपाय*

पेट दर्द में नाभि क्षेत्र पर हींग का लेप लगाने से प्रभावी रूप से राहत मिलती है।

अगर आपको पेट दर्द कब्ज की समस्या लगातार रहती हैं, तो ऐसी स्थिति में रोजाना रात को गर्म पानी के साथ एक चम्मच त्रिफला चूर्ण लेने से कब्ज से राहत मिलती है और पाचन में सुधार होता है।

# आपके किचन में छिपा है गंभीर बीमारियों का इलाज, लाखों खर्च करने से बच जाएंगे आप



आयुर्वेद में सदियों से उपचार के लिए मसालों का इस्तेमाल किया है। क्योंकि यह मसाले ना सिर्फ खाने में स्वाद जोड़ते हैं, बल्कि इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करने के लिए भी काफी अहम माने जाते हैं। यह मसाले हर भारतीय किचन में पाए जाते हैं।

भारतीय किचन में आपको कई ऐसे मसाले मिल जाएंगे, जो ना सिर्फ खाने को स्वादिष्ट बनाते हैं, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद माने जाते हैं। इनमें ना सिर्फ पोषक तत्व पाए जाते हैं, बल्कि यह एंटीऑक्सीडेंट और बायोएक्टिव यौगिकों की आपूर्ति भी करते हैं। आयुर्वेद में सदियों से उपचार के लिए मसालों का इस्तेमाल किया है। क्योंकि यह मसाले ना सिर्फ खाने में स्वाद जोड़ते हैं, बल्कि इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करने के लिए भी काफी अहम माने जाते हैं।

**मोबिलिटी स्कूटर 7 विज्ञापन खोजें**

**हल्दी**

हल्दी एक ऐसा मसाला है, जो करी को पीला रंग देने का काम करता है। हल्दी के बायोएक्टिव यौगिकों को करक्यूमिनोइड्स कहा जाता है। करक्यूमिनोइड और हल्दी का प्रमुख मुख्य सक्रिय घटक करक्यूमिन होता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-माइक्रोबियल क्षमता होती है।

**गरम मसाला**

गरम मसाला पिसे हुए साबुत मसालों का मिश्रण है। यह बायोएक्टिव यौगिकों से भरपूर होता है और इसके कई फायदे होते हैं। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए गरम मसाला काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। यह शरीर के तापमान को बढ़ाने के साथ ही आपको सर्दी-जुकाम आदि से दूर रखता है। गरम मसाला को अपने दैनिक डाइट में शामिल करने से शरीर में ऑक्सीजन और ब्लड की आपूर्ति बढ़ जाती है। साथ ही विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।

**जीरा**

जीरा को आयरन का एक अच्छा स्त्रोत माना जाता है। जीरा ब?लड सेल्स के उत्पादन और ऑक्सीजन परिवहन के लिए आवश्यक हीमोग्लोबिन के लिए काफी जरूरी होता है। इसके अलावा जीरा डाइजेशन सिस्टम को सुधारता है। एक गिलास ज़ीरा पानी पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद होता है।

**काली मिर्च**

काली मिर्च में पिपेरिन, तेल लिमोनेन और बीटा-कैरियोफिलीन पाया जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो सेहत के लिहाज से भी फायदेमंद होती है।

**धनिया पाउडर**

धनिया पाउडर डाइजेशन प्रक्रिया को सुधारने में मदद करता है। इसी वजह से भारतीय रसोई में धनिया पाउडर का इस्तेमाल प्राचीन काल से किया जाता रहा है। धनिया पाउडर में प्राकृतिक तेल पाया जाता है, जो आपको संपन्न गुण प्रदान करता है।

**कसूरी मेथी**

बता दें कि कसूरी मेथी में फाइबर की अच्छी मात्रा पायी जाती है, यह भूख को कम करने में सहायक होती है और वजन को कंट्रोल करती है। कसूरी मेथी के सेवन से पाचन और मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करती है।

**केसर**

केसर में एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, यह हानिकारक फ्री रैडिकल्स को बेअसर करते हैं। केसर के सेवन से तनाव और चिंता शांत होती है। यह मसाला कैरोटीनॉयड से भरपूर होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ बीमारियों से लड़ने में सक्षम होता है।

**सौंफ**

प्रतिदिन सौंफ के सेवन से दिल को सेहतमंद रखा जा सकता है। सौंफ में पोटैशियम की मात्रा पायी जाती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के साथ ही दिल को हेल्दी रखने में सहायक होती है।

# फ्रिज में रखी है बची हुई दही तो ऐसे करें उसे इस्तेमाल

दही को आप अपने खाने के साथ तो खा ही सकते हैं, साथ ही साथ इससे कई तरह की ड्रिंक्स भी बनाई जा सकती हैं। मसलन, आप इससे स्मूदी बना सकते हैं। आप स्मूदी बनाने के लिए बेरीज, आम या केले जैसे कई अलग-अलग फल मिलाकर बेहद टेस्टी स्मूदी बनाकर पी सकते हैं।

दही के बिना अधिकतर लोगों की खाने की थाली पूरी ही नहीं होती है। अमूमन लोग घर में दही जमाते हैं और उसे खाते हैं। लेकिन कई बार दही बच जाती है और फिर हमें यह समझ में नहीं आता है कि उस बची हुई दही का क्या किया जाए।

अधिकतर लोग उस बची हुई दही से कढ़ी बनाना पसंद करते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि हर बार दही से कढ़ी बनाकर ही खाया जाए। अगर आप चाहें तो उस दही को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं। जानिए इस लेख में

***बनाएं स्मूदी***

दही को आप अपने खाने के साथ तो खा ही सकते हैं, साथ ही साथ इससे कई तरह की ड्रिंक्स भी बनाई जा सकती हैं। मसलन, आप इससे स्मूदी बना सकते हैं। आप स्मूदी बनाने के लिए बेरीज, आम या केले जैसे कई अलग-अलग फल मिलाकर बेहद टेस्टी स्मूदी बनाकर पी सकते हैं।

***बनाएं सलाद ड्रेसिंग***

अगर आपके फ्रिज में बची हुई दही है तो उसे बतौर सलाद ड्रेसिंग भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आपकी दही का टेस्ट कई गुना बढ़ जाता है। आप दही को जैतून के तेल, नींबू के रस, हर्ब्स और मसालों के साथ फेंटकर एक क्रीमी और टेस्टी सलाद ड्रेसिंग बनाएं। आप इस ड्रेसिंग का उपयोग हरी सलाद, पास्ता सलाद, या सब्जियों के लिए डिप के रूप में कर सकते हैं।

***तैयार करें ग्रेवी***

अमूमन हम दही का इस्तेमाल कढ़ी के रूप में करते हैं। इसके अलावा, अन्य कई इंडियन ग्रेवी में



दही का इस्तेमाल एक बेस के रूप में किया जा सकता है। अगर आप चाहें तो बचे हुए दही का उपयोग करके क्लासिक साउथ इंडियन दही चावल भी तैयार कर सकती हैं। दही चावल बनाने के लिए, पके हुए चावल के साथ बचे हुए दही को मिलाएं, और इसमें सरसों के बीज, करी पत्ते और लाल या हरी मिर्च का तड़का लगाएं।

***बेकिंग में करें इस्तेमाल***

बची हुई दही का इस्तेमाल बेकिंग में भी किया जा सकता है। अगर आप बेकिंग कर रही हैं तो ऐसे में आप छाछ या खट्टी क्रीम के विकल्प के रूप में दही का उपयोग कर सकते हैं। बची हुई दही केक, मफिन और पैनकेक आदि में काम में आ सकती है।

# इन टिप्स को अपना एयर फ्रायर में बेक करें केक

जब आप एयर फ्रायर में केक बेक कर रही हैं तो आपको सही पैन चुनना बेहद आवश्यक है। आप एक छोटा और ओवर सेफ पैन का इस्तेमाल कर सकती हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि वह आपके एयर फ्रायर बास्केट के अंदर आराम से फिट हो जाए।

कभी-कभी ऐसा होता है कि कुछ मीठा लेकिन बहुत टेस्टी खाने का मन करता है। ऐसे में हम केक खाना चाहते हैं। अमूमन मार्केट जाकर केक लाने की इच्छा नहीं होती है और घर पर भी बिना किसी झंझट के हम केक तैयार करना चाहते हैं। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप एयर फ्रायर में केक तैयार करें। एयर फ्रायर में केक बेक करना काफी आसान है और इसमें आपको समय भी अपेक्षाकृत कम लगता है। खासतौर पर, अगर आप एक मिनी केक बनाना चाहते हैं तो ऐसे में एयर फ्रायर का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। हालांकि, इस दौरान आपको कुछ छोटी-छोटी



बातों का ख्याल रखना चाहिए, जिसके बारे में आज हम आपको बता रहे हैं-

***सही पैन का करें इस्तेमाल***

जब आप एयर फ्रायर में केक बेक कर रही हैं तो आपको सही पैन चुनना बेहद आवश्यक है। आप एक छोटा और ओवर सेफ पैन का इस्तेमाल कर सकती हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि वह आपके एयर फ्रायर बास्केट के अंदर आराम से फिट हो जाए। अधिकांश एयर फ्रायर में 6 इंच के गोल या चौकोर केक पैन आसानी से फिट हो जाते हैं।

***एयर फ्रायर को करें प्री हीट***

जिस तरह ओवन में केक बेक करने से पहले आप उसे प्रीहीट करते है, ठीक उसी तरह एयर फ्रायर को भी प्रीहीट करना बेहद जरूरी है। एयर फ्रायर को प्रीहीट करने से आपको सही तापमान मिल जाता है और इससे आपका केक समान रूप से पकता है।

***पैन को ग्रीस और लाइन करें***

केक बेक करते हुए आप यह कभी नहीं चाहेंगे कि आपका केक पैन में ही चिपक जाए। इसलिए पहले पैन को मक्खन या कुकिंग स्प्रे से ग्रीस करें। इसके बाद नीचे पार्चमेंट पेपर से लाइन करें। यह केक को पैन पर चिपकने से रोकने में मदद करता है।

***टाइमर करें एडजस्ट***

एयर फ्रायर को उसकी फास्ट कुकिंग के लिए जाना जाता है। इसलिए, जब आप एयर फ्रायर में केक को बेक कर रहे हैं तो ऐसे आपको टाइमिंग पर खास ध्यान देना चाहिए। यह ओवन की तुलना अधिक जल्दी बेक हो जाएगा। बेहतर होगा कि आप इसके लिए कुकबुक की मदद लें।

***बार-बार ना खोलें एयर फ्रायर***

आपका केक सही ढंग से पका है या नहीं, यह चेक करने के लिए आपको एयर फ्रायर को खोलने की जरूरत पड़ सकती है। लेकिन केक बेकिंग के दौरान एयर फ्रायर को बार-बार न खोलें, क्योंकि इससे तापमान में उतार-चढ़ाव हो सकता है, जिससे केक सही ढंग से बेक नहीं हो पाएगा।

# वीकेंड पर ट्राई करना चाहती हैं नई रेसिपी तो ट्राई करें लौकी का डोसा, सेहत के साथ मिलेगा स्वाद

अगर आप भी इस वीकेंड कुछ खास डिश बनाना चाहते हैं, तो लौकी का डोसा बना सकते हैं। बता दें कि यह डिश हेल्दी होने के साथ-साथ टेस्टी भी होती है। साथ ही आप कुछ हटकर ट्राई भी कर पाएंगी। इस डिश को बनाने के लिए आपको बहुत ज्यादा सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी।

अगर आप भी इस वीकेंड कुछ खास डिश बनाना चाहते हैं, तो लौकी का डोसा बना सकते हैं। बता दें कि यह डिश हेल्दी होने के साथ-साथ टेस्टी भी होती है। साथ ही आप कुछ हटकर ट्राई भी कर पाएंगी। इस डिश को बनाने के लिए आपको बहुत ज्यादा सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन इस वीकेंड पर आप इस कुछ हेल्दी खाना चाहती हैं, तो इस डिश को ट्राई कर सकती हैं। लौकी का डोसा आप बेहद आसानी से बनाकर तैयार



कर सकती हैं। वहीं वेट लॉस की डाइट में भी आप इसे शामिल कर सकती हैं। तो आइए जानते हैं लौकी डोसा बनाने की इस आसान रेसिपी के बारे में...

***लौकी डोसा बनाने की सामग्री***

*मूंग दाल*
*चावल*
*लौकी*
*हरा धनिया*
*हरी मिर्च*
*अदरक*

***लौकी डोसा बनाने की रेसिपी***

आपको सबसे पहले एक कप मूंग दाल और 1 चम्मच चावल को करीब 4 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखना है। वहीं लौकी के टुकड़े, हरा धनिया, हरा मिर्च और अदरक डालें। फिर इन सारी चीजों को अच्छे से ब्लेंड करके एक बैटर तैयार कर लें। अब एक पैन में थोड़ा सा तेल लगाकर इसमें ऑयल फैला लें। अब पैन पर बैटर डालकर फैला दें। इसको पकाकर गर्मागर्म परोसें। इस तरह से लौकी डोसा बनकर तैयार हो जाएगा। अब आप इसे हरी चटनी और नारियल चटनी के साथ सर्व कर सकती हैं। यह खाने में टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी होता है।

बता दें कि लौकी में पानी की मात्रा अधिक होती है। वहीं गर्मियों में यह आपके शरीर को ठंडा रखती है। लौकी के सेवन से हमारे शरीर को कई अन्य फायदे भी होते हैं। लौकी से सेवन से आप स्ट्रेस फ्री रह सकते हैं और इससे बीपी भी कंट्रोल में रहता है। अगर आप अनिद्री जैसी समस्या से परेशान रहते हैं तो आपको अपनी डाइट में लौकी शामिल करनी चाहिए। यह आपकी स्किन को भी हेल्दी बनाती है।

# कच्चे दूध के इस्तेमाल से निखारे चेहरे की रंगत, खिली-खिली रहेगी त्वचा

स्किन की देखभाल में जरा सी लापरवाही त्वचा को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। आपको बता दें कि दूध ना सिर्फ हमारी सेहत बल्कि हमारी त्वचा के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। स्किन पर कच्चे दूध का इस्तेमाल किया जाता है।

स्किन की देखभाल में जरा सी लापरवाही त्वचा को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। इसलिए हर किसी को पता होना चाहिए कि स्किन पर कब, कैसे और किन चीजों का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। आपको बता दें कि दूध ना सिर्फ हमारी सेहत बल्कि हमारी त्वचा के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद होता है।

स्किन पर कच्चे दूध का इस्तेमाल किया जाता है। कच्चा दूध एक्ने की समस्या से लेकर डल स्किन के लिए भी फायदेमंद है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको स्किन पर कच्चे दूध के इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

***कच्चे दूध से बनाएं टोनर***

कच्चे दूध को आप टोनर की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे ना सिर्फ आपका मेकअप अच्छा होगा, बल्कि ड्राई स्किन से भी निजात मिलेगी। कच्चे दूध का टोनर बनाने के लिए दो चमच कच्चे दूध में 4-5 बूंद गुलाब जल की डालें। फिर इसे अच्छे से मिक्स कर चेहरे को साफ कर लें और कॉटन की मदद से इस टोनर को अपने फेस पर अप्लाई करें।

***त्वचा को करें स्क्रब***

ग्लोइंग स्किन पाने के लिए और डेड स्किन को रिमूव करने के लिए स्क्रब की सलाह दी जाती है। हांलाकि स्क्रब भी स्किन टाइप के हिसाब से किया जाता है। मार्केट में आपको कई तरह के स्क्रब मिल जाएंगे। लेकिन ऐसी कई नेचुरल चीजें होती हैं, जिनका इस्तेमाल आप स्क्रब के तौर पर भी कर सकती हैं। कच्चे दूध का इस्तेमाल त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए भी किया जा सकता है। कॉफी और ओट्स पाउडर को कच्चे दूध में मिक्स कर चेहरे को स्क्रब करें। यह दोनों ही चीजें ऑयली स्किन के लिए लाभकारी होती हैं।

***ऐसे पाएं ग्लोइंग स्किन***

ग्लोइंग स्किन पाने के लिए हम सभी तरह तरह के ट्रीटमेंट और ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इन ब्यूटी प्रोडक्ट्स के काम ना आने पर आप कुछ घरेलू नुस्खे भी आजमा सकती हैं। ग्लोइंग स्किन के लिए कच्चा दूध काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। बता दें कि आप



कच्चे दूध से फेस पैक बनाकर चेहरे पर अप्लाई करें। फेसपैक बनाने के लिए कच्चे दूध में चुटकी भर हल्दी और बेसन मिक्स करें।

फिर इसमें एक चम्मच शहद मिलाएं।

इन सारी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें।

इस तरह से आपका फेसपैक बनकर तैयार हो जाएगा।

इस फेसपैक को करीब 10-15 मिनट तक चेहरे पर अप्लाई करें।

इस पैक के रोजाना इस्तेमाल से आपको कुछ ही समय में असर दिखने लगेगा। इसके साथ ही आपको रोजाना अपने चेहरे की मसाज करनी चाहिए। रोजाना मसाज करने से त्वचा में कोलेजन का प्रोडक्शन बढ़ता है और फाइन लाइन्स और झुर्रियां कम हो सकती हैं। आप चाहें तो कच्चे दूध से भी चेहरे का मसाज कर सकती हैं।

***चेहरे पर ऐसे लगाएं कच्चा दूध***

कच्चे दूध का इस्तेमाल स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए होता है। यह आपकी त्वचा को डीप मॉइश्चराइज करता है।

चेहरे को अच्छे से साफ करने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह स्किन को डीप क्लीन करता है।

ऑयली स्किन पर एक्ने की समस्या को कम करने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें कि कच्चे दूध में लैक्टिक एसिड पाया जाता है। यह सिबम को कंट्रोल करता है, जिससे एक्ने की समस्या नहीं होती है।

कई बार स्किन ढीली हो जाती है और लटकने लगती है। ऐसे में कच्चा दूध स्किन इलास्टिसिटी को बनाए रखता है। गर्मियों के मौसम में टैनिंग रिमूव करने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं।

# ब्रेड की लाजवाब मिठाई खाकर आ जाएगा स्वाद, उंगलियां चांट जाएंगे मेहमान

आज से गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है। आज से 10 दिनों तक गणेश महोत्सव का पर्व चलेगा। ऐसे में अगर आप भी मिठाई बनाने जा रही हैं, तो बता दें कि सिर्फ 10 रुपए के ब्रेड से स्वादिष्ट मिठाई बनाकर तैयार कर सकती हैं।

हिंदू धर्म में हर दूसरे दिन कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। ऐसे में त्योहार के मौके पर कई तरह के व्यंजन आदि भी बनाए जाते हैं। बता दें कि आज के गणेश महोत्सव के पर्व की शुरूआत हो चुकी है। जो कि 10 दिनों तक चलेगा। ऐसे में अगर आप भी कोई आसान रेसिपी की तलाश कर रहे हैं। तो हम आपको सिर्फ 10 रुपये के ब्रेड से स्वादिष्ट मिठाई तैयार कर सकते हैं, आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए ब्रेड से तैयार होने वाली आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

***सामग्री***

*ब्रेड- 1 पैकेट (10 रुपये का)*
*चीनी- 1 कप*
*इलायची- 5*
*घी- 5 चम्मच*



*नारियल पाउडर- 3 बड़े चम्मच (पीसा हुआ)*
*खोया- 1 कप*
*पानी- 1 कप*

*ऐसे बनाकर करें तैयार*

ब्रेड को एक प्लेट में निकाल कर उसके किनारे को चाकू की मदद से काट लें।

फिर एक पैन में 1 कप पानी, 1 कप चीनी और 5 इलायची डालकर उबाल लें।

फिर दूसरे पैन में एख चम्मच घी गर्म कर लें और हल्का ब्राउन कर लें।

इसके बाद ब्रेड को डीप कर खोया और नारियल डालकर मिश्रण को गाढ़ा कर लें।

अब इसे एक परत में निकाल कर इसे बर्फी का शेप दें।

अब इनको चार टुकड़ों में काट लें फिर ऊपर से पिस्ता डालकर सर्व कर लें।

# आर्थिक योगदान के मामले में गुजरात भारत का अगुआः विदेश मंत्री जयशंकर

**प्रसिद्ध**

**गुजरात के लोग अपनी उद्यमशीलता, हर जगह अवसर तलाशने के लिए प्रसिद्ध हैं। शायद दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जहां गुजराती न हों।**



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि आर्थिक योगदान के मामले में गुजरात को देश में अगुआ के तौर पर देखा जाता है। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) में विदेश मंत्री ने कहा, आज भारत बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा, जब हम भारत के बारे में बात करते हैं, तो गुजरात को कई मायनों में भारत के अगुआ के रूप में देखा जाता है जो बड़ा योगदान दे रहा है। गुजरात के लोग अपनी उद्यमशीलता, हर जगह अवसर तलाशने के लिए प्रसिद्ध हैं। शायद दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जहां गुजराती न हों। इससे पहले इसी कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले दो दशकों से पीएम मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात ने भारत के विकास इंजन के रूप में पहचान हासिल की है। बता दें, एस जयशंकर ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने गुजरात की कई विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा गुजरात में कई नई पहलें सामने आ रही हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन, अर्धचालक या विमानन मुख्य हैं।

## यूके में खुलेआम घूम रहे खालिस्तानी, पुलिस भी नहीं करती कार्रवाई रेस्तरां मालिक हरमन सिंह कपूर का छलका दर्द

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड किंगडम (यूके) की राजधानी लंदन में एक सिख रेस्तरां के मालिक हरमन सिंह कपूर की कार को पिछले दिनों खालिस्तान समर्थकों ने क्षतिग्रस्त कर दिया और उनके साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। अब इस मामले में हरमन सिंह कपूर की प्रतिक्रिया सामने आई है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए हरमन सिंह कपूर ने कहा कि मैं 26 साल से यूके में रह रहा हूं। पिछले डेढ़ साल में ब्रिटेन में खालिस्तानी आंदोलन सक्रिय हो गया है। मैंने इस पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जो वायरल हो गया। अब नौ महीने से अधिक समय से मुझे धमकियां मिल रही हैं। मुझ पर हमले भी किए गए। धमकी देने वाले चाहते हैं कि मैं यह वीडियो हटा दूं और उनसे माफी मांग लूं, लेकिन मैंने ऐसा करने से इनकार कर दिया।




हरमन सिंह कपूर ने कहा कि मैं लंदन में रह रहा था तो मुझे लगा कि मैं सुरक्षित हूं, लेकिन मैं गलत था। धमकी देने वालों ने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, ऑनलाइन धमकियां दी और 25 फरवरी 2023 को मुझ पर हमला किया। सिख रेस्तरां के मालिक ने कहा कि जो लोग मुझ पर हमला करने आए थे, वे सिख थे। वे सिखों, हिंदुओं और भारत को बदनाम कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि यह लड़ाई खत्म हो। हरमन सिंह कहते हैं कि अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने केवल मेरी शिकायत दर्ज की। यहां खालिस्तानी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्हें पुलिस का समर्थन मिला हुआ है। इसलिए उन्हें गिरफ्तार नही किया जा रहा। सिख रेस्तरां के मालिक ने कहा कि खालिस्तानी यूके की राजनीतिक संपत्ति हैं। अगर किसी देशवासी पर हमला होता है तो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, लेकिन मेरे मामले में इन खालिस्तानियों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया।

# मिशन गगनयान को लेकर इसरो का अपडेट, उड़ान के लिए पहला टेस्ट क्रू मॉडल तैयार

**नई दिल्ली।** गगनयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन मानवरहित उड़ान परीक्षण शुरू कर दी है। फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है। यह क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन के बारे में जानकारी देगा। एजेंसी ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एजेंसी ने पोस्ट किया, मिशन गगनयान÷ इसरो गगनयान मिशन के लिए मानव रहित उड़ान परीक्षण शुरू करेगा। फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है, जो क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करता है।

इसरो के मुताबिक, इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष योग्यता परीक्षणों और मानवरहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान मिशन शुरू होगा। एजेंसी ने गगनयान परीक्षण उड़ान के लिए पहले क्रू मॉड्यूल के संबंध में एक प्रेस रिलीज में कहा



कि पहला विकास उड़ान परीक्षण वाहन (टीवी-डी1) तैयारी के अंतिम चरण में है।

प्रेस रिलीज में कहा गया, ÷परीक्षण वाहन एक सिंगल-स्टेज लिक्विड रॉकेट है, जिसे इस निरस्त मिशन के लिए विकसित किया गया है। पेलोड में क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) और उनके तेजी से काम करने वाले ठोस मोटर शामिल हैं और इसके साथ ही सीएम फेयरिंग (सीएम) और इंटरफेस एडाप्टर भी जोड़ा गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि एकीकरण के बाद क्रू मॉड्यूल को बेंगलुरु में इसरो की सुविधा में विभिन्न विद्युत परीक्षण से गुजरना पड़ा, जिसमें एक ध्वनिक परीक्षण भी शामिल था और 13 अगस्त को एसडीएससी-एसएचएआर को भेजा गया था।

## सिक्किम में फंसे मेघालय के 26 छात्रों को बचाया गया, बस के जरिए ले जा रहे शिलांग

**शिलांग।** बाढ़ प्रभावित सिक्किम में फंसे मेघालय के 26 छात्रों को सफलतापूर्वक निकाला गया। सभी (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, मेघालय के 26 छात्रों को लेकर एक बस कल शाम सिलीगुड़ी के रास्ते सिक्किम के




छात्रों को शिलांग ले जा रहे हैं। बचाव अभियान में शामिल एक अधिकारी ने शनिवार को समाचार एजेंसी क्क्षद्ध को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये 26 छात्र पांच वाहनों में सिक्किम के मजीतर से निकले और शुक्रवार आधी रात के आसपास पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंचे। इसके बाद शुक्रवार रात को ही सिलीगुड़ी से शिलांग तक उनके परिवहन के लिए एक बस की व्यवस्था की गई। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने ङ्क मजीतर से रवाना हुई, कोकराझार को पार कर गई है और शिलांग के रास्ते पर है। हमारे छात्रों को सुरक्षित देखकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि सिक्किम में पढ़ रहे मेघालय के छात्रों ने सिक्किम की मौजूदा स्थिति के कारण घर वापस लौटने में सहायता के लिए उनसे संपर्क किया था। मंगलवार (3 अक्टूबर) देर रात उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें सात सैन्यकर्मियों सहित 26 लोग मारे गए।

# बाढ़ वाली जगह पर 150 मजदूर कर रहे थे काम, समय रहते अधिकारियों ने बचाया

**कोलकाता।** बीते दिनों सिक्किम में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण कई लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, दूसरी ओर सिक्किम-पश्चिम बंगाल

**राहत**

**कुदरत के कहर और जिंदा रहने की राहत ने उनकी आंखों में आंसू ला दिए।**

सीमा के पास भारतीय रेलवे के लिए सुरंगों के निर्माण में लगे लगभग 150 मजदूरों को बचा लिया गया। एक निजी निर्माण कंपनी, जिसके लिए मजदूर काम करते हैं, के अधिकारी आपदा (ञ्जद्गद्दद्बह्लड्ड द्धद्यश्चश्वस्त्र) के बारे में जानकारी मिलने के बाद समय पर वाहनों के साथ अपनी कॉलोनी में पहुंचे और सो रहे श्रमिकों को बचा लिया।

तीस्ता के तेज पानी ने पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग जिले के रामबी



बाजार से लगभग 2 किमी दूर जीरो माइल क्षेत्र के पास शिविर को नष्ट कर दिया, अब केवल उनकी कुछ झोपड़ियों की छतें दिखाई दे रही हैं, बाकी कई फीट कीचड़ में समा गई हैं। दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद जैसे ही वे गहरी नींद से उठे, कार्यालय से फोन आए और उनसे कहा गया कि वे जल्दी से अपना बैग केवल आवश्यक चीजों के साथ पैक करें और नदी के किनारे शिविर छोड़ दें, उन्हें मामले की गंभीरता को समझने में थोड़ा समय लगा। अंततः, उन्हें लाने के लिए भेजे गए एक सुरक्षा गार्ड की मदद से, उन्होंने समय बचाने के लिए एक अपरिचित रास्ता अपनाया और लगभग 20 मिनट बाद पास की एक सड़क पर सुरक्षित पहुंच गए। जब उन्होंने सड़क से मुड़कर होकर पीछे देखा, तो उफनती नदी शिविर को अपनी चपेट में ले रही थी और सब कुछ बहा ले जा रही थी। कुदरत के कहर और जिंदा रहने की राहत ने उनकी आंखों में आंसू ला दिए। वहां काम करने वाले 32 वर्षीय मजदूर शिब्येंदु दास ने पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया कि जब हमने अपनी झोपड़ियों को पानी में डूबते देखा तो हम जोर-जोर से रोने लगे। यह विश्वास करना कठिन था कि मैं 15-20 मिनट पहले उसी स्थान पर गहरी नींद में सो रहा था। हम सभी को बचाने के लिए मैं ईश्वर का आभारी हूं। दास असम, बिहार, पंजाब और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के लगभग 150 मजदूरों में से एक थे, जो कंपनी के लिए भारतीय रेलवे की सेवोके-रंगपो परियोजना के लिए पांच सुरंगें बनाने के लिए काम कर रहे थे, जो हिमालयी राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ेगी।

## महारानी क्लस्टर यूनिवर्सिटी में बेकाबू कार ने दो छात्राओं को मारी टक्कर, प्रोफेसर के खिलाफ केस दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में स्थित महारानी क्लस्टर यूनिवर्सिटी (पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कार चलाने वाले प्रोफेसर एच नागराज थे। वे भी दुर्घटना के दौरान घायल हो गए हैं। प्रोफेसर तेज गति से कार चला रहे थे।




बताया जा रहा है कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है। अन्य को मामूली चोटें आई हैं। सभी को सेंट मार्था अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि हादसा उस समय हुआ, जब नागराज अपनी ऑटोमेटिक कार को पार्क करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने ब्रेक लगाने की बजाय, गलती से एक्सीलेटर पर पैर रख दिया, जिससे दो छात्राएं और एक अन्य प्रोफेसर इसकी चपेट में आ गए।

डीएसपी (नॉर्थ ट्रैफिक) सचिन घोरपड़े ने बताया कि आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से गाड़ी चलाना) और 337 (दूसरे की जान को खतरे में डालना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी प्रोफेसर को भी दुर्घटना में मामूली चोटें आई हैं, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर द्वारा फिट घोषित करने के बाद उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## हमास के हवाई हमले के बाद इजरायल दे रहा मुंहतोड़ जवाब, अब तक चार लोगों की मौत; कई घायल

**येरूशलेम।** गाजा से हमास ने इजरायल पर अचानक रॉकेट अटैक शुरू कर दिए, जिसके बाद युद्ध की स्थिति बन गई। रॉकेट दागे जाने के बाद इजरायल के चार लोगों की मौत हो गई और लगभग 16 लोग घायल हैं। शनिवार तड़के गाजा के आसपास के दक्षिणी इलाकों और बड़े तेल अवीव क्षेत्र में रॉकेट की चेतावनी देने वाले सायरन काफी देर तक बजते रह गए। गाजा पट्टी से भारी मात्रा में रॉकेटों की बौछार और इसके दक्षिणी क्षेत्र में घुसपैठ के बीच इजरायल ने शनिवार सुबह युद्ध के लिए तत्परता की स्थिति की घोषणा कर दी है। एक बयान में, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी एक मूल्यांकन कर रहे हैं और कार्य योजनाओं को मंजूरी दे रहे हैं। आईडीएफ ने चेतावनी दी कि आज सुबह अपने अचानक हुए हमले के लिए हमास आतंकवादी समूह को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायली सेना ने कहा, हमास ने एक संयुक्त गाजा से रॉकेट और हमास आतंकवादियों की जमीनी घुसपैठ दोनों से संयुक्त हमला हो रहा है।




अभियान चलाया, जिसमें रॉकेट दागना और इजरायल राज्य के क्षेत्र में आतंकवादी घुसपैठ शामिल थी।÷ इसमें कहा गया, ÷आईडीएफ इजरायल राज्य के निवासियों की रक्षा करेगा, हमास आतंकवादी संगठन को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, ÷यहूदी छुट्टियों के दौरान इजरायल पर स्थिति आसान नहीं है, लेकिन इजरायल जीतेगा। गाजा निवासियों ने कहा कि उन्होंने दक्षिणी शहर खान यूनिस के पास इजरायल के साथ अलगाव बाड़ पर सशस्त्र झड़प सुना और सशस्त्र लड़ाकों की महत्वपूर्ण गतिविधि देखी। इजराइल की एम्बुलेंस सेवा ने कहा कि गाजा के पास दक्षिणी इजरायल के इलाकों में टीमें भेजी गई हैं और निवासियों को अंदर रहने की चेतावनी दी गई है।

## हफ्ते भर में दूसरी बार कांपी नेपाल की धरती, रिक्टर स्केल पर 4.9 मापी गई भूकंप की तीव्रता

**काठमांडू।** नेपाल में एक बार फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.9 तीव्रता मापी गई है। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। एजेंसी के मुताबिक, 7 अक्टूबर को दोपहर 11:30:03 IST पर 10 किमी की गहराई पर भूकंप आया। फिलहाल, इस झटके से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में, मंगलवार को नेपाल में रिक्टर स्केल पर 6.2 और 4.6 तीव्रता के दो भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस दौरान उत्तर भारत के बड़े हिस्से में भी धरती कांपी थी।

# टेक्सास में बनेगा 37 एकड़ का पहला हिंदू युवा शिविर स्थल, भारतीय-अमेरिकी जोड़े ने दान में दिए 17.5 लाख डॉलर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतवंशी दंपती सुभाष गुप्ता और सरोजनी गुप्ता ने टेक्सास में हिंदू युवा शिविर स्थल के निर्माण के लिए 17.5 लाख डालर दान में दिए हैं। सुभाष उत्तर प्रदेश के पिलखुवा के रहने वाले हैं।

इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस, बेंगलुरु से इंजीनियरिंग करने वाले सुभाष की पत्नी सरोजनी दिल्ली की रहने वाली हैं। टेक्सास में बनने वाले हिंदू युवा शिविर स्थल में युवाओं को असल जिंदगी के उदाहरणों के माध्यम से हिंदू परंपरा, संस्कृति और विरासत की शिक्षा दी जाएगी।

यह शिविर स्थल टेक्सास के कोलंबस में 37 एकड़ क्षेत्र में बनने जा रहा है। बता दें कि अगले साल तक इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। यहां छह रात और पांच दिन का शिविर आयोजित किया जाएगा। दंपती सुभाष गुप्ता और सरोजिनी

**इंस्टीट्यूट**

**इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस, बेंगलुरु से इंजीनियरिंग करने वाले सुभाष की पत्नी सरोजनी दिल्ली की रहने वाली हैं।**

गुप्ता का कहना है कि वे शिविर को लेकर बहुत ही उत्सुक हैं, क्योंकि यह युवा पीढ़ी के जीवन में महत्वपूर्ण मूल्यों और जरूरी कौशल को विकसित करने का काम करेगा।

इस नए कैंपसाइट में केबिन, एक स्विमिंग पूल, एक डाइनिंग हॉल जिसमें 200 लोग बैठ सकेंगे, एक आउटडोर एम्फीथिएटर, कवर्ड बास्केटबॉल कोर्ट और क्लासरूम शामिल होंगे। समाचार एजेंसी PTI



के अनुसार, यह शिविर 1985 में शुरू हुआ और ऐतिहासिक रूप से विभिन्न शिविर स्थलों पर जैसे मोंटगोमरी में कैंप लैंटर्न क्रीक में आयोजित किया गया है। हालांकि, आयोजकों ने कहा कि ऐसा स्थान ढूंढना कठिन हो गया है जो भाग लेने के इच्छुक 1,200 से अधिक युवाओं को समायोजित कर सके।

2024 तक, दो सप्ताह तक चलने वाले शिविर होंगे। सुभाष ने कहा, उनका अंतिम लक्ष्य सभी इच्छुक लोगों को समायोजित करने के लिए आवश्यकतानुसार अधिक से अधिक शिविर चलाना है। बता दें कि सुभाष और सरोजनी ने 1975 में शादी की थी और 1979 में ह्यूस्टन में बसने तक न्यू जर्सी और एरिजोना में रहे। एक इंजीनियरिंग कंपनी के साथ कुछ वर्ष काम करने के बाद, उन्होंने ह्यूस्टन में एक शोध प्रकाशन कंपनी की स्थापना की।

## मेक्सिको में देर रात आया जोरदार भूकंप, घरों से बाहर निकले लोग; जान-माल का कितना नुकसान हुआ?

**मेक्सिको।** मेक्सिको सिटी में शुक्रवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए । हालांकि, कही से भी जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। न्यूज एजेंसी रायटर के मुताबिक, मेक्सिको की भूकंप विज्ञान सेवा ने बताया कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.3 थी। इसका केंद्र दक्षिणी ओक्साका राज्य के मटियास रोमेरो शहर के पास था। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप 108 किमी गहराई पर आया था। हालांकि, यूएसजीएस ने इसकी तीव्रता 5.9 बताया।

यूएसजीएस के मुताबिक, भूकंप शुक्रवार की रात 11 बजे के बाद आया। वहीं, ओक्साका की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि वह नुकसान की रिपोर्टों की निगरानी कर रहा है।

# अगर पश्चिमी सैन्य सहायता बंद हो गई तो यूक्रेन एक हफ्ते में खत्म हो जाएगाः रूसी राष्ट्रपति

**प्रणाली**

**पुतिन ने कहा, अगर कोई रुक जाए तो एक हफ्ते में सब खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, यही बात रक्षा प्रणाली पर भी लागू होती है।**



**मॉस्को (रूस)।** यूक्रेन और रूस के बीच बीते कई महीनों से लगातार युद्ध जारी है। वहीं, पश्चिम युद्धग्रस्त यूक्रेन को सहायता देना जारी रखेगा। जिसके बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन पश्चिमी सैन्य और वित्तीय सहायता के बिना ÷एक सप्ताह÷ से अधिक समय तक टिक नहीं रह पाएगा। अल जजीरा की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है। पुतिन ने यह दावा उसी दिन किया जब यूरोपीय संघ के अधिकारी ने चेतावनी दी कि अगर कीव के लिए अमेरिका का समर्थन खत्म हो गया तो ब्लॉक फंडिंग गैप को पूरा नहीं कर पाएगा। इस सप्ताह की शुरुआत में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि उन्हें चिंता है कि यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन पटरी से उतर सकता है। वल्दाई डिस्कशन क्लब की बैठक में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को हर महीने आने वाले अरबों डॉलर के दान की बदौलत आगे बढ़ाया जा रहा है। पुतिन ने कहा, अगर कोई रुक जाए तो एक हफ्ते में सब खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, यही बात रक्षा प्रणाली पर भी लागू होती है। जरा कल्पना कीजिए कि सहायता कल बंद हो जाएगी। यह केवल एक सप्ताह तक ही रहेगी जब उनके पास बारूद खत्म हो जाएगा। पुतिन ने आगे कहा कि रूसी सेना के खिलाफ कीव के जवाबी हमले के बाद से अब तक यूक्रेन ने 90,000 से अधिक सैनिकों को खो दिया है। इसके अलावा, गुरुवार को स्पेन में यूरोपीय राजनीतिक समुदाय की एक बैठक को संबोधित करते हुए, यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने कहा कि यूरोपीय संघ कीव के प्राथमिक दाता के रूप में अमेरिका की जगह नहीं ले सकता।

बोरेल ने कहा, क्या यूरोप अमेरिका द्वारा छोड़े गए अंतर को भर सकता है? खैर, निश्चित रूप से यूरोप अमेरिका की जगह नहीं ले सकता है।इसके अलावा, यूरोपीय संघ और अमेरिका, जिसमें अधिकांश नाटो सदस्य शामिल हैं, रूस के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई में महत्वपूर्ण हैं। इस अवधि में, यूरोपीय संघ और उसके सदस्य देशों ने यूक्रेन को 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की सहायता देने का वादा किया है, जिसमें हथियार वितरण का वित्तपोषण भी शामिल है। इस बीच, वाशिंगटन ने सैन्य सहायता में 43 बिलियन अमरीकी डालर की प्रतिबद्धता जताई है, जबकि कांग्रेस ने मानवीय सहायता सहित 113 बिलियन अमरीकी डालर को मंजूरी दी ।

## ऋषि सुनक ने टूडो से फोन पर की बात, बोले- भारत-कनाडा के बीच तनाव कम होने की है उम्मीद

**लंदन।** भारत और कनाडा के बीच विवाद लगाता बढ़ता जा रहा है। इस बीच ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि उन्हें भारत और कनाडा के बीच राजनयिक तनाव में कमी होने की उम्मीद है। बता दें कि नई दिल्ली ने ओटावा को बिगड़ते संबंधों के बीच 10 अक्टूबर तक अपने 41 राजनयिकों को वापस लेने के लिए कहा है।

शुक्रवार शाम को अपने कनाडाई समकक्ष जस्टिन टूडो के साथ एक कॉल में, सुनक ने यूके की स्थिति की पुष्टि की कि सभी देशों को संप्रभुता और कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए।

एक सरकारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन की स्थिति की पुष्टि की कि सभी देशों को राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन के सिद्धांतों सहित संप्रभुता और कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए। टूडो ने भारत में कनाडाई राजनयिकों से संबंधित स्थिति पर सुनक को अपडेट किया और दोनों नेता अगले कदम पर संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए। पिछले महीने संसद में टूडो ने



खुफिया एजेंट खालिस्तान समर्थक सिख कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में भारतीयों के शामिल होने का आरोप लगाया था। जिसके बाद दोनों देशों के बीच में तनाव बढ़ गया है। टूडो के आरोपों के बाद, दोनों देशों ने एक-एक राजनयिक को निष्कासित कर दिया और भारत ने कनाडा के आरोपों को राजनीति से प्रेरित और बेतुका बताया। हाल ही में, नई दिल्ली ने प्रत्येक देश में राजनयिक कर्मचारियों की संख्या में समानता हासिल करने के लिए ओटावा को भारत में अपने 62 राजनयिकों में से 41 को वापस बुलाने के लिए कहा था। सीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा ने अपने अधिकांश राजनयिक कर्मचारियों को भारत से निकाल लिया है और उन्हें कुआलालंपुर (मलेशिया) या सिंगापुर में स्थानांतरित कर दिया है।

# प्रयागराज में पहला अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी एस्ट्रो टर्फ मैदान बनकर तैयार

- खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही है योगी सरकार
- 30 करोड़ की लागत से इनडोर स्टेडियम का निर्माण का कार्य भी शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के साथ - साथ खेलों को प्रोत्साहित करने में भी योगी सरकार की नीतियां तेजी से धरातल पर उतर रही हैं। प्रयागराज में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसकी बदलती तस्वीर सामने आ रही है। प्रयागराज शहर में प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी एस्ट्रो टर्फ मैदान का निर्माण इसी का परिणाम है।

प्रयागराज को दिसंबर के महीने में जिले के प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी एस्ट्रो टर्फ मैदान की सौगात मिलने जा रही है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में ? 7.7 करोड़ की लागत से यह मैदान बनकर लगभग तैयार है। यह नया आयताकार मैदान 91.40 मीटर × 55 मीटर के क्षेत्र का है जिसमे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन हो सकेगा। अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने ?30 करोड़ की लागत से मिनी इनडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरु कर दिया है। अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सौगात को शहर को देने का ऐलान किया था। आयुक्त विजय विश्वास पन्त के मुताबिक् 3500 वर्ग मीटर पर यह बन रहा है। इसका काम शुरु कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे ले जाने के लिए योगी सरकार खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र में मिनी स्टेडियम के निर्माण से इसमें सबसे बड़ा बदलाव नज़र आ रहा है। प्रयागराज के जसरा ब्लाक में मिनी स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है। प्रयागराज के जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेष उपाध्याय बताते हैं कि ?493.19 लाख रूपये की लागत से इसका निर्माण किया गया है। इसका शीघ्र ही उदघाटन प्रस्तावित है।

इस मिनी स्टेडियम में इनडोर और आउटडोर दोनों प्रकार के खेल के अभ्यास की सुविधा होंगी। इसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, कुश्ती समेत एक दर्जन खेलों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस स्टेडियम का निर्माण सिडको की तरफ से किया गया है। इसके अलावा जिले के चार और ब्लाक में मिनी स्टेडियम बनाये गए हैं। शंकरगढ़, हंडिया, कोराव और चाका में अभी तक ये मिनी स्टेडियम तैयार हो चुके हैं। यहां पर बड़ी तादाद में खिलाड़ी अभ्यास भी करते हैं।

### शहर में खुलेंगे 150 नए ओपन एयर जिम

**प्रयागराज।** शहर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर 150 नए ओपन एयर जिम बनाए जाएंगे। स्मार्ट सिटी मिशन के तकनीकी मैनेजर संजीव कुमार सिन्हा द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक शहर के 150 स्थान को नए ओपन एयर जिम खोलने के लिए सर्वे करने के बाद चिन्हित कर लिया गया है। अब इन्ही नए स्थानों पर ओपन एयर जिम खुलेंगे। अभी तक शहर में अब तक 230 स्थान पर ओपन और जिम लगाये जा चुके हैं। और अब 150 नए स्थलों पर ओपन एयर जिम लगने के बाद शहर में इनकी संख्या बढ़कर 480 हो जाएगी। यह ओपन और जिम विस्तारित क्षेत्र के पार्क व प्रमुख मार्गों पर लगाए जाने की योजना है। प्रयागराज में 20 नए वार्ड शामिल हुए हैं और इन वार्डो के विस्तारित क्षेत्र में ही यह नए जिम लगाए जाएंगे। स्मार्ट सिटी के तकनीकी मैनेजर का कहना है कि ओपन एयर जिम के उपकरण आ गए हैं और इसके लिए स्थान का सर्वे हो चुका है। ओपन एयर जिम वाले दो स्थानों के बीच 300 मीटर की दूरी होना जरूरी है चिन्हित स्थानों पर ही ओपन लगाए जाएंगे।

# बीकॉम की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के सदियापुर में बी कॉम की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसने यह कदम क्यों उठाया इसका सही कारण पता नहीं चल सका है। हालांकि आस पड़ोस के लोगों ने दबी जुबान बताया कि परिजनों की डांट फटकार के बाद उसने आत्मघाती कदम उठाया है। कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदियापुर करेली के रहने वाले सरन सिंह कपड़ा व्यवसायी हैं। उनकी पुत्री मोहिनी सिंह (22) बी कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा है। वह एसएस खन्ना डिग्री कॉलेज में पढ़ती थी। शुक्रवार की देर रात उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुले पर परिवार के लोग परेशान हो गए। मौके पर मुहल्ले वाले भी जुट गए। किसी ने खिड़की से अंदर देखा तो उसका शव फांसी के फंदे से लटक रहा था।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना से परिवार के लोग स्तब्ध हैं। उनका कहना है कि उन्हें यह तनिक भी आभास नहीं था कि उनकी पुत्री इस तरह का कदम उठा सकती है।

# 61 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर कुल 05 का निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की अध्यक्षता में मा0 कांशीराम सामुदायिक भवन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष कुल 61 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर कुल 05 शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रार्थना पत्रों को देखते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर ही समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई हैं, मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा थाना प्रभारी को कहा कि जितने भी भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों का तत्काल निस्तारण कराएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर ऋषभ देशराज पण्डरीक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सरदार प्रीतम बने उ.प्र. सिख फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** सरदार प्रीतम सिंह उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन के जिला प्रयागराज के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जानें पर प्रयाग व्यापार मंडल द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। आज प्रयाग व्यापार मंडल के तत्वावधान में चौक स्थित कार्यालय पर सरदार प्रीतम सिंह वरिष्ठ सदस्य कोर कमेटी अध्यक्ष कोठा पार्चा का भव्य स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल कार्य वाहक अध्यक्ष राणा चावला ने किया इस अवसर पर महामंत्री प्रयाग व्यापार मंडल सुहैल अहमद ने संचालन करते हुए कहा कि सिख समुदाय ने बहुत ही उपयुक्त व्यक्ति को नियुक्त किया व्यापारी समाज इससे लाभान्वित होंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रयाग व्यापार मंडल अरूण केसरवानी ने बहुत ही जोश से सरदार प्रीतम सिंह का हृदय से स्वागत किया और कहा कि हमेशा से कर्मठ रहते हैं और अब सिख समाज भी इनकी सेवा से समाज को ऊंचाई पर ले जायेंगे। इस अवसर पर सरदार जतिंदर सिंह, राजरूपपुर व्यापार मंडल एवं पश्चिमी व्यापारी संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह, सरदार परमजीत सिंह, धनंजय सिंह अध्यक्ष मुंडेरा व्यापार मंडल एवं महामंत्री पश्चिमी व्यापारी संघ, पार्षद साहिल अरोरा आलोक त्रिपाठी, रोहित अरोरा, सरदार दलजीत सिंह, प्रफुल मित्तल, शाहिद कमाल बबलू, मोहम्मद सैफ, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम आदि उपस्थित रहे।

# अशरफ की पत्नी जैनब ने एफआईआर रद करने के लिए हाईकोर्ट में लगाई गुहार

**अवधनामा संवाददाता**

- बहन से दाखिल कराई याचिका

**प्रयागराज।** अतीक के भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा ने खुद की गिरफ्तारी से बचने के लिए नया पैंतरा चला है। उन्होंने उमेश पाल हत्याकांड में दर्ज हुई एफआईआर रद कराने के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल कराई है। यह याचिका जैनब फातिमा ने अपनी बहन शबाना अनीस के नाम से दाखिल कराई है। शबाना अनीस की याचिका पर हाईकोर्ट में अगले हफ्ते सुनवाई होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस याचिका की कॉपी प्रयागराज पुलिस को मिल चुकी है। अब पुलिस भी इस मामले में अपना जवाब दाखिल करने की तैयारी कर रही है। बता दें कि जैनब फातिमा अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल करने के लिए अगस्त महीने में हाईकोर्ट भी पहुंची थी। उम्मीद है कि उमेश पाल के परिवार वालों की तरफ से इस याचिका का विरोध किया जाएगा। आइडेंटिफिकेशन सेंटर में फोटो खिंचाने के लिए ना आना पड़े इसके लिए जैनब फातिमा ने अपने नाम से याचिका नहीं दाखिल किया। दरअसल, याचिकाकर्ता को आइडेंटिफिकेशन सेंटर में आकर फोटो खिंचवाना अनिवार्य होता है। यही कारण है कि जैनब ने अपनी बहन का सहारा लिया और बहन शबाना की तरफ से हाईकोर्ट में यचिका दाखिल करा दी है। प्रयागराज पुलिस ने जांच के आधार पर उमेश पाल शूटआउट केस में जैनब फातिमा को भी आरोपी बनाया है। उमेश हत्याकांड के बाद से वह लगातार फरार चल रही हैं। जैनब फातिमा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। वहीं अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन भी इस हत्याकांड में दोषी हैं और वह भी फरार चल रही हैं। उनके ऊपर ईनाम घोषित करते हुए पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड में चश्मदीद गवाह रहे उमेश पाल और उनके 02 सरकारी गनर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसमें अतीक अहमद के बेटे असद समेत अन्य शूटरों की गोली मारते हुए सीसीटीवी फुटेज मिली थी। इसमें अतीक का पूरा कुनबा शामिल रहा। अशरफ की पत्नी जैनब पर आरोप हैं कि वह उन्होंने शूटरों को भगाने में मदद की थी। पुलिस जब उन्हें गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी करनी शुरू की तो फरार हो गई हैं। अब उन्होंने इस केस से अपना नाम हटाने के लिए नई दांव चला है।

# बाइक सवार बदमाशों ने ई-रिक्शा चालक को मारी गोली

**अवधनामा संवाददाता**

- पीड़ित की तहरीर पर दो के विरुद्ध केस दर्ज

**जौनपुर (बदलापुर)** कोतवाली क्षेत्र के मिरसादपुर गांव स्थित नहर की पुलिया के पास शुक्रवार की देररात लगभग 11:30 बजे ई रिक्शा चालक को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मुरादपुर कोटिला गांव निवासी अभिषेक पुत्र जगदीश गौतम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह देरात को सीएचसी से अपनी भाभी शीला देवी को दवा दिलाकर पड़ोसी गोविंद पुत्र राजेश के साथ ई-रिक्शा से घर जा रहा था जैसे ही वह उक्त पुलिया के पास पहुंचा था कि पीछे से बाइक सवार दो लोग पहुंचकर तमंचा दिखाकर उसकी गाड़ी को रोक लिए। जब तक वह कुछ समझ पाता तबतक गाली-गलौज देने लगे। विरोध करने पर मेरे गांव के ही संघर्ष सिंह ने लक्ष्य कर तमंचे से फायर कर दिया। गोली अभिषेक के पैर में लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अभिषेक की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रोहित सिंह पुत्र दशरथ सिंह व संघर्ष सिंह पुत्र विमल सिंह के विरुद्ध एससी-एसटी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर किया है। इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय ने बताया कि मामला पुरानी रंजिश का है। गांव में चुनावी राजनीति को लेकर दोनों पक्षों में काफी दिनों से तनाव चल रहा था। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## जन जागरूकता के तहत निकाली गयी शौर्य यात्रा

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** रेशमी नगरी मुबारकपुर में हिन्दू संगठनों द्वारा हिंदू जन जागरूकता समारोह का आयोजन कर शौर्य यात्रा निकाली गई।यात्रा बिजली कॉलोनी के प्रांगण में स्थित साई मंदिर से आरंभ होकर रोडवेज चौराहा, राम जानकी मंदिर, अलीनगर, कटरा, पुरानीबस्ती हैदराबाद आदि विभिन्न मोहल्लों से होते हुए रामलीला मैदान में आकर समाप्त हुई। इस शौर्य यात्रा का आयोजन अयोध्या से निकलने वाली वाली शौर्य यात्रा के परिपेक्ष में किया गया जो पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से होते हुए 9 अक्टूबर को आजमगढ़ होते हुए बनारस जाएगी। इस शोभा यात्रा में हिंदू संगठनों के सैकड़ो कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सुरक्षा की दृष्टि से सीओ सदर गोपाल स्वरूप बाजपेई एसडीम अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रोहित यादव नायब तहसीलदार नीरज त्रिपाठी सहित मुबारकपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार एवं चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स के जवान शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में 02 असलहा तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में कारतूस बरामद



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के नगर कोतवाली निरीक्षक अपराध नवल किशोर सिंह मय हमराह व स्वाट टीम को सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर तीन बदमाश जो जीयनपुर की तरफ से आ रहे हैं। वह लोग सर्विस लेन से मऊ रोड़ की तरफ जाने वाले हैं, इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अपराध चौकी बलरामपुर के चौकी प्रभारी उ0नि0 श्री संजय तिवारी को उक्त सूचना से अवगत कराया। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने देखा कि सर्विस लेन शिवालिक के पास पहली पुलिया पार के पास चेकिंग की जा रही थी कि पुलिस वालों को देखते ही मोटर साइकिल बदमाश सवार यू टर्न करके भागने की कोशिश किए कि वहीं पर गिर गए कि पीछे बैठा हुआ व्यक्ति तुरन्त वहाँ से नाला में कूद कर भागने लगा और भागते हुए बाइक पर बीच में बैठे व्यक्ति द्वारा पुलिस वालों को लक्ष्य बना कर के जान से मारने की नियत से लिए हुए पिस्टल से फायर कर दिया गया। कि पुलिस द्वारा तत्काल एकबारगी घेर घारकर कर गिरे हुए मोटरसाइकिल सहित दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया।

दोनो अभियुक्तों की पहचान विपुल यादव पुत्र सूर्य प्रकाश यादव नि0 दाऊदपुर थानाजीयनपुर जनपद आजमगढ़ शिवम यादव उर्फ बन्टी पुत्र रामफेर यादव नि0 अरया थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई।अभियुक्तों के कब्जे से एक जिन्दा कारतूस 303 बोर प्रतिबंधित तथा एक पिस्टल .32 बोर चालू हालत में व एक जिन्दा कारतूस .32 बोर बरामद हुआ है व एक तमंचा 315 बोर चालू हालत में व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक पिस्टल .32 बोर व एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस .32 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्तों की बरादमगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0574/23 धारा 307 भादवि व 3 /25,7/25 शस्त्र अधि.पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान किया जा रहा

# गाजे-बाजे के साथ धर्मापुर ब्लॉक पहुंची कलश यात्रा



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (गौराबादशाहपुर)** विकास खंड कार्यालय पर शनिवार को सांसद बीपी सरोज के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ मेरी माटी मेरा देश अभियान की यात्रा पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गांवों से मिट्टी भरे हुए कलश को ब्लाक परिसर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बीडीओ कृष्ण मोहन यादव को सौंपा गया। कार्यक्रम में आए लोगो को संबोधित करते हुए सांसद बीपी सरोज ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत कलश में इकट्ठा की गई मिट्टी को लखनऊ भेजा जाएगा जहा से पूरे प्रदेश की मिट्टी को दिल्ली भेजा जाएगा। सांसद द्वारा शहीदों के स्वजनो का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन सचिव उमेश सोनकर और सचिव श्रुति गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में भाजपा धर्मापुर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, ब्लॉक प्रमुख विमलेश यादव, एडीओ पंचायत लालजी राम, बीडीओ कृष्ण मोहन यादव, दिनेश सोनकर, उमेश सिंह, डीपीआरओ नत्थू लाल, सीडीपीओ अभिषेक द्विवेदी, अनिल यादव, सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 105 दिव्यांग छात्रों को वितरित किये गये उपकरण

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के क्रम मे राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान लखनऊ द्वारा एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञों की टीम द्वारा शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र सुजानगंज पर विकासखंड में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों को उनकी दिव्यांगता के आधार पर उपकरण एवं उपस्कर वितरित किया गया। पुरस्कार वितरण आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी उपस्थित रहीं। माननीय सांसद द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम, शासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर द्वारा किए जा रहे हैं पुनीत कार्यों की सराहना की गई। आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग छात्रों द्वारा अपने विशिष्ट प्रतिभा का उच्च स्तर पर प्रदर्शन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र पर आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुजानगंज, जिला समन्वयक समिति शिक्षा, अभिभावाक एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सुनी फरियाद 18 मामलों का मौके पर निस्तारण

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 184 मामले आये, जिसमे से 18 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 166 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 121, पुलिस के 24, विकास के 23, स्वास्थ्य विभाग के 01 एवं अन्य के 15 मामले शामिल है। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा।

# स्टॉक रजिस्टर बिक्री रजिस्टर रखरखाव किया जाए

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी व अनुज्ञापन अधिकारी ने समस्त कृषि रक्षा रसायन व्रिकेता को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक-01.04.2023 से 31.03.2024 तक स्टाक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर आदि अभिलेखों का रख रखाव किया जायेगा एवं कृषि रक्षा रसायनों के क्रय-विक्रय का अंकन उक्त रजिस्टर पर करने के साथ ही उत्पादक फर्म/विक्रेता फर्म से क्रय एवं विक्रय एवं कृषकों में किये गये वितरण का (कैश मैमों) रसीद का अद्यतन रख रखाव सुनिश्चित करेगें। जिससे सत्यापन/निरीक्षण के समय उक्त रसीद एवं स्टाक पंजिका, वितरण पंजिका से मिलान किया जा सकें। बिना कीटनाशी लाइसेंन्स प्राप्त किये किसी भी कृषि रक्षा रसायन विक्रेताओं को रसायन विक्रय नहीं किया जायेगा। उक्त क्रम में जनपद के समस्त कृषि रक्षा रसायन विक्रेताओं को सूचित करते हुये निर्देशित किया जाता है कि कृषि रक्षा रसायनों के क्रय एवं विक्रय हेतु स्टाक पंजिका कार्यालय को उपलब्ध कराने के पश्चात सत्यापित पंजिका प्राप्त करें एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक-01.04.2023 से 31.03.2024 तक कृषि रक्षा रसायनों के क्रय एवं विक्रय का अंकन उक्त रजिस्टर पर करने के साथ ही उत्पादक फर्म/विक्रेता फर्म, से क्रय एवं विक्रय तथा कृषकों में विक्रय किये गये का (कैश मैमों) रसीद का अद्यतन रख रखाव सुनिश्चित करेंगें। जिससें सत्यापन/निरीक्षण के समय उक्त रसीद एवं स्टाक पंजिका, वितरण पंजिका से मिलान किया जा सके। उपरोक्त आदेशों का अनुपालन न किये जाने पर कीटनाशी अधिनियम 1968, कीटनाशी नियम 1971 के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत कीटनाशी प्राधिकार पत्र निलम्बित/निरस्त कर दिया जायेगा, तथा कीटनाशी अधिनियम, नियम में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## बाइकों की भिड़ंत में स्कूली छात्र समेत दम्पत्ति घायल

**जौनपुर (सुइथाकला)।** शनिवार सुबह थाना क्षेत्र में सारी मोड़ के पास बाइकों की आपसी भिड़ंत में स्कूली छात्र समेत एक घायल हो गए। आनन फानन में लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को सीएचसी भिजवाया। बताया जाता है कि शनिवार सुबह बाइक द्वारा सारीजहांगीर पट्टी निवासी स्कूली छात्र अमन गौतम कालेज जा रहा था। जैसे ही वह गांव की मोड़ पर लखनऊ बलिया राजमार्ग पर चढ़ा उसी दौरान रूधौली निवासी अमरान अपनी पत्नी जरीना के साथ बाइक द्वारा उक्त मोड़ पर पहुंच गया। वहीं दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें तीनों सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर रहे लोग जहां छात्र को एक निजी चिकित्सक के पास ले गए वहीं एम्बुलेंस बुलाकर घायल दम्पत्ति को सीएचसी भिजवाए।

# ऑटो यूनियन के अध्यक्षों ने किया कृपाशंकर का स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** गोसाई की बाजार रोहुआ मोड पर भारी संख्या में ऑटो चालकों द्वारा एकत्रित होकर ऑटो रिक्शा चालक समिति उत्तर प्रदेश ऑटो यूनियन के अध्यक्ष कृपाशंकर पाठक को आम आदमी के पार्टी प्रांतीय प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने को लेकर के प्रदेश गोसाई बाजार के क्षेत्रीय ऑटो यूनियन के अध्यक्ष मधुसूदन पांडे लालगंज अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी द्वारा कृपा शंकर पाठक यूनियन के पदाधिकारी का जोरदार स्वागत किया गया ऑटो यूनियन के संरक्षक प्रभु नारायण प्रेमी को भी राजेंद्र तिवारी द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया संगठन मत्री शाहिद अहमद कोषाध्यक्ष वीरेंद्र यादव रानी सराय इकाई के प्रभारी अरविंद यादव क्षेत्रीय लोगों व पदाधिकारीओ को माला पहनकर स्वागत किया गया आटो यूनियन के अध्यक्ष व सभी ऑटो चालक व ऑटो मालिक की समस्याओं को सुना गया ऑटो चालक व मालिकों ने पुलिस प्रशासन द्वारा उत्पीड़न को लेकर समस्या को बताया स्टैंड ना होने के चलते प्रशासन द्वारा चालको का उत्पीड़न किया जाता है कुछ स्थानीय लोगों द्वारा फुटपाथ पर अवैध कब्जा कर ऑटो चालक व ऑटो मालिकों को परेशान किया जाता है सारी समस्याओं को लेकर संरक्षक प्रभु नारायण प्रेमी अध्यक्ष के कृपा शंकर पाठक ने गंभीरता से लेकर समस्याओं को दूर करने का दिशा निर्देश दिया।

# करेन्ट के चपेट में आने से मौत

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर आजमगढ़।** विगत दिनों नगरपालिका स्थिति एक गुमटी मे बिजली करेन्ट के चपेट से मरने वालें बदरूजमा 40 वर्षीय पुत्र जफ़रूल्लाह मोहल्ला पूरा दीवान के घर शोक सम्वेदना के साथ ही आथिर्क मदद का कार्य बदस्तूर जारी है इसी क्रम मे शनिवार को विद्युत विभाग के अभियंता शत्रुधन यादव,अवर अभियंता धीरज पटेल अपने विभाग के कर्मचारियों साथ मृतक के परिजन से मिल कर शोक सम्वेदना तथा अपने निजी मद से श्री शत्रुघन यादव ने 10 हजार का सहयोग किया।श्री यादव ने कहा कि इस परिवार के प्रति मेरी एवं विभाग का सहयोग हमेशा मिलेगा एक छोटे से सहयोग मेरे जीवन के विकास मे फ़र्क़ नहीं पडेगा मगर इस सहयोग से कुछ समय के लिए पीड़ित परिवार को संकट कि घडी मे मददगार ज़रूर साबित होगी। लायन्स क्लब के अध्यक्ष अबू हासिम ने विद्युत से जुड़ी हुई समस्याओं पर श्री यादव से रूबरू हुए और कहा कि बिजली से जुड़ी हुई जो भी मदद हो इस परिवार को जरुर मिले जिसपर श्री यादव हर प्रकार से सहयोग का विश्वास व ढांसा बंधाया। इस अवसर पर जय धीरज पटेल वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा, अबू हाशिम बलराम प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

# अक्टूबर में भी विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी

## चार कारोबारी सत्रों में बेचे 7998 करोड़ रुपये के शेयर

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में एफपीआई की बिकवाली जारी है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के मुताबिक अक्टूबर में चार कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने 7998 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इससे पहले सितंबर में एफपीआई ने शेयर बाजारों से 14768 करोड़ रुपये निकाले थे। अक्टूबर में 30 साल वाले अमेरिकी बांड पर यील्ड लगभग 5 प्रतिशत पर पहुंच गया है था जबकि 10-वर्षीय यील्ड 4.7 प्रतिशत है।

**बिकवाली**

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की घरेलू इक्विटी बाजारों से बिकवाली जारी है।
- अक्टूबर में 30 वर्षीय अमेरिकी बॉन्ड पर यील्ड (ब्याज) पांच प्रतिशत के करीब पहुंच गया है




विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की घरेलू इक्विटी बाजारों से बिकवाली जारी है।

नेशनल सिक्युरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के डाटा के अनुसार, एफपीआई ने अक्टूबर के चार कारोबारी सत्रों में 7,998 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं।

**सितंबर में एफपीआई ने कितना बेचा शेयर**

इससे पहले सितंबर में एफपीआई ने इक्विटी बाजारों से 14,768 करोड़ रुपये की निकासी की थी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार का कहना है कि हाल के सप्ताहों में विदेशी निवेश के प्रवाह में कमी का प्रमुख कारण अमेरिकी बॉन्ड यील्ड का बढ़ना रहा है।

अक्टूबर में 30 वर्षीय अमेरिकी बॉन्ड पर यील्ड (ब्याज) पांच प्रतिशत के करीब पहुंच गया है, जबकि 10 वर्षीय बॉन्ड पर यील्ड 4.7 प्रतिशत रहा है। इस कारण एफपीआई पर भारत जैसे उभरते बाजारों से निकासी का दबाव बन रहा है। एफपीआई वित्तीय, पावर, आईटी और आयल एंड गैस जैसे क्षेत्र में बिकवाली कर रहे हैं। हालांकि, एफपीआई कैपिटल गुड्स, आटो और आटो उपकरण क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी भी कर रहे हैं।

# निसान ने 8.27 लाख में पेश किया निसान मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने आज अपनी बिग, बोल्ड, ब्युटिफुल निसान मैगनाइट का चत्रह्न स्पेशल एडिशन (ब्लैक) 8.27 लाख (एक्स-शोरूम, दिल्ली) में पेश किया है। निसान मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन के लिए बुकिंग्स 14 सितंबर, 2023 से 11,000 में शुरू हो चुकी हैं। यह मैगनाइट MT, मैगनाइट टर्बो XV MT, और टर्बो XV CVT समेत सभी अपर ग्रेड्स में उपलब्ध है।

निसान मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन, वास्तव में, निसान की इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के साथ लंबी साझेदारी का जश्न मनाने के लिए लॉन्च किया गया है। आईसीसी मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड का आयोजन ने भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के दौरान किया जा रहा है और निसान इस टूर्नामेंट की आधिकारिक पार्टनर के तौर पर जुड़ी है। इस जश्न की शुरुआत करते हुए, ग्राहकों के लिए खास प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है जो उन्हें वर्ल्ड कप मैचों के टिकट दिला सकती है। इसके लिए उन्हें अपने नज़दीकी निसान डीलरशिप पर जाकर निसान




मैगनाइट की टैस्ट ड्राइव करनी होगी। विजेताओं का चयन लकी ड्रॉ से किया जाएगा। निसान मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन का अलग स्टाइल और खास मूल्य उन ग्राहकों के लिए है जिन्हें बाजार में अन्य वाहनों की भीड़-भाड़ में अलग दिखायी देने वाली एक कॉम्पैक्ट एसयूवी चाहिए। KURO जापानी भाषा का शब्द है जिसका मतलब है BLACK और यही इस स्पेशल एडिशन की खासितय है। दरअसल, इस प्रोडक्ट के थीम में स्टाइल और जापानी नफासत का अद्भुत मेल है। KURO थीम पर आधारित यह स्पेशल एडिशन एसयूवी ग्राहकों को प्रीमियम क्वालिटी और विश्वसनीयता दिलाती है।

राकेश श्रीवास्तव, मैनेजिंग डायरेक्टर, निसान मोटर इंडिया ने कीमतों की घोषणा के मौके पर कहा, KURO स्पेशल एडिशन में स्टाइल, वैल्यू और सेफ्टी का जबर्दस्त संगम है। यह स्पेशल एडिशन हमारे विशिष्ट ग्राहकों की लगातार बदलती जरूरतों और प्राथमिकताओं को दर्शाता है।

### न्यूट्रल अल्कोहल जीएसटी से बाहर, मोलासेस पर 5 फीसद घटा टैक्स

**नई दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) काउंसिल की 52वीं बैठक में लिए गए फैसलों के मुताबिक सरकार ने आज मोलासेस पर जीएसटी को घटाया है।

मोलासेस पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा जीएसटी परिषद ने मानव उपभोग के लिए शराब को लेवी से छूट देने का निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव, जो जीएसटी परिषद के सदस्य हैं, ने कहा कि औद्योगिक उपयोग के लिए एक्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) पर 18 प्रतिशत वस्तु जीएसटी लगता रहेगा। वहीं इंसानों द्वारा उपयोग में इस्तेमाल होने वाले ईएनए पर जीएसटी नहीं लगेगा।

**क्या है मोलासेस?**

गन्ने का उप-उत्पाद और शराब उत्पादन के लिए कच्चे माल के रूप में उपयोग किए जाने वाले मटेरियल को मोलासेस कहा जाता है, जिसपर वर्तमान में टैक्स को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

## Samsung ने अपने TVs पर बेहतरीन ऑफर के साथ फेस्टिव सीजन की शुरुआत की है

**गुरुग्राम।** पिछले 17 सालों से दुनिया के नंबर एक TV ब्रांड Samsung ने आज बहुप्रतीक्षित फेस्टिव सीजन के लिए अपने टेलिविजन की एक विस्तृत रेंज पर मेगा डील प्रस्तुतत की है। फेस्टिव सीज़न अपने घर में कुछ नया लाने और Samsung के television रेंज से अपने लिविंग स्पेह्स को स्टाइल का टच देने का एक बेहतरीन अवसर है, इसकी रेंज में Neo QLED TV, OLED TV, Crystal 4K iSmart TV, Crystal Vision yK TV, QLED 4K TV, The Frame TV और अन्य शामिल हैं। Samsung India के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेजीडेंट, मोहनदीप सिंह ने कहा, जैसे-जैसे त्यौओहार करीब आते हैं, उपभोक्ता भी अपने घरों को प्रीमियम TVs से अपग्रेड करने की फिराक में रहते हैं। Samsung में, हम अपने टेलीविज़नों पर आकर्षक ऑफ़र के साथ अपने कस्ट मर्स के लिए इस फेस्टिव उत्साह को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें विश्वास है कि हमारे अनूठे ऑफर इस फेस्टिव सीजन को खुशियों से भर देंगे। उपभोक्ता 20% तक के बैंक कैशबैक, 3 साल की वारंटी और कुछ आसान ईएमआई ऑप्श न का भी लाभ उठा सकते हैं।

## सितंबर तिमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 21 प्रतिशत घटा, इस वजह से आई कमी



**नई दिल्ली।** इस साल जुलाई-सितंबर की अवधि में रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश में 21 प्रतिशत की गिरावट आई है। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी कोलियर्स इंडिया के मुताबिक सितंबर तिमाही में सेक्टर को 793.4 मिलियन डॉलर का संस्थागत निवेश प्राप्त हुआ। कोलियर्स ने कहा कि कार्यालय संपत्तियों में कम प्रवाह के कारण कुल निवेश में गिरावट आई है। इस वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश में 21 प्रतिशत की कमी रही है।

रियल एस्टेट कंसल्टेंट कोलियर्स इंडिया के अनुसार, सितंबर तिमाही में इस क्षेत्र में 79.34 करोड़ डालर का संस्थागत निवेश मिला है।

**क्यों कम रहा निवेश?**

कोलियर्स का कहना है कि आफिस संपत्तियों में प्रवाह में कमी के चलते कुल निवेश में कमी रही है। पिछले वर्ष समान अवधि में एक 100.21 करोड़ डॉलर का संस्थागत निवेश मिला था।

कोलियर्स इंडिया की ओर से शनिवार को जारी डाटा के अनुसार, आफिस संपत्तियों में बीती तिमाही में संस्थागत निवेश में 89 प्रतिशत की भारी गिरावट रही है और इसमें केवल 7.91 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ है।

पिछले वर्ष समान अवधि में आफिस संपत्तियों में 69.43 करोड़ डॉलर का निवेश मिला था। इसी तरह मिश्रित इस्तेमाल वाली संपत्तियों में संस्थागत निवेश 73 प्रतिशत घटकर 2.72 करोड़ डॉलर रहा है, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 10.08 करोड़ डॉलर था।

हालांकि, बीती तिमाही में आवासीय संपत्तियों में संस्थागत निवेश में 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है और कुल 27.4 करोड़ डॉलर का निवेश मिला है। पिछले वर्ष समान तिमाही में आवासीय संपत्तियों में 18.7 करोड़ डॉलर का संस्थागत निवेश मिला था।

इंडस्ट्रियल और वेयरहाउसिंग संपत्तियों में बीती तिमाही में 34 करोड़ डॉलर का संस्थागत निवेश हुआ है। कुल संस्थागत निवेश में विदेशी निवेश की 77 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है। डाटा के अनुसार, जुलाई-सितंबर के दौरान भले ही संस्थागत निवेश में कमी रही है लेकिन जनवरी-सितंबर के दौरान इसमें 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है।

## मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थ होंगे सस्ते

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की बैठक हुई थी। इस बैठक में जीएसटी को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने मोटे अनाज की जीएसटी दर में कटौती की है। इसके अलावा सरकार ने millets पर जीएसटी लागू करना का अलग नियम लागू किया है। आइए जानते हैं कि आज जीएसटी बैठक में क्या-क्या फैसले लिए गए हैं।

जीएसटी कांउसिल की 52वीं बैठक में मिलेट्स (मोटे अनाज) से बने आटे पर जीएसटी की दर को लेकर बड़ा फैसला हुआ। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद निर्मला सीतारमण ने कहा कि जिस भी आटे में 70 प्रतिशत तक मिलेट्स मिला होगा तो उसकी खुला बिक्री करने पर शून्य जीएसटी लगेगा। वहीं, पैकेट में बेचने पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में शीरा पर जीएसटी की दर को 5 फीसदी कर दिया है। इस फैसले से पहले इसकी दर 28 फीसदी थी। इसके अलावा एक्स्ट्रा-न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) पर भी टैक्स छूट देने का ऐलान किया है। इस फैसले पर जीएसटी परिषद के सदस्य टी एस सिंह देव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि एक्स्ट्रा-न्यूट्रल अल्कोहल पर जीएसटी लगता रहेगा।

इसके आगे उन्होंने कहा कि गन्ने के रस से बनने वाले एल्कोहल बनाने के लिए जो कच्चे मान के रूप में शीरा का इस्तेमाल होता है उसपर लगने वाले टैक्स की ब्याज दर 28 फीसदी से घटकर 5 फीसदी हो गया है।

जीएसटी में ऑनलाइन गेमिं कंपनियों को त्रस्ज्ञ डिमांड नोटिस को लेकर भी चर्चा हुई है। इस पर कहा गया है कि अगर जरूरत पड़ी तो छ्रत्तत्द्ध को स्ष्टीकरण देना पड़ सकता है। आपको बता दें कि DGGI एक स्वतंत्र संस्था है, इनके कामों पर किसी भी प्रकार का कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

# 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले जियोमार्ट के जियोउत्सव-सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया सेल के लिए हो जाइए तैयार!

**मुंबई।** त्योहारों का समय अपने परिवार के साथ मिलजुल कर उत्सव मनाने, साथ भोजन करने और अपनों के साथ खुशियों के पल बिताने का मौका होता है, और जियोमार्ट यही सुनिश्चित करता है कि इस बार त्योहारों के मौसम में सबसे बेहतरीन डील्स के साथ आपका हर पल खुशियों से भरा हो! भारत के सबसे बड़े ई-मार्केटप्लेस में से एक, जियोमार्ट ने हर साल आयोजित होने वाले अपने फेस्टिवल सेल जियोउत्सव-सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया की घोषणा की, जिसकी शुरुआत 8 अक्टूबर, 2023 से होगी। ग्राहक अब जियोमार्ट पर सभी केटेगरी में 50% से 80% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

ग्राहक 8 अक्टूबर से जियोउत्सव-सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया सेल के तहत बेमिसाल डील्स का फायदा उठा सकेंगे। जियोमार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एंड किचन, फैशन एंड लाइफस्टाइल, ब्यूटी, स्नस्ब्स्त्न, किराना और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सहित सभी केटेगरी में




सलेक्शन की एक बड़ी रेंज की पेशकश करता है, जिस पर हर घंटे फ़्लैश डील और अतिरिक्त फेस्टिवल डिस्काउंट का फायदा भी दिया जा रहा है। त्योहारों का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाइए और खुशी के लम्हों को कैद कर लीजिए, क्योंकि जियोमार्ट स्मार्टफोन और एक्सेसरीज पर 80% तक की छूट के साथ-साथ घरेलू उपकरणों, स्मार्ट टीवी, साउंडबार और इसी तरह के दूसरे प्रोडक्ट्स पर 70% तक की छूट तथा कुछ बेमिसाल डील्स की पेशकश कर रहा है। त्योहारों का मौसम इलेक्ट्रॉनिक्स की खरीदारी के लिए सबसे अच्छा समय होता है, जिसमें कई ब्रांड्स पर छूट उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जियोमार्ट 48 घंटों के भीतर मुफ्त इंस्टॉलेशन, 12 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई और मुफ्त डिलीवरी की सुविधा भी प्रदान करता है! साथ ही ग्राहक, स्मार्टफोन पर 15,000 रुपये तक के एक्सचेंज बेनिफिट का लाभ उठा सकते हैं।

अपने परिवारजनों से मिलना-जुलना और साथ मिलकर उत्सव मनाना ही त्योहारों का सही मतलब है, और यह अवसर स्वादिष्ट पकवानों और मिठाइयों के बिना अधूरा है। इसलिए अब ग्राहक जियोउत्सव सेल के दौरान स्टेपल्स और रोजमर्रा की जरूरी चीजों पर 50% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

होम और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स पर कुछ बेहतरीन डील्स के साथ अपने घरों को सजाएं और इसे उत्सव के लिए तैयार करें, जिनकी शुरुआती कीमतें 99 रुपये हैं। हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट से जुड़े प्रोडक्ट्स पर भी गौर करें, जिसमें देश भर के असली प्रोडक्ट्स केवल 230 रुपये की शुरुआती कीमतों पर उपलब्ध है।

## एयर इंडिया ने ए350 एयरक्राफ्ट के पहले लुक का किया अनावरण, नए लुक में ऐसी दिख रही है बदली हुई एयर इंडिया




**नई दिल्ली।** टाटा समूह की स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने आज अपने रीब्रांड किए हुए ए350 विमान के पहली झलक को दिखाया है। हाल ही में एयर इंडिया ने अपने नए लोगो और पोशाक को लॉन्च किया था जिसके बाद एयरलाइन ने कहा था कि कंपनी के रीब्रांड वर्जन को लोग दिसंबर से देख पाएंगे। एयर इंडिया ने एक्स (X) पर पोस्ट कर रीब्रांड किए गए प्लेन की पहली झलक दिखाते हुए X पर पोस्ट किया कि अगस्त में, टाटा संस के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने अपने अपडेटेड लोगो और पोशाक का खुलासा किया, जो दिसंबर 2023 में बिल्कुल नए ए350 विमान की डिलीवरी के साथ मेल खाएगा। एयर इंडिया ने रीब्रांडिंग के दौरान कहा था कि उसके नए लोगो को द विस्टा कहा जाएगा। इस नए पोशाक को एयर इंडिया ने लाल-बैंगनी-सुनहरे लुक के साथ रीब्रांड किया था।

एयर इंडिया अपने पूरे बेड़े को नए स्वरूप में शामिल करने के लिए 400 मिलियन डॉलर का खर्च कर रहा है। नया रंग एक नए और अनूठे फ़ॉन्ट के साथ आता है। हाल ही में कंपनी ने बताया था कि एयर इंडिया के स्टॉफ के यूनिफॉर्म को भी बदला जाएगा। आपको बता दें कि एयरलाइन के नए यूनिफॉर्म को मशहुर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा डिजाइन करेंगे।

मनीष मल्होत्रा केबिन क्रू, कॉकपिट क्रू, ग्राउंड और सुरक्षा कर्मचारियों सहित फ्रंटलाइन पर 10,000 से अधिक एयर इंडिया कर्मचारियों के लिए नई वर्दी डिजाइन करेंगे। एयर इंडिया ने बताया था कि उसे इस साल के अंत तक नई वर्दी लॉन्च करने की उम्मीद है।

## एक ट्रक ड्राइवर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

**नई दिल्ली।** एक ट्रक ड्राइवर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। न केवल व्यवस्थित और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में, बल्कि सड़क सुरक्षा और वाहन के आर्थिक परिचालन का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने में भी उसकी भूमिका होती है। इसे स्वीकार करते हुए, टाटा मोटर्स ने देश भर में ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स स्थापित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ सहयोग किया है। ये इंस्टिट्यूट सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण, दोनों प्रदान करते हैं। इनके पाठ्यक्रम में लाइट मोटर व्हीकल्स (एलएमवी) से लेकर हैवी-ड्यूटी ट्रकों और विशिष्ट मशीनरीज, जैसे की टिपर्स और कंस्ट्रक्शन व्हीकल्स तक के क्षेत्र शामिल हैं। एक दशक में इन संस्थानों ने 5 लाख से अधिक ड्राइवर्स को प्रशिक्षण दिया है जिससे उनका ड्राइविंग कौशल बेहतर हुआ है और प्रशिक्षित ड्राइवर्स का समूह तैयार हुआ है। इससे सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति को भी प्रोत्साहन मिला है।

टाटा मोटर्स अपने सर्वोच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए मशहूर है। यह ट्रक ड्राइवर्स के कल्याण के प्रति भी वचनबद्ध रही है। टाटा मोटर्स इन ड्राइवर्स की कठिनाइयों को गहराई से समझती है और अपने सभी कार्यों में ड्राइवर्स की ज़रूरतों को प्राथमिकता देने का हमेशा प्रयास कर रही है। अपनी टाटा समर्थ पहल के माध्यम से टाटा मोटर्स एक समग्र कल्याण दृष्टिकोण की परिकल्पना के साथ ट्रक ड्राइवर्स की सेहत को लेकर वचनबद्धता का प्रदर्शन करती है। टाटा मोटर्स स्वास्थ्य समर्थ के माध्यम से ड्राइवर्स के लिए सामान्य जाँच से लेकर विशिष्ट परामर्श तक आवश्यक मेडिकल सर्विसेज की सुलभता सुनिश्चित करती है और इसमें हॉस्पिटलाइजेशन कवरेज भी शामिल है। संपत्ति समर्थ के तहत टाटा मोटर्स ड्राइवर्स को विशिष्ट वित्तीय परामर्श और निवेश के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है, ताकि वे अपनी कमाई को बुद्धिमानी से निवेश कर सकें। शिक्षा समर्थ में आजीविका संबंधी सम्पूर्ण परामर्श के साथ ऑनलाइन पढ़ाई को शामिल किया गया है, जिसके द्वारा ट्रक ड्राइवर्स के बच्चों को भविष्य की पढ़ाई के लिए तैयार किया जाता है। अंत में, सुरक्षित समर्थ दुर्घटना और अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है, जिसमें 10 लाख रुपये तक कवरेज उपलब्ध है। इससे ड्राइवर और उनके परिवारों के लिए अप्रत्याशित विपत्ति के विरुद्ध सुरक्षा सुनिश्चित होती है। एक अग्रणी कमर्शियल व्हीकल कंपनी के रूप में टाटा मोटर्स अपने उत्पादों और सेवाओं के पोर्टफोलियो में प्रमुख टेक्नोलॉजीज को लगातार चिन्हित और विकसित करता रहती है जिससे ड्राइवर-अनुभव बेहतर बनता है। टाटा मोटर्स के लिए सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद लक्षण है, जिसमें न केवल ड्राइवर की तंदुरुस्ती बल्कि व्हीकल और इसके कार्गो की सुरक्षा भी शामिल है। टाटा मोटर्स सुरक्षा को दो नजरिये से देखती है -सक्रिय सुरक्षा और निष्क्रिय सुरक्षा। सक्रिय सुरक्षा यानी ऐक्टिव सेफ्टी ड्राइवर-असिस्ट फीचर्स पर आधारित है, जबकि निष्क्रिय सुरक्षा यानी पैसिव सेफ्टी आधुनिक ट्रकों में शामिल की गई अत्याधुनिक टेक्नोलॉजीज पर आधारित है। ड्राइवर की सुविधा के लिए टाटा मोटर्स के ट्रक इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), कैमरा के साथ रियर पार्किंग असिस्ट, हिल स्टार्ट एड (एचएसए), इलेक्ट्रॉनिक एंटी-फ्युल थेफ्ट सिस्टम, ऐंटी-टॉपल सेंसर, इंजन ब्रेक

# ऐवरो इंडिया लिमिटेड ने सोनू सूद के साथ ब्रांड एसोसिएशन की घोषणा की

**मुंबई।** प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर प्रोडक्ट्स और प्लास्टिक रीसायकलर की एक प्रमुख निर्माता,ऐवरो इंडिया लिमिटेड (एनएसई-AVROIND एवं बीएसई-543512) ने विख्यात बॉलीवुड स्टार, सोनू सूद के साथ ब्रांड एसोसिएशन की घोषणा की।

भारतीय फ़िल्म उद्योग के एक विख्यात एक्टर,सोनू सूद जिनका करियर दो दशक से अधिक लंबा है, ने मनोरंजन जगत के साथ बड़े पैमाने पर समाज पर अमित छाप छोड़ी है। अपने विशिष्ट एक्टिंग कौशल से आगे सोनू सूद एक मानवतावादी और लोकोपकारक के रूप में जाने जाते हैं। विभिन्न अन्य धर्मदा पहल के साथ वह जरूरतमंदों की मदद करने के प्रति दृढ़ समर्पित है जिससे उन्हें व्यापक रूप से पहचान और प्रशंसा मिली है।

इस सहयोग के बारे में बोलते हुए ऐवरो इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन,श्री सुशील अग्रवाल ने कहा, ÷हम सहर्षहमारे ब्रांड एसोसिएशन के रूप मेंऐवरोइंडिया लिमिटेड में सोनू सूद का स्वागत करते हैं।यह भागीदारी हमारी कंपनी के इतिहास में सबसे अहम अवसर को दर्शाती है। सोनू सूद की एक




सफल एक्टर से मानवतावादी आइकॉन तक की उल्लेखनीय यात्रा करुणा और इनोवेशन के हमारे मुख्य मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान समाज की सेवा करने के प्रति उनका दृढ़ समर्पण वास्तव में प्रेरक है।ऐवरोमें हम हमेशा सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी का प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर, जो समय की कसौटी पर खरा उतरता है,प्रदान करने का प्रयास करते हैं। हमारी ओर से सोनू सूद के साथ हमें विश्वास है कि एक्सीलेंस के प्रति हमारा कमिटमेंट और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने का हमारा मिशन नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। एक साथ मिलकर हमारा उद्देश्य लोगों को अधिक आरामदायक और उद्देश्यजनक जीवन जीने के लिए उन्हें सशक्त बनाने के साथ प्रेरित करेगा।÷ऐवरोके साथ सहयोग पर बोलते हुए,श्री सोनू सूद ने कहा, ÷मजबूती के साथ मजबूती आती है, ऐवरो के पिछले 20 वर्ष में 5 करोड़ से अधिक परिवारों का विश्वास जीतने से चाहे वह आपके घर,कार्यालय,कक्षा या कैंटीन के लिए हो, ऐवरोदोनों हमारे बड़े और छोटे के लिए पसंदीदा चयन है जो सभी के लिए इसे बहुमुखी विकल्प बनाता है। ऐवरोमें 30 हजार से अधिक डीलरों के उनका विश्वास जताने से आप भी ऐवरो फर्नीचर परिवार से जुड़ सकते हैं।

# अमेज़न मिनीटीवी की आगामी सीरीज़ कॉन्स्टेबल गिरपड़े में दिखेगा क्राइम और कॉमेडी का अनोखा मेल

**मुंबई।** अमेज़न की मुफ़्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न मिनी टीवी ने आज अपने नए पुलिस-कॉमेडी ड्रामा, कॉन्स्टेबल गिरपड़े का ट्रेलर रिलीज़ किया, जिसे पुरस्कार विजेता लेखक-निर्देशक, साद खान ने क्रिएट किया है। ट्रेलर में कॉन्स्टेबल गिरपड़े की उतार-चढ़ाव और हँसी से भरे रोमांचक सफर की झलक दिखाई देती है, जिसे देखकर इतना तो तय है कि यह सीरीज़ दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगी। इस सीरीज़ में खुशाल पवार, नील साल्कर, ब्रजेश हिरजी, गौरव गेरा, मुस्कान बामने, डॉ. संकेत भोसले और चांदनी जैसे कलाकारों की टोली ने मुख्य किरदार निभाए हैं। इस सीरीज़ के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए अमेज़न मिनी टीवी के कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा, ÷कॉन्स्टेबल गिरपड़े एक बेहतरीन पुलिस-कॉमेडी ड्रामा है, जिसमें खुशाल पवार की अगवाई में हंसी-मजाक और इन्वेस्टिगेशन का शानदार तालमेल दिखाई देता है, और अब वे गिरपड़े के बेहद मनभावन किरदार के



साथ दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। साद और उनकी टीम ने शानदार कलाकारों की टोली को एक साथ लाने का शानदार काम किया है, जो यकीनन दर्शकों को खूब हंसाएगा!÷रेनशाइन एंटरटेनमेंट (इंडिया) के सीईओ, अनुराग श्रीवास्तव ने कहा, हमें कॉन्स्टेबल गिरपड़े के लिए अमेज़न मिनीटीवी के साथ जुड़कर बेहद खुशी हो रही है। रेनशाइन के फर्स्टएक्शन स्टूडियो ने अपने नए और कंटेंपरेरी कंटेंट्स के साथ लगातार दर्शकों का दिल जीता है और यह सीरीज़ भी उसकी एक मिसाल है। कॉन्स्टेबल गिरपड़े की कहानी बड़ी दिलचस्प है, जो हंसी और रहस्य के रोलर-कोस्टर की सवारी की तरह है और यह सीरीज़ दर्शकों को बेहद पसंद आएगी जिसे वे आगे भी देखना चाहेंगे।

पूरी सीरीज़ में कॉन्स्टेबल गिरपड़े (खुशाल पवार) और अपना हुलिया बदलने में माहिर, फिनाइल मोहन (गौरव गेरा) के बीच चूहे और बिल्ली का खेल जारी रहता है, जो गुदगुदाने वाले लम्हों और रोमांच से भरा होता है। ट्रेलर में इस सीरीज़ के बेहद मजेदार किरदारों की झलक दिखाई देती है, जो दर्शकों को बेहद अनोखे एडवेंचर पर ले जाने, तथा अमीर लोगों से जुड़े बेहद जटिल और अजीबोगरीब मामलों को सुलझाने के लिए तैयार हैं।

## द हेल्थसाइट ने नागरिकों को अखबार में खाने के प्रभाव के बारे में शिक्षित किया

कुछ लोगों को आदत होती है अखबार पर खाना-खाने की लेकिन उनको इससे होने वाले नुकसान के बारे में नहीं पता होता है तो आज हम आपको बताएंगे अखबार पर खाना-खाने से क्या-क्या नुकसान होते हैं। आप ने अक्सर देखा होगा कि लोग समोसे, कुलचे और पकौड़े-कचौड़ियां वगैरह जब खरीदने जाते हैं तो दुकानदार उन्हें अखबार में ये सब चीजें लपेटकर दे देता है और लोग उसी पेपर पर ही खा लेते हैं। यह एक बहुत बुरी आदत है और इससे सेहत को गंभीर नुकसान भी हो सकते हैं। लोग देशभर की खबरों को जानने के लिए अखबार पढ़ते हैं और जब यह अखबार पुराने हो जाते हैं, तो कुछ लोग इनका इस्तेमाल कुछ अन्य कामों में भी करते है, आप ने भी कभी ऐसा किया होगा, कुछ लोग तो इन पुराने अखबारो में रोटी तक पैक कर देते है और कुछ लोग अखबारो को ज्यादातर दुकानदार खाने-पीने की गीरी हुई चीजों को साफ करने में करते है, साफ करने तक तो ठीक है पर अखबार पर खाना रखकर खाना ये आपकी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है और हाल ही में इसे लेकर एफएसएसएआई ने चेतावनी भी जारी की है। हाल ही में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सीईओ कमलावर्धन राव ने उन लोगों के लिए चिंता जाहीर की है, जो लोग खाने के लिए अखबार का इस्तेमाल करते है और इससे जुड़े हेल्थ खतरों को बताते हुए, लोगों को अखबार का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। कमलावर्धन के अनुसार अखबारों में स्याही का इस्तेमाल किया जाता है, उसमें कई खतरनाक केमिकल्स होते हैं, जो आपको कई तरह की गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकते हैं, आइए जातने हैं इसके कुछ अन्य नुकसानों के बारे में। दहेल्थ साइट.कॉम ने समाचार पत्र में भोजन लपेटने के दुष्प्रभावों की भी सूचना दी स्याही के नुकसान अखबार में छपाई के लिए जो स्याही का इस्तेमाल किया जाता है वो कई तरह के केमिकल से मिलकर बनी होती है और जब आप अखबार को खाने के लिए इस्तेमाल करते हैं, तो स्याही आपके खाने के साथ ही आपके पेट में चली जाती है, जो आपकी सेहत के लिए बहुत ही हानिकारक हो सकती है और लगातार इसके शरीर में जाने से कई तरह की गंभीर समस्या हो सकती है।

# शिकायती पत्रों का निस्तारण त्वरित करें, न समझ में आए तो एक सप्ताह के भीतर अवश्य करें: डीएम

अवधनामा ब्यूरो



- दोनों पक्षों के संतुष्ट होने पर फीडबैक अवश्य लें
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में पडरौना तहसील में डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

**कुशीनगर।** तहसील व समाधान दिवस में वही आते है जो पीड़ित रहते है। उनकी समस्या को गंभीरता से सुने और त्वरित निस्तारण करें। अगर मौके से निस्तारण नही हो पाए तो एक सप्ताह के अंदर करें। शिकायती पत्रों के निस्तारण में किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी।

उक्त बाते शनिवार को पडरौना तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायती पत्रों का निस्तारण करने के दौरान उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले जिनके निस्तारण में व्यवधान हो ऐसे मामलों के सम्बन्ध में अपने उच्च अधिकारियों को अवश्य अवगत कराएं तथा दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास करें, मौके पर उपस्थित होने का फोटो और वीडियो जरूर रखे। हम लोगों को शिकायतों का संजीदगी, शालीनता से लेना चाहिए। हमारे पास जो भी आता है पीड़ित ही आता है उसकी समस्या को ध्यान से सुने और समाधान करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए तथा मामले के निस्तारण पश्चात शिकायतकर्ता से बात कर सभी विभागाध्यक्ष फीडबैक लें कि संतुष्ट है कि नही। असंतुष्ट होने की स्थिति में अपने स्तर से कार्यवाही करें। इस मौके पर डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को बारी -बारी से गम्भीरता के साथ सुना तथा विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया। उन्होंने सभी थानाध्यक्ष को धारा 107, 116, 145, 146 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही करने को कहा। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया। **पूर्व में मिले शिकायती पत्रों की जांच किया और फीडबैक भी लिया:** जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को सुनने के पश्चात समाधान दिवस निस्तारण पंजिका का अवलोकन करते हुए पूर्व में दर्ज शिकायत की आख्या की जांच की और शिकायतकर्ता से तत्काल दूरभाष पर वार्ता कर उसका फीडबैक भी प्राप्त किया और एसडीएम व तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया की समाधान दिवस में आए प्रकरणों के निस्तारण पंजिका में एक पेशानी बनाए जिसमें निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता का फीडबैक तथा उच्च अधिकारियों के द्वारा किए गए दूरभाष वार्ता की जांच आख्या अवश्य लिखा रहे। पंजिका में माह के अंत में संतुष्ट, असंतुष्ट, लंबित और निस्तारित प्रकरणों तथा असंतुष्ट प्रकरणों पर कृत कार्यवाही की विधिवत रिपोर्ट लिखे एवं जो फाइल प्राप्त हुए किंतु नहीं मिले रहे संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए एफआईआर कराना सुनिश्चित करें।

## 103 मामलों में 16 का निस्तारण

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 103 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 69 में से 16 को तत्काल निस्तारित कराया गया एवं पुलिस विभाग के 14, विकास विभाग के 11, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभाग के 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, अवशेष 87 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

# संजय गांधी अस्पताल में दिखी मरीजों की भीड़

अवधनामा संवाददाता



- अस्पताल संचालन से लोगों में खुशी

**अमेठी।** संजय गांधी अस्पताल के संचालन से मरीज और तीमारदारों में खुशी देखने को मिल रही है। शनिवार को अस्पताल में बड़ी तादात में मरीज नजर आए। इलाज में कथित लापरवाही के चलते एक महिला की मौत के बाद संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था और चिकित्सा सेवाएं ठप हो गई थी। हाईकोर्ट से अस्पताल के लाइसेंस निलंबन के आदेश पर रोक लगाने के कारण शुक्रवार को 19 वें दिन अस्पताल में चिकित्सा सेवाएं फिर से शुरू कर दी गयीं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगाई थी। गुरुवार से कर्मचारियों ने भी अपना धरना समाप्त कर दिया था। हालांकि अदालत का आदेश न मिलने की वजह से अस्पताल की सेवाएं शुरू नहीं हो सकी थीं। संजय गांधी अस्पताल के सीईओ अवधेश शर्मा ने बताया कि आदेश की प्रति मिलने में दो दिन के विलंब के कारण चिकित्सा सेवाएं शुरू करने में थोड़ा विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि शुक्रवार दोपहर बाद सेवाएं फिर से शुरू कर दी गयीं। आदेश की प्रति मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गयी है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह से मरीज का आना शुरू हो गया था लेकिन आदेश की प्रति मिलने में विलंब हुआ जिस कारण दोपहर बाद चिकित्सीय प्रक्रिया शुरू हो सकी। चिकित्सकों से कहा गया कि वह देर शाम तक ओपीडी चलाएंगे और जो भी मरीज आए हैं, जिनकी संख्या लगभग 100 के आसपास रही। उल्लेखनीय है की राम शाहपुर की महिला मरीज दिव्या शुक्ला उम्र 22 वर्ष की मौत के एक दिन बाद 17 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग ने संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया था और ओपीडी एवं आपातकालीन सेवाएं बंद कर दी थीं। अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग के फैसले के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ का रुख किया।

## राज्यमंत्री ने पीड़ित बच्चे से की मुलाकात



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर की विधायक प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने शनिवार को गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुँचकर विगत दिवस जनपद देवरिया के रुद्रपुर विधानसभा के फतेहपुर की दुःखद घटना में पीड़ित परिवार के घायल 8 वर्षीय मासूम बच्चे अनमोल दुबे के सेहत के बारे में डॉक्टर से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि अनमोल बाबू जल्द से जल्द पूरी तरह से स्वस्थ हो जाए। कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि इस घटना से जुड़े हर एक आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। सरक इस घटना के दोषियों पर कार्यवाही कर रही है।

## 3.5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया के भू माफिया अभियुक्त रामकृपाल यादव उर्फ ढोढा पुत्र स्व. रामवृक्ष यादव निवासी विशुनपुरा थाना सुरौली जनपद देवरिया के विरूद्ध गिरोह बन्द अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट देवरिया द्वारा वाद संख्या 1569 /2023 में आदेशोपरांत पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा द्वारा बड़ी कार्यवाही की गयी। इस अधिनियम के अन्तर्गत उक्त अभियुक्त की कुल लगभग 3.73 करोड़ रूपये की संपत्ति कुर्क कर ली गयी है तथा भूमि सहित बने होटल रौनक रेस्टुरेंट एंड बैंक्वेट का कस्टोडियन तहसीलदार सदर के अधीन सुपुर्द किया गया। इस संपत्ति को कब्जा करते समय दुग्गी पिटवा कर उद्धघोषणा करा कर सार्वजनिक रूप से जनता को इस कार्यवाही से अवगत कराया गया। इस भूमाफिया अभियुक्त के विरूद्ध देवरिया एवं गोरखपुर में भूमी अधिग्रहण जैसे गम्भीर अपराध के कुल 05 अभियोग पंजीकृत है। अंशुमान श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी बरहज/रुद्रपुर तहसीलदार सदर श्री कृष्ण कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह थाना गौरीबाजार वरिष्ठ उपनिरीक्षक रंजय सिंह थाना सुरौली।

## अंडर पास न बनने से आक्रोशित हैं दर्जनों गांव

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ वाराणसी रेल मार्ग पर रेलवे स्टेशन अमेठी और ताला के बीच बारहमासी मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग एक लंबे समय से संचालित रही। जो विगत कई वर्षों से रेलवे द्वारा लोहे के गार्ड लगाकर बंद की गई थी। इधर 2014 के दर्मियां तत्कालीन सरकार में अंडरपास बनाए जाने का एक बोर्ड इधर लगाया गया था। ग्रामीणों को आश्वासन मिला था की बारहमासी रेलवे क्रासिंग पर अंडर पास बनाया जाएगा। अंडरपास का बोर्ड देखकर लोगों को काफी संतोष मिला। लेकिन इधर लगभग 10 वर्ष की अवधि बीतने को है अंडर पास नहीं बना और गर्मी बरसात झेलते झेलते बोर्ड की दशा भी दयनीय दिखाई देने लगी। ग्रामीण मुन्ना शुक्ला का कहना है कि कई बार डीआरएम रेल मंत्रालय स्थानीय सांसद स्थानीय प्रशासन को मांग पत्र दिया जा चुका है। बावजूद इसके अंडर पास बनाने की कवायद अभी तक नहीं शुरू हुई।बताया की यहां पर चार विद्यालय संचालित है दर्जनों ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का आवागमन इसी रास्ते से अमेठी के लिए सुगम होता है। वही रेलवे क्रॉसिंग के उस ओर ही मतदान केंद्र है। कई दृष्टिकोण से यह अंडरपास आवश्यक था। जिस पर वर्तमान सरकार की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया इसे देखते हुए ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। लोग व्यवस्था पर दुखी भी हैं वहीं लोगों का यह भी कहना है कि इस बार यदि अंडरपास का काम न शुरू हुआ तो वह मतदान करने से परहेज भी कर सकते हैं।

# तहसील आपके द्वार अभियान के माध्यम से लोगों को त्वरित मिलेगा न्याय: डीएम

अवधनामा ब्यूरो



- तहसील स्तर पर गठित की गई टीम
- भूमि विवाद के संवेदनशील मामलों के निस्तारण में हिलाहवाली बर्दाश्त नही: डीएम

**कुशीनगर।** तहसील आपके द्वारा अभियान के तहत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपालों को अभियान के उद्देश्यों तथा इसके सफल क्रियान्वयन के लिए बनाई गई रणनीति के विषय में विशेष जानकारी दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील आपके द्वार अभियान के दृष्टिगत प्रत्येक ग्राम सभा में राजस्व विभाग के भूमि विवाद प्रकरणों को चिन्हित करें एवं आईजीआरएस, संपूर्ण समाधान दिवस तथा थाना दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के क्रम में कृत कार्यवाही, फोटो व वीडियो सहित सहेज कर रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि संवेदनशील भूमि विवाद के प्रकरणों को नैतिकता एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ नियमानुसार सौहार्दपूर्ण, गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### तहसील आपके द्वारा अभियान का लक्ष्य

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य जनता को सुलभ व त्वरित न्याय प्रदान करना, आमजन के मन में जिला प्रशासन एवं व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा करना, सहमति एवं सौहार्द के आधार पर न्याय करते हुए भूमि विवादों में कमी लाना है।

**संचालित प्रक्रिया:** अभियान के अंतर्गत संचालित प्रक्रिया के विषय में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने बताया कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ, त्वरित, वैध एवं स्थाई न्याय प्रदान करने के लिए तहसील स्तर पर तीन प्रकार की टीम यथा एडवांस टीम, फील्ड वर्क टीम एवं निर्णय टीम का गठन करते हुए राजस्व संहिता 2006 में प्रदत्त शक्तियां, प्रावधानों एवं अधिनियम का प्रयोग करते हुए नियमानुसार प्राप्त शिकायतो एवं चिन्हित संवेदनशील भूमि विवाद के प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# गो आश्रय स्थल का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने शनिवार को तहसील तिलोई में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत गो आश्रय स्थल चेतरा बुजुर्ग का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशु आहार की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली एवं सभी गोवंशों को प्रतिदिन चारे के साथ 500 ग्राम पशु आहार खिलाने के निर्देश दिए साथ ही कमजोर गोवंशों पर विशेष ध्यान देकर उनकी स्वास्थ्य स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी को बीमार गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने एवं कमजोर गोवंशों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थल पर भूसा व पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, खंड विकास अधिकारी तिलोई सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## शारदा सहायक से पोषित नहरें 14 नवंबर तक रहेंगी बंद

**अमेठी।** अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खंड 41 धर्मेंद्र वर्मा ने जन सामान्य एवं जनपद के सम्मानित कृषक बन्धुओं को सूचित करते हुए बताया है कि चौधरी चरण सिंह गिरिजा बैराज बहराइच लिंक चैनल चौधरी चरण सिंह शारदा बैराज शारदानगर जनपद लखीमपुर खीरी शारदा सहायक पोषक नहर एवं पोषक नहर से विभिन्न जनपदों में निकलने वाली मुख्य नहर रजबहा आदि के वार्षिक निरीक्षण एवं अनुरक्षण कार्य हेतु कृषि निदेशक कृषि भवन उत्तर प्रदेश लखनऊ के अनुमोदनोपरांत रबी 1431 फसली (वर्ष 2023-24) में शारदा सहायक पोषक नहर शीर्ष से दिनांक 7 व 8 अक्टूबर 2023 की मध्य रात्रि से बंद की जाएगी एवं दिनांक 15 नवंबर 2023 को पुनः चलाई जाएगी। इस बंदी के फलस्वरुप उक्त अवधि में पोषक नहर से निकलने वाली नहर प्रणालियों से जनपद अमेठी की शारदा सहायक प्रणाली से संबंधित सिंचाई करने वाली नेहरों में जलापूर्ति पूर्णतया बंद रहेगी।

# टीकमपार में ग्राम चौपाल आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज भाटपाररानी के ग्राम पंचायत टीकमपार में ग्राम चौपाल आयोजित कर शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति परखी एवं ग्रामवासियों से सीधा संवाद कर उनकी विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान किया।

जिलाधिकारी आज अपराह्न 3 बजे भाटपाररानी के ग्राम पंचायत टीकमपार पहुंचे। उन्होंने ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि गांव में कुल 1012 परिवार हैं जिनकी कुल आबादी 5938 है। ग्राम पंचायत में वृद्धावस्था पेंशन के 44, विधवा पेंशन के 64 लाभार्थी ग्राम में निवास करते हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने विभिन्न पेंशन योजनाओं एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के संबन्ध में विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी तैनात न होने की शिकायत की जिस पर डीएम ने डीपीआरओ को तत्काल सफाई कर्मी तैनात करने का निर्देश दिया।

जल निगम के सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि 30 नवंबर तक ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर में नल का स्वच्छ पानी वाटर कनेक्शन के जरिये उपलब्ध कराया जाएगा। डीएसओ ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले फोर्टिफाइड चावल के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फोर्टिफाइड चावल पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। पहली नजर में यह कुछ लोगों को प्लास्टिक का चावल लग सकता है, लेकिन ये पूर्णतया सुरक्षित होते हैं। उन्होंने बताया कि फोर्टिफाइड चावल बनाने के लिए पहले चावल को पीसकर चूरा बना लिया जाता है फिर उसमें आयरन, विटामिन जैसे पोषक तत्व मिलाये जाते हैं और पुनः उसे चावल के दानों का स्वरूप दिया जाता है।

गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के लिए ये चावल अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जन चौपाल का प्रमुख उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही ग्रामवासियों के समग्र उत्थान के साथ विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा की चौपाल में राजस्व विभाग का पूरा अमला आया है। यदि ग्राम पंचायत में पैमाइश एवं भूमि विवाद से जुड़ी कोई भी शिकायत हो तो उसका तत्काल समाधान कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से एफपीओ का गठन करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि किसान संगठित होकर कृषि, मत्स्य, पशुपालन एवं उद्यान से जुड़े उत्पादों का उत्पादन करेंगे तो लोगों के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आएगा। ग्राम चौपाल में सीएमओ डॉ राजेश झा, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, पीडी अनिल कुमार, डीसी मनरेगा आलोक कुमार पांडेय, डीएसओ संजय पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, ग्राम प्रधान राम नारायण कुशवाहा सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रक और डीसीएम की टक्कर में खलासी की मौत

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ टोल प्लाजा के पश्चिम दिशा में डीसीएम और ट्रक में भिड़ंत हो गई जिसमें एक खलाशी घायल हो गया। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करने में जुटी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को तमकुहीराज की ओर जा रही डीसीएम संख्या यूपी 53 ईटी 2914 ने ट्रक संख्या एच पी 38 जी 6720 में जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें एक खलाशी गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को एनएचआई की एंबुलेंस से सीएचसी तमकुहीराज लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं डीसीएम का चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। जबकि मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई है। घटना की सूचना पर पहुंची तमकुहीराज पुलिस ने अस्पताल से शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करने में जुटी हुई है।

# फतेहपुर पहुंचे भाजपा नेता शशांक मणि

अवधनामा संवाददाता



- भू-माफियाओं को किया आगाह
- पीड़ित परिवार को दी एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता
- बहन को नौकरी का वादा व पढ़ाई में यथाशक्ति मदद

**देवरिया।** रूद्रपुर में दुबे परिवार की हत्या के बाद प्रदेश के कई नेता फतेहपुर पहूंच रहे हैं। शनिवार को भाजपा नेता शशांक मणि ने फतेहपुर गांव में दुबे परिवार के घर पहुंचकर देवेश दुबे से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दिया। मीडिया से चर्चा करते हुए शशांक मणि ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में फतेहपुर जैसी घटना के लिए कोई भी स्थान नही है और इसकी जितनी कठोर निंदा की जाए कम है। छोटे-छोटे बच्चो को जिस प्रकार से मारा गया है वो दिल दहला देने वाला है। जिस प्रकार से भू माफियाओं ने औने-पौने दाम पर बहला फुसला कर दुबे जी की जमीन को हड़प लिया और कुछ लोगों ने इस गंदे कृत्य में उनका साथ दिया, उनपर कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग करता हूं। हमारे मुख्य मंत्री माननीय योगी जी इस घटना पर पल-पल की नजर बनाए हुए है, जो लोग भी इस घटना में शामिल है उन पर कठोर करवाई की जाएगी। मैं जल्द मुख्यमंत्री जी से मिलकर पीड़ित परिवार की बात उन तक पहुचाऊंगा और जल्द से जल्द कातिलो को सजा दिलाने की बात को रखूंगा। तत्काल मदद के लिए मैं अपने स्तर से 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की और उनकी बहन अगर नौकरी करना चाहे तो उनको नौकरी दिलाने की जिम्मेदारी उठता हूं। बच्चों की शिक्षा के लिए भी यथासंभव मदद करेंगे। अभी समय है की हम इस परिवार के साथ खड़े रहे और समाज में सही संदेश दे। उनकी न्याय की इस लड़ाई में यहां से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक में उनके साथ कदम से कदम मिला कर खड़ा हूं। मेरा परिवार हर समय अपने लोगों के लिए संघर्षरत रहा, मैं आज प्रण लेता हूं की इस मामले की जांच और मुल्जिमों को जब तक सजा नही मिल जाती है, मैं, मेरे समर्थक और पूरा समाज चैन की नींद नहीं सोएंगे। एक बड़े भाई के नाते इस परिवार की अपने क्षमता अनुसार जितनी मदद हो मैं करता रहूंगा। हमें एक और लड़ाई लड़नी है, बेरोजगारी से, आर्थित पतन से जिससे समाज में तनाव आता है।

# जनमत की समस्याओं का समाधान होगा तहसील तरकुलवा: अंबुज

अवधनामा संवाददाता



**तरकुलवा देवरिया।** जनपद देवरिया अंतर्गत नगर पंचायत तरकुलवा व विकासखंड अब कुछ ही दिनों में तहसील के रूप में परिवर्तित होने वाला है आप तरकुलवा विकासखंड को तरकुलवा तहसील के नाम से बहुत जल्द जाना जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के सरकार के नेता अंबुज शाही जब यह जिला पंचायत सदस्य पूर्व नेता समाजवादी पार्टी में थे तरकुलवा को तहसील बनाने की कवायत और आवाज सबसे पहले अंबुज शाही ने उठाया था। अंबुज शाही का सपना कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के शासन में अब बहुत जल्द सरकार होने वाला है। बहुत जल्द तरकुलवा में तहसील का निर्माण होगा। अंबुज शाही ने बताया कि समस्त कागजाति कार्यवाही लगभग पूरा होने के कगार पर पहुंच चुका है। तहसील बनते ही तरकुलवा का विकास का इतिहास बदल जाएगा। स्थानीय क्षेत्र के अनेकों गांव को अब राजस्व की कामकाज के लिए देवरिया नहीं जाना पड़ेगा। उक्त विषय में अंबुज शाही ने बताया कि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के आशीर्वाद का देन है की योगी जी के सरकार में अब तरकुलवा में तहसील भी बनेगा और मेरा 20 वर्षो का सपना बहुत जल्द पूरा होगा। यहां पर हजारों बेरोजगारों को रोजगार भी तहसील के चलते मिल जाएगी।और काजजाती काम के लिए तरकुलवा के अगल-बगल के 20 से 25 गांव के लोग अब अपना राजस्व का काम आसानी से अपने तरकुलवा में ही कर सकेंगे।

# सपा, बसपा व कांग्रेस ने जनजातियों को छला

अवधनामा संवाददाता



- जनजाति समाज को भाजपा सरकार ने मुख्य धारा में जोड़ा: संजय गोंड

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक औरा चौरी पार्टी कार्यालय पर हुई। बैठक में आगामी 15 अक्टूबर को पार्टी कार्यालय औरा चौरी प्रांगण में होने वाले जनजाति समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोगो के सम्मेलन की तैयारी को लेकर चर्चा किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा संजय गोंड़ ने कहा कि सम्मेलन में जनजाति समाज के एक हजार प्रबुद्ध लोगो को इकठ्ठा करने का लक्ष्य रखा गया है।इसके लिये सभी मंडलो की बैठक करके प्रत्येक मण्डल में जनजाति समाज के 50 प्रबुद्ध लोगो की सूची तैयार कर ले।फिर उनसे सम्पर्क करके उनको सम्मेलन में आने का आमंत्रण दे।प्रत्येक मण्डल में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के एक-एक जिला पदाधिकारी को लगा दिया जाये। बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा संजय गोंड़ ने कहा कि आजादी के बाद जनजातियों के लिए अनेक नीतियां बनाई गई, लेकिन उसपर अमल नहीं किया गया। सपा, बसपा व कांग्रेस ने जनजातियों को केवल छलने का काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में प्रथम बार अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए पृथक मंत्रालय बनाया गया था। वर्षो बाद भाजपा सरकार ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए सबका साथ सबका विकास के मंत्र को चरितार्थ करते हुए सुदूर अंचलों में निवास करने वाले जनजाति, आदिवासी समाज को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार में प्रतिनिधित्व देकर प्रधानमंत्री मोदी ने यह बताया है कि उनके हृदय में जनजाति बंधुओं के लिए कितना प्रेम व मस्तिष्क में कितना चिंतन है।केंद्र की मोदी सरकार ने 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिवस के रुप में मनाने का निश्चय कर समस्त जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया है। शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा जनजाति छात्रों को छात्रवृत्ति के अलावा, अपग्रेडेशन, व्यवसायिक प्रशिक्षण आदि का लाभ जनजाति छात्रों को मिल रहा है।

# चिकित्सक की हत्या को सरकार ने गंभीरता से लिया है: बृजेश

अवधनामा संवाददाता

- फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर आरोपियों को दिलाएंगे कड़ी से कड़ी सजा
- शोक संतप्त परिवार से मिलकर डिप्टी सीएम ने व्यक्त की शोक संवेदना

**सुल्तानपुर।** चिकित्सक डाक्टर घनश्याम तिवारी की हत्या बहुत ही निंदनीय है, इस घटना पर सरकार की पूरी नजर है और सरकार चिकित्सक के परिवार के साथ है। मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे। हत्यारे कदापि बक्से नहीं जाएंगे, हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं।उक्त बातें शुक्रवार को डॉ घनश्याम तिवारी के पैतृक गांव सखौली में शोक संवेदना व्यक्त करने आए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कही। डिप्टी सीएम ने कहा कि डॉ घनश्याम तिवारी जी की हत्या बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार ने इस घटना को बहुत ही गंभीरता से लिया है।

डॉ घनश्याम त्रिपाठी हमारे ही विभाग से जुड़े थे, इसलिए हमारे विभाग की भी जिम्मेदारी बनती है। परिवार ने अपने दुखों को हमारे समक्ष व्यक्त किया। किसी भी कीमत पर डॉक्टर की हत्यारो को बक्सा नहीं जाएगा। पूरी सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। पीड़ित परिवार की सभी मांगे पूरी की जाए, इसके लिए हमारी सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। हम सभी पहलुओं से मुख्यमंत्री जी को अवगत करवाएंगे और हमारी यही कोशिश रहेगी की पीड़ित परिवार के दुख को कम कर सकें और आरोपी के खिलाफ कल से कड़ी कार्रवाई करा सके। मौके पर विधायक सीताराम वर्मा,बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष आर ए वर्मा, भाजपा नेता राम चंद मिश्रा जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, रमेश दुबे, एडिशनल एसपी विपुल श्रीवास्तव, सीओ अब्दुस सलाम, एसडीएम दीपक वर्मा, तहसीलदार देवानंद त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# चाकू लेकर घूम रहे शारिफ को जरवल रोड पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा अपराधों के ऊपर अंकुश लगाए जाने हेतु दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर कुँवर ज्ञानन्जय सिंह व क्षेत्राधिकारी कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह द्वारा गाठित टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर रामलीला बाग जरवल कस्बा से संदिग्ध अवस्था में शारिफ पुत्र जाबिर निवासी मो0 कटरा दक्षिणी जरवल कस्बा थाना जरवल रोड जनपद बहराइच को पुलिस हिरासत में लिया गया जिसके पास से एक अदद प्रतिबन्धित चाकू बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर आयुध अधिनियम अंतर्गत शारिफ के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण की गई। इस गिरफ्तारी और बरामदगी टीम में उ0नि0 दीवान असलम खान हे0का0 शम्भू शंकर यादव व का0 चन्द्रकेश सिंह व का0 संदीप सरोज थाना जरवल रोड जनपद बहराइच का सराहनीय योगदान रहा।

## विद्युत महकमे में फिर बरसा अधीक्षण अभियंता का कहर

**सुल्तानपुर।** बीते दिन बहादुरपुर रोड गभड़िया पर चेकिंग के दौरान डाकखाना उपकेंद्र पर तैनात टी जी 2 कर्मी अशोक तिवारी की कॉमर्शियल कनेशन में गलत तरीके से बिल बनवाने और लाइन बाईपास चलवाने में संलीप्त पाने पर अधिशाषी अभियंता को निलंबित करने का आदेश दिया था। अधिशाषी अभियंता की हीला हवाली देख नाराज अधीक्षण अभियंता राकेश प्रसाद ने तत्काल टी जी 2 कर्मी अशोक तिवारी को निलंबित कर कादीपुर वितरण खण्ड से सम्बंध कर दिया है। वही सूत्रों की माने तो अशोक तिवारी का निलंबन पहली बार नही हुआ, ऐसा इनके साथ कई बार हो चुका है।कभी सरकारी राजस्व को जमा करने की लापरवाही, तो कभी रसीद पुस्तिका में हेर फेर करने पर भी इनका निलंबन हो चुका है।

# वायु सेवा दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** वायु सेना दिवस के मौके पर सामाजिक संस्था यूनीक फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी वरुण मिश्र ने किया। वरुण मिश्र ने कहा कि रक्त दान एक प्रकार से जीवन दान सरीखा कार्य है, क्योंकि विभिन्न दुर्घटनाओं के शिकार घायल लोगों तथा विभिन्न बीमारियों से ग्रसित लोगों को समय पर उपलब्ध होने पर रक्त जीवनदायी बन जाता है और यह तभी सम्भव है जब आम जनमानस रक्तदान के महत्व को जानते हुए रक्तदान महादान करता है। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे यूनीक फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अनुज विश्वकर्मा ने रक्तदान शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने सोचा कि वायु सेना हमारे लिए अनेक कठिनाइयां सहते हुए हमारी रक्षा करती है इसलिए वायु सेना दिवस के मौके पर कुछ अलग करने की सोची ताकि वीर सैनिकों को सम्मान दे सकें। उन्होंने बताया कि रक्त दान शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिसका परिणाम रहा कि 20 लोगों ने यूनीक फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान कर समाज सेवा का कार्य किया है। संस्था के अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने कहा कि आप लोगों के द्वारा किया गया रक्त दान कई बार जिंदगी बचाने वाला होता है और सेना को भी आपके दान का लाभ होता है।

# एक दिवसीय चार जागरूकता शिविरों का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी आर0एस0 यादव ने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद स्तर पर एक दिवसीय चार जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमे विभाग द्वारा संचालित विभिन्न रोजगार परक योजनायें, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विषयक विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जायेगी। उन्होंने जनपद के समस्त तहसीलों एवं विकास खण्डों में अपना उद्योग स्थापित करने हेतु इच्छुक ऐसे बेरोजगार नवयुवक व नवयुवतियाँ एवं उद्यम स्थापना हेतु रूचि रखने वाले कुशल कारीगर, कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति जैसे आई.टी.आई., पॉलीटेक्निक उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपना नाम एवं पता, आधार नं0, मो.नं, शैक्षिक योग्यता व ई-मेल से सम्बन्धित जानकारी इस कार्यालय में 10 अक्टूबर 2023 तक किसी भी कार्य दिवस में सायं 5 बजे तक प्रदान कर सकते है। जागरूकता शिविरों का आयोजन डिजिटल आउट रिच प्रोग्राम की अवधारणा से जिला मुख्यालय के साथ ही महत्वपूर्ण आकांक्षी तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित किये जाने की योजना है। जागरूकता शिविर में शामिल होने हेतु इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय निकट डीएम आवास, कला भवन सुलतानपुर एवं कार्यालय दूरभाष न0 9580503162 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- पैमाईश के उपरान्त कब्जा न छोड़ने वालों के खिलाफ की जाय कठोर कार्रवाई: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर, उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनन्द कुमार राय व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 131 प्रार्थना पत्रों में 16 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि तीन दिवस में मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण आख्या के साथ जिओ टैग फोटो भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि धारा 24 के निस्तारित वादों में भूमि पैमाईश अनिवार्य रूप से करा दी जाए ताकि प्रकरण का पूरी तरह से निस्तारण हो जाए। उन्होने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि पैमाईश के उपरान्त कब्जा न छोड़ने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लायी जाय। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस के संदर्भो को प्रतिदिन नियमित रूप से अवलोकन करते हुए समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्ता परक निस्तारण सुनिश्चित कराये। आईजीआरएस के संदर्भो का मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं समीक्षा की जा रही है इसकी गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी नियमित रूप से आईजीआरएस संदर्भो का अवलोकन अनिवार्य रूप से करते हुए समय से निस्तारण सुनिश्चित कराये। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थी के आवासीय भूमि से सम्बन्धित प्रकरण के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि ऐसे मामलों में लेखपाल, पंचायत सचिव व पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर भूमि से सम्बन्धित समस्या का समाधान कराएं ताकि लाभार्थी को आवास निर्माण में किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि पयागपुर क्षेत्र के निराश्रित गौवंशो को पकडवा़कर सम्बन्धित गौआश्रय स्थलों में संरक्षित कराना सुनिश्चित करें इसकी सूचना डे-बाई-डे सम्बन्धित को भी उपलब्ध कराये। वरासत अभियान के सम्बन्ध में डीएम ने शासन द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही का निर्देश देते हुए लेखपालों को हिदायत दी कि आवश्यक जांच पड़ताल के पश्चात मृतक के जायज़ वारिसानों का ही नाम खतौनी में दर्ज किया जाय। उन्होंने सचेत किया कि गलत वरासत दर्ज करने की शिकायतों को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जाएगा तथा सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय।

## शिक्षकों के हितार्थ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से मिलकर होगा कार्य

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ललितपुर (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) के जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन एवं जिला महामंत्री एवं प्रदेश संगठन मंत्री शकुन्तला के नेतृत्व में जनपदीय डेलीगेट ने किया राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रतिभाग। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली द्वारा शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए निरन्तर प्रयास अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर किये जाते रहे हैं। वर्तमान समय की संगठन की सबसे बड़ी मांग पुरानी पेंशन बहाली हेतु शिक्षक दिवस को भारत के चारों दिशाओं से जन जागरण रथ यात्रायें निकाली गई थी जिनका समापन विश्व शिक्षक दिवस को दिल्ली के सिरी फोर्ट आडिटोरियम में एजुकेशन इंटरनेशनल की अध्यक्ष सुसैन, आस्ट्रेलिया शिक्षक संघ की अध्यक्ष कैरोना, इंग्लैंड और नार्वे के शिक्षक प्रतिनिधियों के सम्मुख हुआ।

# प्राथमिक विद्यालय औराही प्रथम के पुनर्निमाण एवं कायाकल्प की प्रेरक कहानी

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** प्राथमिक विद्यालय औराही प्रथम, महसी के पुनर्निर्माण एवं कायाकल्प की प्रेरक कहानी विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के मार्गदर्शन, ग्राम प्रधान औराही के प्रयास, अंतर्विभागीय समन्वय तथा सामुदायिक सहभागिता का अप्रतिम उदाहरण हैं ये कहानी। ये कहानी प्रेरक इसलिए भी है क्योंकि विद्यालय के कायाकल्प हेतु जिस आदर्श माडल की संकल्पना की गई है उसका पूर्ण पालन इस विद्यालय में किया गया। ग्राम पंचायत औराही स्थित प्राथमिक विद्यालय औराही प्रथम का भवन अत्यंत जर्जर हो गया था। बाढ़ के समय पानी विद्यालय के अंदर आ जाता था। बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम प्रधान श्रीमती ममता देवी द्वारा विद्यालय संचालन की व्यवस्था पंचायत सचिवालय में की गई। छात्र संख्या 300 से 350 के हर शैक्षिक सत्र में रहती है ग्राम प्रधान द्वारा विधायक महसी को समस्या से अवगत कराते हुए अनुरोध किया कि पुराने भवन की जमीन सड़क से बहुत नीचे है इसलिए वे नवीन भवन निर्माण हेतु अपनी पैतृक जमीन दान में देने के लिए तैयार हैं। ग्राम प्रधान के त्याग को देखते हुए विधायल द्वारा नवीन भवन निर्माण व जमीन स्थानान्तरण हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी महसी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। ग्राम प्रधान द्वारा निरन्तर विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर जमीन का बैनामा स्कूल निर्माण हेतु किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नवीन भवन निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को धन आवंटित किया। संस्था के खाते में माह मई 2023 में धनराशि प्राप्त हुई। खण्ड विकास अधिकारी के सहयोग से माह सितंबर 2023 में भवन निर्माण पूर्ण हुआ साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा वायरिंग, टाईलीकरण, मल्टीप्ल हैंड वॉश, शौचालय बाउण्ड्री वॉल आदि कायाकल्प पैरामीटर का निर्माण भी करा दिया गया।

# जन शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करायें

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सदर तहसील में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मतलब है कि शिकायतकर्ता की सहुलियत के अनुसार समस्या का एक ही स्थान पर निस्तारण। इसके लिए सभी सम्बंधित अधिकारी शिकायतों का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेकर निस्तारण करायें, यदि निस्तारण में देरी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सम्बंधित अधिकारी की होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि शिकायत प्राप्त होते ही मौके पर जाकर प्रकरण को समझे और निस्तारण करायें। फरियादियों को दूरस्थ क्षेत्रों से जिला मुख्यालय न आना पड़े, उन्हें उनके स्थान पर ही गुणवत्तापूर्ण न्याय मिलना चाहिए। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 76 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग के 22, पुलिस के 09, विद्युत के 03, विकास के 04 तथा अन्य विभागों के 38 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 89 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 43, पुलिस के 13, विकास विभाग के 07, विद्युत के 04, पूर्ति के 11 तथा अन्य विभागों के 11 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

## तोरिया का बीज मिनीकिट पाकर किसानों के खिले चहरे

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील के ग्राम शम्भू टिकुरी के देवनरायन, कामता प्रसाद व रामकरन, ग्राम गुरचाही के विनित कुमार व बृजेश कुमार, ग्राम वैनी के राज नरायन शुक्ला, उमाशंकर शुक्ला व राम कुमार, ग्राम लालपुर के राम सुहावन व लालजी, ग्राम परसिया आलम बुधई, ग्राम झाला तरहर के योगेन्द्र कुमार मिश्र, प्रहलाद, रीता व श्यामपति को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर व अन्य अधिकारियों के साथ तोरिया बीज मिनीकिट का वितरण किया।

# श्रम विभाग द्वारा बचपन बचाओ आन्दोलन अभियान जारी




अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बाल श्रम (प्रतिशेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 के अन्तर्गत खतरनाक/गैर खतरनाक व्यवसाय/प्रक्रियाओं में नियोजित बाल एवं किशोर श्रमिक पाये जाने पर बांसी के सेवायोजकों/ दुकानदारों के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया है। श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में सहायक श्रम आयुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि जहां बाल श्रम कराया जा रहा है वहां प्रत्येक माह बाल श्रम रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण किया जायेगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी.पी. अग्रहरि द्वारा बताया गया कि जनपद को बाल श्रम मुक्त कराये जाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं एवं बाल कानून का उल्लंघन करने पर सम्बन्धित सेवायोजकों, दुकानदारों के विरूद्ध नोटिस भेजने के उपरान्त प्राभियोजन दायर करने की कार्यवाही की जायेगी, यह कार्य निरन्तर किया जायेगा और शासन के आदेशानुसार प्रत्येक माह कार्यवाही की जायेगी। जिसमें जुर्माना व सजा दोनो का प्राविधान है। निरीक्षण के समय जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारीगण, एन्टी हयुमैन ट्रैफिकिंग यूनिट, परियोजना समन्वयक बचपन बचाओ आन्दोलन देशराज सिंह, सोसायटी फॉर प्रगति भारत संस्था, पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक जाहर सिंह अपने पुलिस बल के साथ एवं श्रम विभाग से कुलदीप गुप्ता एवं रामप्रताप सिंह मौजूद रहे।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नरायन उर्फ बब्बन पर दर्ज हुआ एक और मुकदमा

**सुल्तानपुर।** बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य/भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण सिंह उर्फ बब्बन सिंह और उनके भतीजे हत्यारोपी अजय नारायण सिंह पर एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। लक्ष्मणपुर निवासी नीता रावत ने भी मुकदमा दर्ज कराया है।जमीन पर कब्जा करने का पीड़िता ने आरोप लगाया है। चिकित्सक हत्याकांड में फरार चल रहे 50 हजार के ईनामी अजय नारायण सिंह व उसके चाचा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नरायन उर्फ बब्बन सिंह आरोपी बनाए गए हैं। नगर कोतवाली के लक्ष्मणपुर चौकी क्षेत्र का मामला बताया गया है।

# दिन-दहाड़े चली गोली, साले ने जीजा को उतारा मौत के घाट, एक गंभीर

अवधनामा संवाददाता

- प्रेम विवाह के कारण रजिंश में दिया घटना को अंजाम
- डीआईजी झांसी व एसपी ने किया मौका मुआयना




**तालबेहट (ललितपुर)।** शनिवार की सुबह तहसील भवन के मुख्य द्वार के नजदीक छवि कम्प्यूटर पर एक दबंग युवक ने जमकर गोलियां दागते हुए एक युवक को मौत की नींद सुला दिया। वहीं दुकान संचालक गोली लगने से गंभीर रूप से घायल है। जिसे पुलिस अधिकारी तत्काल मेडीकल कॉलेज झांसी ले गए। जहां उसकी हालत में सुधार है। घटना की सूचना के बाद डीआईजी जोगेन्द्र कुमार, एसपी मो.मुश्ताक ने मौके का निरीक्षण किया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जानकारी अनुसार कस्बा के मुहल्ला चौबयाना निवासी शिवम परिहार उर्फ विश्वनाथ तहसील रोड स्थित छवि कम्पयूटर में शनिवार की सुबह करीब 10.30 दुकान संचालक मानवेन्द्र नामदेव के साथ कार्य कर रहा था। उसी दौरान एक युवक हाथ में पिस्टल व तमंचा लेकर दुकान में आया और पिस्टल से तीन राऊंड गोलियां चलाते हुए शिवम परिहार को मौत की नींद सुला दिया। शिवम को बचाने आए संचालक मानवेन्द्र नामदेव पर भी आरोपी ने गोली चलाते हुए गाली गालौच कर मौके से भागने लगा। घटना के बाद आसपास अफरा तफरी का माहौल हो गया। समाधान दिवस में मौजूद प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्र, चौकी इंचार्ज तेरई प्रवीण गिरी पुलिस बल के साथ तत्काल दौड़ कर आए और घायल युवक को पुलिस वाहन से झांसी मेडीकल भेजा। पुलिस टीम ने तत्काल भाग रहे आरोपी की घेराबंदी करते हुए आरोपी को रानीपुरा सेंटल बैंक के पास से गिरफ्तार कर लिया। कस्बा के चौबयाना निवासी विकास सिंह की जानकारी अनुसार कस्बा के मुख्य तहसील कोतवाली मार्ग पर छवि कम्प्यूटर पर शनिवार की सुबह करीब 10.30 उसका भाई विश्वनाथ उर्फ शिवम उम्र 24 वर्ष पुत्र भूपेन्द्र सिंह छवि कम्प्यूटर पर कार्य कर रहा था। तभी विपक्षी शिवाजी राजा पुत्र स्व.भगवान सिंह ने आया और कहने लगा कि तूने मेरी बहिन से कोर्ट मैरिज की है तुझे जिंदा नहीं छोडेगे और जान से मारने की नियत से पिस्टल से गोलियां चला कर उसके भाई शिवम की हत्या कर दी।

### फायरिंग की आवाज से मची अफरा-तफरी

भीड़-भाड़ वाले बाजार में स्थित दुकान पर दिन-दहाड़े फायरिंग की आवाज सुनकर वहां अफरा-तफरी मच गयी। लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक घटना को अंजाम देकर हमलावर भाग गया। आस-पड़ौस में दो युवकों को गोली लगने की बात मालूम हुयी तो हड़कम्प मच गया।

# युवा कांग्रेस के जिला कार्यालय पर आवश्यक बैठक हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के प्रांगण में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए ताल ठोक रहे शरद शुक्ला मौजूद रहे। अयोध्या जनपद के मूल निवासी शरद शुक्ला लगभग 2 साल तक जनपद सुल्तानपुर के प्रभारी के तौर पर कार्यरत थे बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष पद प्रत्याशी शरद शुक्ला ने लोगों से अपील करते हुए अपने पक्ष में वोट करने की अपील की वहीं उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि हम आपकी उम्मीदों पर शत प्रतिशत खरा उतरेंगे। आप लोग भारी से भारी संख्या में पार्टी पक्ष में वोट करें जिससे जनपद के साथ-साथ प्रदेश भर में सुल्तानपुर का नाम रोशन हो। युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी ने कहा कि शरद शुक्ला किसी जान और पहचान के मोहताज नहीं है, संघर्ष और शरद एक दूसरे के पर्यायवाची ही हैं।

कांग्रेस पार्टी में रहते हुए बड़े-बड़े आंदोलन, धरना प्रदर्शन में शरद शुक्ला की अगुवाई रहती थी। निश्चित निश्चित तौर पर युवा कांग्रेस नई ऊंचाई पर जाएगी। इस मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मानस तिवारी,रणवीर सिंह राणा,विनय त्रिपाठी,अर्श खान लकी,मित्रसेन उपाधया,मननून खान,मोहित तिवारी, शाहबाज खान,अरबाज खान,नीरज चौधरी, संतोष वर्मा, आदि युवा साथी मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

G20 भारत 2023 INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 27.10.2023** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 12002023 दिनांक 06.10.2023 |
| 2 | **निविदा संख्या :** **1.** 23/ Sr.DEN-V/LKO/2023-24, **2.** 24/ Sr.DEN-V/LKO/2023-24 |
| 3 | **कार्य का नाम :** **1.** सहायक मण्डल इंजीनियर/अयोध्या कैंट के खण्ड के अकबरपुर (छोड़कर) से दरियाबाद के बीच स्टाफ क्वाटरों, समपारों एवं स्टेशन भवनों की मरम्मत। **2.** सहायक मण्डल इंजीनियर/अयोध्या कैंट के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियंता/कार्य/के खण्ड में दरियाबाद से अकबरपुर (छोड़कर) के बीच पुल मरम्मत का कार्य। |
| 4 | **अनुमानित लागत : 1.** रु. 3,39,94,176.02, **2.** रु. 24,99,577.80 |
| 5 | **धरोहर राशि : 1.** रु. 3,20,000.00, **2.** रु. 50,000.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : क्र.सं. 1 एवं 2 के लिये :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 13.10.2023 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 27.10.2023, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट : www.ireps.gov.in** |

**नोटः-** 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3109/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय- नगर पंचायत मथौली जनपद- कुशीनगर (उ.प्र.)

पत्रांक- 200/न.प.म./2023-2024 दिनांक- 06.10.2023

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि राज्यवित्त योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मथौली में विभिन्न निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसके लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध निविदा नोटिस में धरोहर धनराशि, निविदा डालने की तिथि, समय, श्रेणी, कार्य करने की अवधि एवं निविदा लागत तथा निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तो का उल्लेख है।

| 1 | बेवसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा प्रकाशित किये जाने की तिथि एवं समय | 07.10.2023 | 05:00 बजे अपरान्ह |
| 2 | ई-निविदा डाउनलोड किये जाने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 07.10.2023 | 05:00 बजे अपरान्ह |
| 3 | ई-निविदा अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.10.2023 | 12:00 बजे मध्याहंन |
| 4 | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 27.10.2023 | 02:00 बजे अपरान्ह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मथौली
कुशीनगर

नवरंग सिंह
अध्यक्ष
नगर पंचायत मथौली
कुशीनगर

# शिक्षा मित्रों ने लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम की बनाई रणनीति

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ रॉबर्ट्स गंज।** नगर के जिला कार्यालय पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले शिक्षा मित्रों ने बैठक कर अक्टूबर माह में लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम की रणनीति तय की। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विंध्याचल मण्डल बिमलेश सिंह ने कहा कि शिक्षामित्रो को अपने हक के लिए लड़ाई स्वयं लड़नी होगी तथा लखनऊ में होने वाली रैली में अपनी ताकत को दिखाना होगा तभी न्याय मिल पायेगा। और यह लड़ाई तभी लड़ी जा सकती है जब एक-एक शिक्षा मित्र प्रदेश की रैली में उपस्थित होगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला महामंत्री विजय कुमार चौबे ने कहा कि 18अक्टूबर को सरकार के वादे को दिलाएंगे याद, स्थाई करण के लिए करेंगे मांग तथा शिक्षा मित्रों का संघर्ष ही इतिहास रहा है। शिक्षा मित्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर प्रदेश सरकार की मंशा ठीक नहीं है। लगातार सरकार से पत्राचार कर न्याय की गुहार लगाई गई लेकिन परिणाम शून्य रहा। ऐसी स्थिति में प्रदेश आह्वान पर आगामी18 अक्टूबर को लखनऊ की धरती पर सम्मान बचाओ रैली का आयोजन प्रस्तावित किया गया है। यह लड़ाई शिक्षा मित्रों के सुख मय भविष्य के लिए है। अतः जनपद सोनभद्र के प्रत्येक शिक्षा मित्रों की उपस्थिति अनिवार्य है। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी 18अ क्टूबर को प्रांतीय संगठन ने सरकार से शिक्षामित्रो के समस्याओं के समाधान कराने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। तथा 8 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला का आगमन जनपद सोनभद्र की धरती पर हो रहा है। जनपद में होने वाला सम्मेलन 8अक्टूबर को डी.आर. पैलेस दुद्धी में अयोजित होगा। डबल इंजन की सरकार में बीते 6वर्षों से शिक्षा मित्र अल्प मानदेय ?10,000पर गुजारा करने पर मजबूर है। हम सभी शिक्षा मित्र एक शिक्षक की सभी अर्हता पूर्ण करने पर भी शिक्षा मित्रों की स्थिति एक दिहाड़ी मजदूर से भी बद्तर हो गई है, भारी महंगाई के इस दौर में शिक्षा मित्रों को परिवार का भरण पोषण करने में व्यापक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है श्री श्रीवास्तव ने सभी भाई बहनों से अपील करते हुए कहा कि पूर्व में शिक्षा मित्रों ने जो भी हासिल किया वह एक जुटता का परिणाम था इसलिए आप सभी पुनःएक बार एक जुट होकर आगामी अक्टूबर माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डल उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी शशिभूषण त्रिपाठी ने कहा कि सरकार से शिक्षा मित्रों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास कर लिए गए हैं लेकिन सरकार हमारी मांगो को लेकर गंभीर नज़र नहींआ रही है।जनपद सोनभद्र के 10ब्लाकों से एक-एक शिक्षा मित्र बस, रेल से निकलने का प्रयास करें। जिला उपाध्यक्ष ने भी बैठक को सम्बोधित किया। जिला महा मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त कियाद्य इस मौक़े पर दिलीप त्रिपाठी, अजीत सिंह, अरविंद सिंह, संदीप सिंह, रामविलास, राकेश सिंह, यशवन्त सिंह, राजबली मिश्रा, नागेंद्र पाठक, अशोक पाण्डेय, सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी, अरविन्द पाठक, अजय सिंह, दुर्गा शंकर मिश्र, अनिमेष सिंह, फुलेंद्र देव पाण्डेय, सर्वेश कुमार मिश्र, महेश यादव सहित दर्जनों शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# जल जमाव की समस्या को दूर करने के लिए नगरवासी पहुंचे सदर विधायक के दरबार

अवधनामा ब्यूरो



सदर विधायक ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को किया निर्देशित

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगरपालिका परिषद के वार्ड नंबर चौबीस कम्हारी शिव मंदिर के पीछे मूसलाधार बारिश की वजह से नाले का पानी मां विंध्यवासिनी ऑनलाइन केंद्र के सामने वाले रोड पर भारी मात्रा में जमा होने के कारण जलीय जीव घरों में प्रवेश कर रहे हैं।पानी भी घरों में घुसने की स्थिति में है जिसकी वजह से नागरिकों का आवागमन भी रुक गया है। वही बजरंग दल के नगर मीडिया प्रभारी नीरज सिंह के नेतृत्व में सदर विधायक भूपेश चौबे को ज्ञापन सौंपकर लोगों ने मदद की गुहार लगाई।मामले की गम्भीरता को देखते हुए सदर विधायक ने नगर के अधिशाषी अधिकारी को फोन कर समस्या को दूर करने का निर्देश दिया।नीरज ने बताया कि वार्ड के वासी चार-पांच दिन से जल-जमाव की समस्या से जूझ रहे है।पानी इकट्ठा होने के कारण लोगों को गम्भीर विमार्यो का सामना भी करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका की अध्यक्ष से कई बार गुहार लगाई गई लेकिन उन्होंने कोई भी रुचि नही दिखाई तब सारे नगर सोनभद्र के जनसेवक के नाम से विख्यात सदर विधायक भूपेश चौबे के पास गए।उन्होंने कहा कि विधायक जी के द्वारा प्राप्त निर्देश पर ईओ साहब मौके पर पहुंचे और जल निकासी के लिए लगातार प्रयासरत हैं।वहीं युवक मंगल दल के जिला कार्यसमिति सदस्य सर्वेश पाठक ने कहा जहाँ हमारी सरकार डेंगू मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी से दूर रहने के लिये कई प्रकार के कार्यक्रम छल्ला रही है ऐसे में इतना बड़े जल-जमाव को नही हटाया गया तो निश्चय ही स्थानीय लोगों को कई प्रकार की विमार्यो का सामना करना पड़ सकता है। उक्त अवसर पर सुशील द्विवेदी, अरविन्द शुक्ला, सत्येंद्र जैसवाल, प्रदीप सिंह, आभा गुप्ता आदि लोग रहे।

# मंत्री लोक निर्माण विभाग ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद जी ने राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग, सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक सदर भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस सभागार में बैठक की, बैठक के दौरान मंत्री जी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीपावली के पूर्व सड़कों की गढ्ढा मुक्ति/पैच मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाये, पैच मरम्मत का कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा किया जाये, बाढ़ व खनन क्षेत्रों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में पैच मरम्मत के कार्य में यदि दो साल के पूर्व स्थिति खराब पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सड़कों में ज्यादा गढ्ढे हो गये है, उन सड़कों की विशेष मरम्मत हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजा जाये और उन सड़कों के मरम्मत कार्य भी शीघ्रता के साथ पूर्ण किया जाये, उन्होंने कहा कि पैच मरम्मत व सड़कों के निर्माण कार्यो से सम्बन्धित सूची जन प्रतिनिधिगणों को भी उपलब्ध करायी जाये, उन्होंने राबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र में ओवरब्रिज पर लाईट, पेंटिंग, जाली और रेडियम लाईट, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के लिए संकेतक चिन्ह आदि न लगाये जाने के कारण नाराजगी व्यक्त की और टोल प्लाजा व उपसा संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिशीघ्र ओवरब्रिज पर उक्त सभी कार्य प्रारंभ करा दिये जाये अन्यथा की दशा में सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, राबर्ट्सगंज से घोरावल रोड के मरम्मत व निर्माण कार्य को अतिशीघ्र गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दियें। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## दबंगों के कब्जे से ग्राम सभा की भूमि को मुक्त कराने की मांग

**बांदा।** नरैनी क्षेत्र के गांव की बंजर और नवीन परती जमीन पर गांव के भूमाफियाओं ने कब्जा जमा लिया है। ग्राम सभा मे सैकड़ो बीघा जमीन होने के बाद भी गौशाला के गौवंशो के लिए नेपियर घास लगाने की जगह नहीं मिल रही। ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर राजस्व टीम गठित कर पैमाइस और सरकारी जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के छतैनी गांव के ग्राम प्रधान रामरतन ने बताया है कि उनके गांव में बंजर और नवीन परती खाते में कई सौ बीघा जमीन पड़ी है। इसमें काफी जमीन उपजाऊ हैं। ग्राम सभा की इस जमीन पर गांव के कई भूमाफिया काबिज है। ग्राम प्रधान ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर गौशाला के लिए नेपियर घास लगाना था, लेकिन गांव के कई लोगो ने कड़ा विरोध किया।

# सीएवी भाजपा चलाएगी 18 अभियान: नम्रता चौरसिया

- मिशन 2024 के लिए संगठन ने महिला मोर्चा को दी है जिम्मेदारी
- निर्धारित वर्ग की वरिष्ठ व प्रभावी महिलाओं से किया जाएगा संपर्क

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भाजपा पार्टी कार्यालय पर महिला मोर्चा की बैठक शनिवार को आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा भाजपा के विभिन्न योजनाओं व सरकार की मनसा को लेकर महिला मोर्चा पदाधिकारी को दी गई जानकारी वहीं मुख्य अतिथि महिला मोर्चा काशी क्षेत्र अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने बताया कि आधी आबादी को आरक्षण देने का कानून पास कराने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने अब महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति य बनाई है। इसके क्रियान्वयन के लिए भाजपा महिला मोर्चा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। रणनीति के तहत 18 अभियान चलाए जाएंगे। पार्टी ने समाज के हर तबके को जोड़ने के लिए क्षेत्र पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वही काशी क्षेत्र अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने बताया कि अभियान की शुरुआत %2014 से पहले और बाद का भारत (तुलनात्मक)% से होगी। इसे महिलाओं को बताया जाएगा। इसके बाद वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क अभियान, कमजोर जिलों का प्रवास, वोटर चेतना अभियान, सेल्फी विद लाभार्थी, कमल मित्र अभियान, स्मार्ट महिला सम्मेलन, नए वोटर अभियान, नवयुवती सम्मेलन, महिला हास्टल विजिट, कन्या पूजन (नवरात्रि सम्मेलन), कमल सखी सम्मेलन, में प्रत्येक महीने के दो दिन प्रवास में जनसंपर्क अभियान, आंगनवाड़ी स्वच्छता अभियान, एनजीओ एवं एसएचजी संपर्क, वूमेन ट्रैवलर संपर्क, स्पोर्ट्स वूमेन समूह संपर्क और ट्रांसजेंडर से संपर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान में संबंधित वर्ग की अग्रणी भूमिका भूमिका निभा रहीं महिलाओं व उनके समूह से संपर्क किया जाएगा। रणनीति को व्यापक दृष्टिकोण से बिंदुवार किया गया है। साथ ही हर घर दस्तक भी देकर घरेलू महिलाओं से भी संपर्क किया जाएगा। रणनीति को धरातल पर उतारने के लिए व्यापक योजना बनाई गई है। इसके लिए अनुभवी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को एक-एक अभियान का प्रमुख बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह वहां मौजूद सभी पदाधिकारी को जिले के दायित्वों के निर्वहन संबंधित जानकारी देते हुए प्रतिदिन की जानकारी अपडेट करने को ग्रुप में बताया गया वही भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने मौजूद महिलाओं को भाजपा सरकार के विकास का एक एक मुद्दा महिलाओं के घर तक पहुंचने को लेकर किया प्रेरित।

# महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत छात्रों के साथ की कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहाँपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशन पर महिला सशक्तिकरण व सेफ सिटी परियोजना के विषय पर अम्रता दीक्षित द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय निगोही में कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रभारी महिला कल्याण अधिकारी अम्रता दीक्षित द्वारा बालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना व मिशन शक्ति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत बालिकाओं व महिलाओ को उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य स्वावलंबन, विधिक सेवा के बारे में जानकारी दी गयी। अम्रता दीक्षित कि छात्राओं को बताया गया कि आज के समाज में भारतीय महिलाएं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति अधिकारी, डॉक्टर, वकील आदि बनती हैं, लेकिन फिर भी काफी सारी महिलाओं को आज भी सहायता की आवश्यकता है। उन्हें शिक्षा और निर्भीकता से कार्य करना, सुरक्षित यात्रा, सुरक्षित कार्य और सामाजिक स्वतंत्रता में अभी भी और सहयोग की आवश्यकता है। महिला सशक्तिकरण में जागरूकता का होना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति महिलाओं पर ही आधारित है। अमृता दीक्षित द्वारा विभाग की समस्त योजनाओ के विषय में जैसे- निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया।

# सीएसआर ने सुपोषण शिविर का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, डाला ने आज, गुरुवार, 5 अक्टूबर, 2023 को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत एक सुपोषण शिविर का आयोजन करके सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। अल्ट्राटेक डिस्पेंसरी ( वेलनेस सेंटर?) पर आयोजित यह कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं की भलाई पर विशेष ध्यान देने के साथ, हमारे समुदाय की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को संबोधित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। 50 से अधिक गर्भवती महिलाएं इस नेक प्रयास की लाभार्थी थीं, जिन्हें इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई व्यापक पोषण किट प्राप्त हुई। पोषण किट में बादाम, दाल, प्रोटीनेक्स, गुड़, चना, किशमिश, छुआरा और विटामिन टॉनिक आदि जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं।

ठोस सहायता प्रदान करने के अलावा, प्रसिद्ध स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञ डॉ. मनोज पाठक द्वारा एक ज्ञानवर्धक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। डॉ. पाठक के मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को अपने और अपने अजन्मे बच्चों के लिए इष्टतम पोषण बनाए रखने के ज्ञान के साथ सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिसमें श्रीमती प्रिया हिवरेकर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यरत थीं। विशेष अतिथि श्रीमती प्राची जैन और श्रीमती स्मिता पोद्दार ने गर्भवती माताओं के लिए पौष्टिक आहार के महत्व पर जोर देते हुए बहुमूल्य स्वास्थ्य युक्तियाँ साझा कीं। उनकी उपस्थिति और बुद्धिमत्ता ने उपस्थित लोगों पर अमिट प्रभाव छोड़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के सीएसआर विभाग से रमेश पांडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, और उस समुदाय के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कंपनी के समर्पण पर जोर दिया। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड सीमेंट उद्योग में एक अग्रणी नाम है, जो कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और सामाजिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से, कंपनी समाज की बेहतरी और अपने समुदाय की भलाई में योगदान देने का प्रयास करती है।

# भाजपा सरकार द्वारा देश के चौथे स्तंभ के साथ दुर्व्यवहार पर प्रदर्शन



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** शनिवार को जिला शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में जिलाधिकारी सोनभद्र के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को विज्ञापन सोपा गया ज्ञापन के माध्यम से या मंगू की गई थी भारत सरकार द्वारा कई नामी ग्रामीण पत्रकारों को अकारण ही झूठे मुकदमे लगाकर उनका फसाया जा रहा है उनको जेल भेजा जा रहा है पत्रकारों का यह उत्पीड़न लोकतंत्र के लिए अच्छा संदेश नहीं है आज लगभग 11ः00 बजे कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गौड़ शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस जनों का प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पर पहुंचा धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट की सीढ़िया पर बैठ गए और पत्रकारों का उत्पीड़न बंद करो मोदी सरकार होश में आओ का नारा लगाते हुए धरना देने लगे बाद में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि आकर ज्ञापन पत्र लिए जिलाध्यक्ष रामराज सिंह बोर्ड ने कहा कि सरकार तानाशाही रवैया अपना कर देश के मूर्धन्य लोगों को जेल भेजने का काम कर रही है जो कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी आगे भी हम लोग इसके लिए धरना प्रदर्शन करते रहेंगे शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने बताया कि पत्रकारों को जेल भेजना चौथे स्तंभ पर सीधा हमला है जो लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है ज्ञापन पत्र देने वालों में रामराज सिंह गुण राजीव कुमार त्रिपाठी इंजीनियर जितेंद्र पासवान बृजेश तिवारी राजेश द्विवेदी अमरेश देव पांडे प्रदीप चौबे शशांक मिश्रा अजीत बिहार राजबली पांडे लल्लू राम पांडे सत्यम पांडे ,बाबूलाल पनिका ,रविंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# मौदहा सम्पूर्ण समाधान दिवस में आया फरियादियों उमड़ा हुजूम

- कुल 139 शिकायतें आयीं, सात निस्तारित

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा-हमीरपुर।** अक्टूबर के दिन तहसील मौदहा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों का ऐसा हुजूम पहले कभी नही देखा गया इस की वजह जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय का यह पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस था । लोगों को यह उम्मीद है कि वर्तमान जिलाधिकारी बहुत सख्त व इन्साफ-परवर हैं इसलिए फरियादियों का हुजूम था।आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 139 शिकायतें आई। इनमें से सात शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित किया गया। शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश के साथ संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

शनिवार को तहसील मौदहा सभागार में जिलाधिकारी अधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सब से अधिक शिकायतें राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की आयीं। विद्युत निगम संबंधी 05, समाज कल्याण विभाग 01 अल्पसंख्यक विभाग और चिकित्सा विभाग संबंधी एक-एक शिकायतें आई। इसके अलावा इनमें से सात का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। शेष शिकायतों को त्वरित निस्तारण के निर्देश के साथ संबंधित विभाग को भेज दिया गया। नेत्रहीन अहमद कमाल नें अपनी शिकायत में लिखा कि वह विगत 15 दानों से अपनी शिकायत करता भटक रहा है लेकिन उसे अभी तक इन्साफ नही मिला मों मुजीब निवासी मोहल्ला मांदा गदाई कस्बा मौदहा नें उस की भूमी पर अवैध रूप से कब्ज कर रखा है तथा धमकी दे रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शिकायत का निस्तारण होने पर शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाएगा। इस दौरान उप जिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी विवेक यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी, बिजली विभाग के अधीक्षक अभियन्ता सुमित व्यास तथा तहसीलदार बलराम गुप्ता व बी डी ओ गोपाल यादव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** आज जल जीवन मिशन के तहत राज्य पेयजल एवम स्वछता मिसन के सहयोग से अम्बर प्रेस द्वारा श्री हरी गेस्ट हाउस हमीरपुर में जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति सदर विधायक हमीरपुर और राजेश कुमार यादव अपरजिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा मां देवी सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर और फूल माला अर्पित कर किया गया। कार्यशाला में अपरजिलाधिकारी राजेश कुमार द्वारा जलजीवन मिशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया की हरौलीपुर तथा पत्योरा डांडा सतही परियोजना के माध्यम से जनपद सभी घरों में टोटी वाले नल से जल पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन आप लोगो के सहयोग के बिना पूरा नही की जा सकता इसी को ध्यान में रखते हुए आज जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जल जीवन मिशन में ग्राम पेयजल एवम स्वच्छता समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा पेयजल का संरक्षण और संवर्धन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसी क्रम में अपरजिलाधिकारी न्यायिक नागेंद्र नाथ ने पानी के महत्व और पानी के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक डा॰ मनोज प्रजापति ने बाताया बुंदेलखण्ड वर्षो से पानी की कमी का सामना कर रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री जी द्वारा जलजीवन मिशन की स्थापना की गई है इसके द्वारा जनपद के सभी घरों में नल कनेक्शन किए जा रहे जिससे आने वाले समय में सभी को शुद्ध और निरंतर पानी मिलेगा लेकिन इसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी आप लोगो को लेनी होगी। कार्यशाला में यूनोप्स के जिला सलाहकार सिद्धगोपाल त्रिवेदी ने पानी की शुद्धता की जांच की विधियों की जानकारी और पानी का परीक्षण कर दिखाया तथा अशुद्ध पानी से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया। कार्यशाला में प्रशिक्षक शालिनी शर्मा और अशोक सिंह ने जलजीवन मिशन के महत्व, उद्देश्यों, पानी समिति के कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में बताया।

## गौवंशीय पशु को कुचलने वालों की गिरफ्तारी न होने पर भड़के गौरक्षक

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली इलाके की काशीराम कॉलोनी में 29 सितंबर की रात गौवंशीय पशु को कुचलकर मार देने के मामले में छह एक सप्ताह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी एवं मामले की एफआईआर गौवध अधिनियम की धाराओं में न करने से आक्रोशित राष्ट्रीय गौरक्षक दल की महिला इकाई ने पुलिस पर मामला दबाने का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी अजीजगंज पर धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि चौकी पर तैनात एक सिपाही तहरीर को दबाए रहा। सभी ने एक स्वर में सिपाही के खिलाफ कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

# ग्राम पुकारी में गरजा बाबा का बुलडोजर

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जनपद की तहसील नरैनी कोतवाली क्षेत्र नरैनी के ग्राम पुकारी में चतुर्वेदी परिवार के सदस्यों की जमीन थी जिन्होंने मंदिर निर्माण के लिये उक्त जमीन दान की थी जिसमें समस्त ग्राम वासियों के द्वारा बडौरा बाबा का मंदिर बनवाया गया था जंहा हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर 13जनवरी से15जनवरी तक तीन दिन मेला लगता है वहीं बड़ौरा बाबा का भंडार ग्रह का निर्माण पुल के ठेकेदारो ने करवाया था जिसमें भंडारा आदि का कार्यक्रम श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता था और आज भी किया जा रहा था। ज्ञात हो इसी मंदिर एंव भंडार ग्रह के बगल से शमसान की भूमि है जंहा पर हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग अपने रीति रिवाज से अपने अपने दिवंगत सदस्यों के कृतकांडो को अंजाम देते चले आ रहे हैं और उसी सार्वजनिक जगह पर दस वर्ष पहले ग्राम प्रधान द्वारा एक हरिजन के नाम उक्त भूमि पर 19 बिस्वा का लगभग पट्टा कर दिया गया जिसमें कुछ समय बाद नसीब एंव रहीश निवासी रंजीत पुर ने अपने माफिक के हरिजन को जमीन उक्त पट्टेदार से खरीदवा ली और उसकी आड़ में स्वयं इन दबंगों ने दबंगई के साथ इस ग्रामसभा की सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करते हुये अवैध निर्माण कर लिया जबकि उक्त नंबर के क्षेत्रफल एवं रक्बा का विस्तार आज इनकी दबंगई के चलते ज्यादा है इस सम्बंध में जब ग्राम वासियों ने विरोध करते हुये प्रशासन का दरवाजा खटखटाया तब जाकर तेज तर्रार न्यायप्रिय जिलाधिकारी बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल के आदेशानुसार प्रशासनिक अमला हरकत में आया और अधिकारियों द्वारा जब पैमाइश की गई।

# राठ में फर्जी स्कूलों की भरमार

- नियमों को ताक पर रखकर हो रहे संचालित

अवधनामा संवाददाता



**राठ- हमीरपुर।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में फर्जी स्कूलों की भरमार हो गई है। कान्वेंट स्कूलों की तर्ज पर खुले निजी तथाकथित स्कूलों से लगातार शिक्षा का स्तर गिरने लगा है। इस बात से अभिभावक परिचित हैं, लेकिन महंगाई के इस दौर में उनके पास और कोई चारा नहीं है। अभिभावक स्कूल के खिलाफ विरोध जताने के बजाए बच्चों को पढ़ाने के लिए मजबूर हैं। वहीं स्कूलों में मानको को ताक पर रखकर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। इसका प्रभाव सीधे-सीधे बच्चों के शैक्षिक स्तर पर पड़ रहा है। कहीं मंदिरों में तो कहीं छोटे से चार कमरों में ऐसे तथाकथित स्कूल संचालित हो रहे हैं। जिसमें बहुतेरे स्कूलों पर प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की खासी मेहरबानी किस कारण बनी हुई है जो समझ से परे है। ये स्कूल तमाम नियमों का उल्लंघन करने वाले पब्लिक स्कूलों में अधिकांश कम शैक्षिक योग्यता वाली शिक्षिकाएं व शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। इससे शिक्षा का स्तर तेजी से गिर रहा है। राठ कस्बे व देहात क्षेत्र के कई पब्लिक स्कूल ऐसे हैं, जहां 12वीं पास छात्र छात्राएं ही शिक्षक के रूप में काम कर रही है। वहीं निजी स्कूलों में शिक्षकों के लिए बीटीसी या बीएड उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। वहीं देहात क्षेत्र के अधिकांश स्कूल घरों में संचालित हो रहे हैं। स्कूल की मान्यता लेने, बच्चों से फीस के नाम पर आने वाले शुल्क की 80 प्रतिशत राशि स्कूल के स्टाफ पर खर्च करना, स्कूल की बिल्डिंग भूकंपरोधी होना आदि भी नियमों में शामिल किया गया है। विभागीय मिलीभगत से यहां निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं। जो मासूम बच्चों के लिए उनके आगामी भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं। कस्बे में ऐसे फर्जी स्कूलों की बाढ़ आ गई है। जो कस्बे के सागर तालाब के पास, सैना रोड, हमीरपुर रोड, चरखारी रोड , कुर्रा रोड सहित तमाम जगह संचालित हो रहे हैं। अगर जांच कराई जाए तो बहुतेरे स्कूल बिना मान्यता और मानकों को ताक पर रख कर संचालित हो रहे हैं। जिनपर प्रशासन अज्ञात कारण से मेहरबान बना है तो कुछेक स्कूलों में कार्यवाही से डरता भी है। इस सम्बंध में एबीएसए राठ ने बताया कि वो अब कार्यवाही करेंगे।

# नगरीय परिवहन की बसों में ‘कॉमन मोबिलिटी कार्ड’ सेवा शुरू

## व्यापक उपयोग के लिए इस कार्ड को आगे नेशनल मोबिलिटी कार्ड से संबद्ध कर हॉलिस्टिक बनाया जाएगाः नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढाते हुये आज नगरीय परिवहन की बसों में किराये के कैशलेस लेनदेन हेतु यात्रियों को डिजिटल कार्ड उपलब्ध कराने तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए ‘कॉमन मोबिलिटी कार्ड‘ का शुभारभ कार्ड को टिंकटिंग मंशीन में स्वाइप कर किया। इसके के लिए उन्होंने डिजिटल कार्ड ‘व्दम न्च् व्दम ब्तक‘ की लाचिंग की। इस कार्ड के माध्यम से यात्री किराये का भुगतान कैशलेस कर सकेंगे। इस कार्ड के माध्यम से टिकट क्रय करने पर यात्रियों को 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह कार्ड प्रीपेड होगा और निःशुल्क दिया जायेगा।

नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा ने आज जल निगम के फील्ड हॉस्टल ‘संगम‘ में नगीरय बसों में कैशलेस लेनदेन हेतु इस डिजिटल कार्ड के शुभारम्भ पर कहां की सर्वप्रथम लखनऊ में संचालित नगरीय परिवहन की सभी सीएनजी, डीजल, इलेक्ट्रिक की 270 बसों में इस सुविधा का लाभ मिलेगा। इसके पश्चात प्रदेश के 13 अन्य बड़े शहरों में भी इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज रेहड़ी-पटरी वाले, वेण्डर, समोसा चाय बनाने वाले भी डिजिटल पेमेंट के माध्यम से लेनदेन कर रहे हैं, नगरीय परिवहन में यह व्यवस्था लागू करने से लोगों को फायदा ही होगा। उन्होंने



मंत्री ने इस यात्रा से लखनऊवासियों को अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का संदेश दिया

कहा कि इसका व्यापक उपयोग लोग कर सके, चाहे माल हो व मेट्रो या अन्य स्थान इसके लिए आगे इसे नेशनल मोबिलिटी कार्ड के आने पर उससे संबद्ध किया जाएगा और इसे हॉलिस्टिक बनाया जाएगा। उन्होंने इस सुविधा को नगर के टेंपो, टैक्सी, ई-रिक्शा तक ले जाने तथा कम दूरी तक के लिए भी इस सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने हेतु प्राइवेट ट्रांसपोर्ट से भी जोड़ने के लिए मोबिल्टी ऐप बनाने का भी सुझाव दिया, जिससे नगरवासियों को अपने निजी वाहनों को कम निकालना पड़े और इस कार्ड के माध्यम से उन्हें अपने गंतव्य तक परिवहन की सुविधा भी आसानी से मिल जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन के बेहतर होने से लोगों को जाम, प्रदूषण, शोरगुल आदि की समस्याओं से भी मुक्ति मिलेगी। साथ ही वातावरण भी शुद्ध रहेगा। आने वाले समय में शहरवासियों को इसके प्रयोग का बेहतर अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि अभी इस कार्ड में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। आगे माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में महिलाओं और विद्यार्थियों को अलग से और ज्यादा छूट प्रदान करने की मंशा है। उन्होंने बसों में, बस स्टेशनों में तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों में इसका प्रचार प्रसार कराने को कहा। यह कार्ड बस में कंडक्टर से तथा बस स्टेशनों में भी मिलेगा। एक बार चार्ज खत्म होने पर ऑनलाइन चार्ज की व्यवस्था रहेगी,जो की बसों में भी उपलब्ध रहेगी।

लखनऊ की कमिश्नर डॉक्टर रोशन जैकब ने नगरीय परिवहन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शहर में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक बसों को शहर के अंदर तथा सीएनजी बसों को शहर के बाहर मोहनलालगंज, दुबग्गा मलिहाबाद के क्षेत्र में चलाया जा रहा। लखनऊ में मेट्रोपॉलिटन व्यवस्था के तहत ही बसों का संचालन किया जा रहा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे घस्तौली चौकी



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे 13200 फीट की ऊंचाई पर चीन बॉर्डर के पास घस्तौली चौकी.. वहां तैनात आईटीबीपी जवानों का हौसला बढ़ाया साथ ही वहां बह रही जल धारा को स्पर्श कर नमन किया। मुख्यमंत्री ने बद्रीनाथ धाम में बन रहे उत्तर प्रदेश के स्टेट गेस्ट हाउस का भी किया निरीक्षण और श्रमिकों से मुलाकात कर जाना उनका हालचाल... फीट की ऊंचाई पर चीन बॉर्डर के पास घस्तौली चौकी, वहां तैनात आईटीबीपी जवानों का हौसला बढ़ाया साथ ही वहां बह रही जल धारा को स्पर्श कर नमन किया। मुख्यमंत्री ने बद्रीनाथ धाम में बन रहे उत्तर प्रदेश के स्टेट गेस्ट हाउस का भी किया निरीक्षणऔर श्रमिकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

## बड़े इमामबाड़े में जश्ने सादिकैन आयोजित



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** पैगम्बर ए रसूल और इमाम जाफरे सादिक अलैहिस्सलाम की विलादत को लेकर महफ़िल व जश्न का सिलसिला बदस्तूर ज़ारी है।इसी सिलसिले की एक जश्ने मैहफिले मकासिदा आसफ़ी बड़े इमामबाड़े में आयोजित किया गया। महफिल के कन्वीनर ख़ुर्शीद रज़ा फतेहपुरी, निजामत मोहम्मद बशाश तथा महफिल को ख़िताब मौलाना मोहम्मद कौनैन ने किया। महफिल में मकामी शायरों ने रसूले ख़ुदा व इमाम जाफरे सादिक अलैहिस्सलाम की शान में अपने अशआर पेश किए।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस मेला कल

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ मे 09 अक्टूबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें टाटा मोटर्स, पंतनगर, उत्तराखण्ड एवं जय भारत मारूति लि. अहमदाबाद गुजरात कंपनियां प्रतिभाग करेगी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम0 ए0 खाँ ने बताया कि दोनो कम्पनियों में जो अभ्यर्थी हाईस्कूल, इण्डटमीडिएट अथवा आईटीआई फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक मैकेनिक, पेन्टर जनरल एवं वायरमैन से उत्तीर्ण किया हो वे रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें कम्पनियो के अनुसार आयुसीमा 18 से 23 एवं 35 वर्ष तथा वेतन रूपये 12,270 से 18,200 प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, कैन्टीन एवं ट्रांसपोर्ट कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में केवल पुरूष अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। 2 कम्पनियों में कुल 600 पदों पर चयन किया जायेगा। इच्छूक अभ्यर्थी 09 अक्टूबर को अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

कांग्रेसियों ने हनुमान मंदिर में आरती कर दीर्घायु की कामना की

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का जन्मदिन शनिवार को सादगी के साथ मनाया गया। कांग्रेसियों ने हनुमान सेतु स्थित हनुमान मंदिर में आरती की दीर्घायु होने की कामना की। वहीं कानपुर रोड स्थित आदर्श कुष्ठाश्रम के मरीजों और तेलीबाग, वृन्दावन स्थित पॉल मर्सी होम में मानसिक दिव्यांग लड़कियों और गरीबों को फल और मिठाई वितरित की गयी। पार्टी प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने कहा कि सामाजिकता, दया, करूणा और प्रेम कांग्रेस की विचारधारा के मुख्य स्तम्भ हैं। कांग्रेसी अपने जीवन का हर क्षण इन्हीं भावों के साथ जीते हैं। उन्होंने कहा कि अजय राय के जन्मदिन पर हनुमान सेतु मंदिर में आरती और पूजा-अर्चना कर दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गयी। पूजा के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं और गरीबों को फल और मिठाई बांटी गयी। इस मौके पर महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, नितान्त सिंह, रमेश मिश्रा, विश्वजीत सिंह, बृजेश सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अंशुमान तिवारी सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे। वहीं पूर्व संगठन मंत्री अमित श्रीवास्तव त्यागी के साथ किश्वर जहां, तालिब सिद्दीकी, फरीद हुसैन, आफताब मोहसिन, जेबा मलिक, फरहान, संदीप पोद् दार आदि ने सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किये।

### विभिन्न जनपदों के लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी के शाहजहांपुर के कटरा विधानसभा सहसंयोजक दीपेश सिंह सहित विभिन्न जनपदों के लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश मुख्यालय में महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव और अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम के समक्ष दीपेश सिंह के साथ आए रिषभ सिंह, सुमित गौतम, अमरजीत सिंह, रामभरोसे श्रीवास्तव, बुधपाल सिंह, अमन चौहान और लखनऊ के बरशाती राम, सन्तवती गौतम, अमरजीत कुमार, देवरिया से मुन्ना लाल गौतम ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# शिल्प समागम मेला का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अनुसूचित जाति विकास निगम, पिछड़ा वर्ग विकास निगम और राष्ट्रीय सफाई कर्मी विकास निगम के माध्यम से लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में शिल्प समागम मेले का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ‘सबका साथ, सबका विकास’ के मूल मंत्र पर आधिरित इस मेले का उद्देश्य लगभग 18 राज्यों के 75 अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और सफाई कर्मचारियों के लाभार्थी को स्टॉल प्रदान कर अपने उत्पादों के प्रदर्शन के साथ साथ बिक्री के लिए बड़ा मंच प्रदान करना है। मंत्रालय की तीन निगमों एनएसएफडीसी,ह्य एनबीसीएफडीसी. और एनएसकेएफडी.सी के दस्तकारों और अन्य लाभार्थियों को, जिन्हें विभिन्न चैनल सहभागियों के माध्यम से सावधि ऋण योजनाओं, माइक्रो फाइनेंस योजनाओं आदि के माध्यम से 5 प्रतिशत ब्याज की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, और इस प्रदर्शनी के माध्यम से उनके उत्पादों की बिक्री और मार्किटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाता है। इस बात की सराहना करता हूं कि शीर्ष निगमों ने देश में विभिन्न ऋण योजनाओं के वित्तपोषण में सराहनीय कार्य किया है और अब तक देश भर में 54 लाख से अधिक लाभार्थियों को कवर करने के लिए रू.17,225 करोड़ की धनराशि वितरित की है।

# अवैध निर्माण को एलडीए ने किया सील

अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर ने कराई सीलिंग

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन जोन-2 और प्रवर्तन जोन-6 की टीम ने शनिवार को अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों को सील किया। लविप्रा अधिकारियों ने अमीनाबाद में अवैध व्यवसायिक निर्माण, बिजनौर व पीजीआई थाना क्षेत्र में 69 रो-हाउसेस भवनों और गीतापल्ली में पांच मंजिला अपार्टमेण्ट को सील किया। सभी निर्माण बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किये जा रहे थे। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अतुल चावला व अन्य की ओर से पीजीआई के हैबतमऊ मवैया के यमुनापुरम में चरन भट्ठा रोड पर लगभग 2800




वर्गफिट क्षेत्रफल में 3 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा हरिद्वार मिश्रा, अरुण तिवारी, अरविंद यादव, सनील यादव और अन्य की ओर से बिजनौर में ओमैक्स बाउण्ड्री के पीछे औरंगाबाद जागीर के खसरा नम्बर 1198 पर लगभग 3 बीघा क्षेत्रफल में 1000-1000 वर्गफिट के 66 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें से 30 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण पूर्व में कराया गया था और वर्तमान में फिनिशिंग का काम चल रहा है, जबकि शेष निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा सुरेन्द्र अवस्थी व अन्य की ओर से गीतापल्ली के हसनपुर में प्लाट/ खसरा नम्बर 58-59 पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए पांच मंजिला अपार्टमेण्ट को पुनः सील करने के आदेश दिये गये थे। शनिवार को सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली व नागेन्द्र मिश्रा ने सीलिंग की कार्रवाई कराई। अमीनाबाद में व्यवसायिक निर्माण सील प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी डी.के. सिंह ने बताया कि अमीनाबाद के बताशे वाली गली में गिरीश गुप्ता व अन्य की ओर से लगभग 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पूर्व में बनी दुकानों के ऊपर प्रथम तल पर अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था। निर्माण के संबंध में कोई स्वीकृत मानचित्र/निर्माण अनुज्ञा पेश नहीं करने पर विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। आदेश पर अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर ने सीलिंग कराई।

### सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे आयोजित

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे आयोजित हुआ, जिसमें कुल 354 फाइलों का निस्तारण किया गया। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर हर शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे आयोजित किया जाता है। श्री वर्मा ने बताया कि शनिवार को आयोजित सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में सभी विशेष कार्याधिकरी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, प्रवर वर्ग सहायक और अभियंतागण अपने अनुभाग की लम्बित फाइलों के साथ उपस्थित हुए। इस दौरान सचिव पवन कुमार गंगवार ने लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की और फाइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्रवाई कराई। इन प्रकरणों का हुआ निस्तारण श्री वर्मा ने बताया कि सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में रिफण्ड की 96, रजिस्ट्री के 16, अभियंत्रण के 37, प्लानिंग के 8, शमन मानचित्र के 4, नामांतरण के 167, गणना के 9 और अधिष्ठान की 17 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया।

# कर्बला जाने की तमन्ना रखने वालों के अरमा अब होंगे पूरे

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मालूम हो अबकी वर्ष अरबाइन से भारतीय अज़ादारो के दल द्वारा ज़ियारत के जज़्बे को अक़ीदत और खुलूस से जोड़कर कर्बला जाने की तमन्ना की फरियाद रौज़े पर पहुचाई गयी थी,इसी में लखनऊ के रहने वाले 31 देशों के सफ़र का तजुर्बा रखने वाले जुझारू ज़ायर सागर मेहदी के जेहन में इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम सलाम के रौज़े पर एक जज़्बा जागा बल्कि ये कहिये कि बशारत हुई,और शुरू कर दिया उन्होंने भारतीय ज़ायरीनों की तमन्ना को पूरा करने का काम,इस कड़ी में महंगे होटल,महंगा फ्लाइट का किराया,महंगे कारवान पर कंट्रोल करने का काम शुरू कर दिया,आपको ये भी बता दे भारत से लाखों शिया समुदाय के साथ सुन्नी सुमदाय और हिन्दू अज़ादार भी



आयुतुल्लाह सिस्तानी साहब के लखनऊ कार्यालय ने ख़ादिमें क़ौम सागर मेहदी एडवोकेट की दरख़्वास्त पर उनको क़ासिद बनाकर इमाम हुसैन अ. के हरम के मुतावल्ली के पास कर्बला इराक भेजा।

हर वर्ष कर्बला जाते है।कथा वाचक मुरारी बाबू भी कर्बला जाने की अपने अनुनाइयो के साथ जाने की तमन्ना रखते है और एलान भी कर चुके है।इसके अलावा श्री श्री रवि शंकर जी इन पवित्र स्थलों की यात्रा कर फ़ैज़याब हो चुके है। सागर मेहदी ने अपने अज़ीज़ दोस्त सेव वक़्फ़ इंडिया के वाईस प्रेसिडेंट और नामचीन अखबार के एडिटर रिज़वान मुस्तफ़ा से बात कर इस मिशन को परवान चढ़ा दिया,कई इंडियन फ्लाइट कंपनियों के साथ इराकी एम्बेसी से बात कर ये मिशन इमामे ज़माना अ फ़ के नायब आयतुल्लाह अल सिस्तानी साहब के भारत में नुमाइंदे आगा अशरफ अली ग़रवी साहब से मुलाक़ात कर अपने मकसद को बताया,आगा ने अपनी टीम से मशविरा कर सागर मेहदी साहब के प्रपोज़ल पर एक खत इमामे हरम के मुतावल्ली को लिखकर दिया,सागर मेहदी नजफ़ पहुच रहे है। नजफ़ में भारतीय ज़ायरीनों का अश्को भरा सलाम पहुचाकर आयतुल्लाह सिस्तानी साहब से मुलाक़ात कर दुआ लेकर वहाँ इंतज़ामात के एक्सपर्ट से मुलाकात करेंगे और फिर वहा से कर्बला जाकर ज़ायरीनों के रुकने खाने पीने के इंतजाम के साथ बगदाद में फ्लाइट की कंपनियों से राब्ता कर गरीब जायरीनों के लिए सस्ती फ्लाइट के साथ,उनके वीजे की रकम कम करने पर इराक के विदेश मंत्रालय के नुमाइंदों से मुलाकात करेगे।

### शरफुन्निसां के ईसाले सवाब के लिए मजलिस आज

**लखनऊ।** मंज़ूर हुसैन रिजवी की पत्नी स्वर्गीया शरफुन्निसां के ईसाले सवाब के लिए रविवार को मजलिसे चेहलुम आयोजित होगी। स्वर्गीया के पुत्र काशिफ रिजवी ने बताया कि हरदोई रोड स्थित कर्बला अब्बास बाग में सुबह 8:30 बजे कुरानख्वानी होगी। 9:30 बजे नायाब और शकील सोजख्वानी करेंगे, जिसके बाद चंदन फैजाबादी, वसी जौनपुरी और मेहदी जौनपुरी अपने कलाम पेश करेंगे। मजलिस को दिल्ली से आए मौलाना कमर सुल्तान खिताब करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस स्वर्गीया के दुबग्गा के न्यू फरीदीपुर स्थित आवास पर सुबह 10 बजे होगी, जिसे जाकिरा ख्वाहर अरशी खिताब करेंगी। स्वर्गीय मोहम्मद निसार नकवी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे देसा रविवार को आयोजित होगा।


# पूर्व से चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनों के संचलन अवधि में विस्तार

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व से चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनों के संचलन अवधि का विस्तार किया है। इन ट्रेनों का समय, ठहराव और मार्ग पूर्ववत रहेंगी। ट्रेन नम्बर 09183 मुम्बई सेण्ट्रल बनारस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचलन 29 नबम्बर तक 9 फेरों के लिए बढ़ाया गया है। ट्रेनों में 09184 बनारस मुम्बई सेण्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का संचलन 1 दिसम्बर तक 09 फेरों के लिए बढ़ाया गया है। ट्रेन नम्बर 09525 ओखा नाहरलगुन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचलन 28 नबम्बर तक 7 फेरों के लिए बढ़ाया है। 09526 नाहरलगुन ओखा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचलन 2 दिसम्बर तक 7 फेरों के लिए बढ़ाया गया है। 09417 अहमदाबाद पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचलन 27 नबम्बर तक 7 फेरों के लिए बढ़ाया है। 09418 पटना अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचलन 28 नबम्बर तक 7 फेरों के लिए बढ़ाया गया है। जलना छपरा और हैदराबाद गोरखपुर के फेरें भी बढ़े 07651 जलना छपरा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का संचलन 29 नबम्बर तक तथा 07652 छपरा जलना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का संचलन 1 दिसम्बर तक सात फेरों के लिए बढ़ाया है। 02575 हैदराबाद गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का संचलन 24 नबम्बर तक तथा 02576 गोरखपुर हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का संचलन 26 नबम्बर तक 8 फेरों के लिए बढ़ाया है।



### रवि किशन ने ट्रेनों के ठहराव पर आभार व्यक्त किया



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर पीपीगंज और कैम्पियरगंज स्टेशनों पर ट्रेन नम्बर 15069 व 15070 गोरखपुर ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस के ठहराव के शुभारम्भ के अवसर पर पीपीगंज एवं कैम्पियरगंज स्टेशनों पर आयोजित समारोहों में सांसद रवि किशन शुक्ला ने इन स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव पर आभार व्यक्त किया। सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि पीपीगंज स्टेशन पर गोरखपुर ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस के ठहराव से क्षेत्रीय जनता की मांग पूरी हुई है। कैम्पियरगंज स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव हो जाने से यहां के लोगों को गोरखपुर एवं लखनऊ आने जाने में सुविधा होगी। समारोहों में विधायक कैम्पियरगंज फतेह बहादुर सिंह के अलावा मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन विक्रम कुमार उपस्थित थे।

### लखनऊ सिटी स्टेशन के विकास का मास्टर प्लान तैयार

**लखनऊ।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ सिटी स्टेशन पर यात्री सुविधाओं से जुड़े काम शुरू हो गये हैं। लखनऊ सिटी स्टेशन के विकास का मास्टर प्लान तैयार किया जा चुका है। इसी के तहत गति शक्ति यूनिट ने काम शुरु कर दिया है। लखनऊ सिटी स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के कार्य के लिए आठ करोड़ खर्च किये जायेंगे। इस रेलवे स्टेशन पर मुख्य प्रवेश द्वार पर सरकुलेटिंग एरिया के विकास समेत कई सुविधाएं यात्रियों को मिलेंगी। इस स्टेशन से प्रतिदिन करीब ढाई हजार यात्री ट्रेन पकडने आते जाते हैं। वहीं यहां चार एक्सप्रेस और एक पैसेंजर ट्रेन का संचालन होता है। यात्री सुविधाओं वाले कार्यों में प्रवेश द्वार से लेकर सरकुलेटिंग एरिया का विकास होगा और एनाउंसमेंट सिस्टम, सोलर प्लांट और वाटर कूलर लगेंगे। एयर कंडीशनर वेटिंग एरिया में एसी और नये शौचालय बनाये जायेंगे। साथ ही कोच, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड और डिजिटल घड़ियां भी लगाई जायेंगी। प्लेटफॉर्म सरफेस और फसाड लाइटिंग अपग्रेड की जायेंगी। स्टेशन के जीर्णोद्धार में पुराने लखनऊ की स्थानीय कला व संस्कृति को भी पेश किया जायेगा।

# दादामियां की दरगाह कौमी यकजहती और भाईचारे का मरकज़

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** हज़रत ख्वाजा मोहम्मद नबी रज़ा शाह अलमारूफ दादा मियाँ र0अ0 के 116वें सालाना उर्स का आगाज़ निहायतही शानो ओ शौक़त के साथ आज से व जावते तौर से शुरू हो गया है। इस दरगाह की सबसे बड़ी बात ये है कि यहाँ सालाना उर्स के मौके पर लाखों की तादात में देश विदेश से श्रद्धालू आते हैं। और अपनी आस्था का इज़हार करते हैं। दादा मियाँ र.अ. ने दुनिया के सामने ऐसी मिसाल पेश की जिसकी रौशनी हर तरफ बिखरी हुई है। आपने अपनी बहुत छोटी सी जिन्दगी में इतना काम कर दिखाया जिसकी मिसाल आज के ज़माने में मिलना मुश्किल ही नही ना मुमकिन



है। इसकी जीती जागती मिसाल मुल्क व बैरूने मुल्क में लाखों की संख्या में फैले हुये आपके मुरीद और अक़ीदतमन्द है। आपका सिलसिला सिलसिला-ए-जहाँगीरीया है। जो सिलसिला-ए-क़ादिरीया, चिश्तिया, सोहरवर्दीया, फिरदौसिया, नक्शबन्दीया, अबुल उलाईया, के मज़मूआ का नाम है। हज़रत ख्वाजा मोहम्मद नबी रज़ा शाह दादा मियाँ का हर साल पाँच रोज़ा उर्स बड़ी शानों शौक़त के साथ हुआ करता है। इम्साल ये उर्से पाक 08 से 12 अक्टूबर 2023 बरोज़ इतवार से जुमेरात आस्ताना दादामियाँ मॉल ऐवेन्यू में होगा, जिसमें जिक्र, मीलाद शरीफ तरही मुशायरा, चादरपोशी, हल्का ए जिक्र महफिले सृमा, आलमी सेमिनार रंगेमहफिल, गुस्ल व संदल शरीफ का प्रोग्राम होगा, जिसमें शरीक होने के लिए मुल्क भर से लाखों लोग तशरीफ लायेंगें, और अपनी मुरादें हासिल करेंगें, उर्स में आये हुये लोंगों की तालीम का भी ख़ास ख्याल रखा जाता है। इसी के उपलक्ष्य में एक आल इण्डिया सेमिनार का प्रोग्राम भी होगा, जिसका उनवान हुसूले मारिफत और शाहे रज़ा होगा,जिसके जरिये दादामियाँ की तालीम को लोंगों के सामने लाया जाएगा। जिसमे मशहूर ओ मारूफ इस्लामिक स्कालर मोहतरम जनाब प्रोफेसर ख्वाजा मोहम्मद इकरामउद्दीन साहब जवाहर लाल नेहरू यूनिर्वसिटी, देहली से तशरीफ ला रहें हैं। इसके अलावा लखनऊ व आसपास के जिले के उलमाए किराम तशरीफ ला रहें हैं। सेमिनार के ज़रीये दादामियाँ की तरह जिन्दगी गुज़ारने का तरीक़ा बताया व सिखाया जायेगा। और उसी के साथ साथ प्रिन्टमीडिया वर्किंगर्जनलिस्ट एसोसीएशन,की तरफ से 10 अक्टूबर को शाम 5 बजे दरगाह शरीफ में चादरपेश की जायेगी। दौरे हाज़िर में अगर फिरका परस्ती और ना इत्तेफाक़ी को दूर करना और इन्सानियत को जिन्दा रखना है तो हमें खानक़ाही सभ्यता को अपनाना पड़ेगा,जिससे हमारी आनेवाली नस्लों को दुश्वारियों का सामना न करना पड़े, और सच पूछिये तो खानक़ाहें ही वक्त की अहम ज़रूरत हैं। जिला महकमा इन्तेज़ामिया ने इस बार भी माकूल इन्तेतज़ाम किये हैं। बल्कि पिछले साल से बेतहर इन्तेज़ामात किये गये हैं।